YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-283 | सोमवार, 17 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से ही संघ चलता है। मानसिकता से हर स्वयंसेवक प्रचारक ही हो जाता है। संघ की यही जीवन शक्ति है। संघ यानी हम लोग स्वयंसेवक हैं। संघ याने स्वयंसेवकों का जीवन और उनका भावबल है। **डॉ. भागवत**


प्रधानमंत्री ने सूरत में बुलेट ट्रेन परियोजना टीम के सदस्यों से बातचीत की 11

मुख्यमंत्री ने त्रिदेव सम्मेलन में कार्यकर्ता से किया संवाद 12


## संक्षेप

### अमेरिका बना रहा है 'बल-आधारित' अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था : ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने रविवार को अमेरिका और उसके कई सहयोगियों पर 'बल-आधारित' अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। श्री अराघची ने तेहरान में 'अंतर्राष्ट्रीय कानून पर हमला: आक्रामकता और रक्षा' शीर्षक से आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा अपनायी गयी 'अंतर्राष्ट्रीय कानून-विरोधी' नीतियों को प्रतिबिंबित करता है। यह 'कानून-आधारित व्यवस्था' के बजाय पश्चिम-केंद्रित व्यवस्था के पक्ष में है। विदेश मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मामलों में युद्ध और हिंसा सामान्य हो गयी है और कुछ सरकारें अब विदेश नीति के एक नियमित उपकरण के रूप में सैन्य बल पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका का यह दादागिरी वाला रवैया उचित नहीं है और ऐसा दृष्टिकोण स्थायी नहीं हो सकता है।

### मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर, मिलिशिया कमांडर माड़वी देवा भी मारा गया

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेज्जी और चिंतागुफा थाना क्षेत्रों की सीमा पर स्थित तुमालपाड़ के जंगल और पहाड़ी इलाके में मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रविवार को मिली जानकारी के मुताबिक, मारे गए माओवादियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। मौके से पुलिस को थ्री नॉट थ्री रायफल, बीजीएल लांचर और भारी मात्रा में गोला-बारूद सहित अन्य सामग्री भी मिली है। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने कि यह मुठभेड़ शनिवार सुबह शुरु हुयी थी और रविवार सुबह सूचना के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया, ''मुठभेड़ स्थल से अब तक माओवादी कैडरों के तीन शव बरामद किए गए हैं। क्षेत्र में अभी भी सुरक्षा बलों की तलाशी जारी है।''

### सीआईके ने अनंतनाग में चिकित्सक के घर पर छापा मारा

**श्रीनगर।** 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' (सीआईके) ने 'सफ़ेदपोश आतंकवादी मॉड्यूल' मामले में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक चिकित्सक के घर पर रविवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके के अधिकारियों ने अनंतनाग इलाके के मलकनाग में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान सीआईके कर्मियों को पता चला कि हरियाणा की एक महिला चिकित्सक घर में किरायेदार के रूप में रह रही थी। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके ने घर से एक मोबाइल फोन जब्त कर लिया जिसकी फॉरेंसिक जांच की जाएगी। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि सूखे मेवों के विक्रेता बिलाल अहमद वानी ने काजीगुंड इलाके में खुद को आग लगाने की कोशिश की।

# वंचित वर्ग का उत्थान डबल इंजन सरकार का ध्येय : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर का केंद्र बिंदु था उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री
- आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा का अनावरण, आयोजित किया गया पासी स्वाभिमान दिवस
- वीरांगना ऊदा देवी, अवंती बाई व झलकारी बाई याद दिलाती हैं कि नारीशक्ति सामर्थ्यवान है: योगी
- भारत की स्वाधीनता में वीरों व वीरांगनाओं का योगदान अविस्मरणीय : मुख्यमंत्री
- योगी ने प्रदेश सरकार के कार्यों को भी गिनाया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत की स्वाधीनता में वीरों व वीरांगनाओं का योगदान अविस्मरणीय है। प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नारीशक्ति का सम्मान, वंचित वर्ग का उत्थान डबल इंजन सरकार का ध्येय है। वीरांगना ऊदा देवी, अवंती बाई व झलकारी बाई याद दिलाती हैं कि नारीशक्ति सामर्थ्यवान है। मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ शौर्य, त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति वीरांगना ऊदा देवी पासी के बलिदान दिवस पर रविवार को उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने पासी स्वाभिमान दिवस को भी संबोधित किया। प्रथम स्वातंत्र्य समर का केंद्र बिंदु उत्तर प्रदेश ही था मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वाधीनता व स्वाधीन भारत में देश की रक्षा के लिए जिन्होंने खुद को समर्पित किया है, डबल इंजन सरकार उनके सम्मान व वर्तमान पीढ़ी के स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ की भूमि अनोखी है। 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर का केंद्र बिंदु उत्तर प्रदेश ही था। शहीद मंगल पांडेय ने बैरकपुर में इसकी हुंकार भरी थी। धन सिंह कोतवाल ने उसे मेरठ में आगे बढ़ाया था। झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई अमर योद्धा के रूप में उसे नेतृत्व दे रही थीं। बिठूर में तात्या टोपे उस लहर को मजबूती प्रदान कर रहे थे। बेगम हजरत महल का भी जिक्र किया और कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी जैसे अमर सेनानियों के साथ मिलकर विदेशी फिरंगियों को भगाने के लिए प्रथम स्वातंत्र्य समर की अमर योद्धा के रूप में वे स्मरण की जाती हैं।

वीरांगना ऊदा देवी न केवल नारी शक्ति, बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए प्रेरणा हैं। अन्याय बड़ा हो तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने विदेशी हुकूमतों की चूलों को हिलाने व अत्याचार का जवाब देने के लिए 16 नवंबर 1857 को लखनऊ के सिकंदरबाग में पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर किया था। उनका नाम इतिहास में अमर हो गया। वीरांगना ऊदा देवी का बलिदान प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए। उन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए देश के क्रांतिकारियों व युवाओं को मार्गदर्शन दिया। डबल इंजन सरकार कर रही विरासत का सम्मान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में विरासत का सम्मान कर रही है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम का मंदिर निर्माण किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाराजा बिजली पासी किले के कार्यक्रमों में मैं गया था। हमारी सरकार ने किले के सुंदरीकरण के साथ ही लाइट एंड साउंड का कार्य भी स्वीकृत किया है, जिससे वर्तमान पीढ़ी इस क्षेत्र के उन सभी योद्धाओं (महाराजा लाखन पासी, सातन पासी, चीता पासी, बिजली पासी, राजा गंगाबख्श ● शेष पेज 11 पर

## दलित समाज की वीरांगनाओं को इतिहास के पन्नों में उचित स्थान नहीं मिला: राजनाथ सिंह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को वृन्दावन योजना में वीरांगना ऊदा देवी पासी की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि दलित, आदिवासी वीरांगनाओं और पिछड़े समुदायों के असंख्य वीरों को इतिहास के पन्नों में उचित स्थान नहीं मिला। इन नायकों को न सिर्फ पढ़ाया जाना चाहिए था बल्कि उनको पूजा भी जाना चाहिए था। महाराजा बिजली पासी, महाराजा सतान पासी, महाराजा लाखन पासी, महाराजा सुहेलदेव, महाराजा छेटा पासी और महाराजा दालदेव, राजा गंगा बख्श रावत, झलकारीबाई, अवंतीबाई और महावीरी देवी, ये वह नाम हैं जो सोने के अक्षरों में अंकित होने योग्य हैं। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने इस वीर समुदाय के इतिहास पर रिसर्च नहीं की। पहले की सरकारों ने कभी भी पासी साम्राज्य के बारे में जानकारी एकत्र करने की कोशिश नहीं की। राजनाथ सिंह ने कहा कि वामपंथी इतिहासकारों ने अपनी सुविधानुसार इतिहास को लिखा, जिसमें दलित और पिछड़े समाज के नेताओं की वीरता और बलिदान को दरकिनार किया गया। पूर्व की सरकारों ने भी पासी और दलित समाज के नायकों को उचित स्थान नहीं दिया। यह हमारा दायित्व है कि हम उस विस्मृत इतिहास को पुनः सामने लाएँ, ताकि पासी समाज जैसे समुदायों का योगदान देश की चेतना में फिर से जीवित हो, क्योंकि राष्ट्र की असली ताकत तभी पूरी तरह प्रकट होती है जब हर वर्ग, हर समुदाय और हर बलिदान को उसका सम्मानजनक स्थान मिले। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब वर्ष 2000 में हमारी एनडीए की सरकार बनीं थी तब हमने राजा बिजली पासी की स्मृति में डाँक टिकट जारी करके उनको श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी उत्तर प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि पासी समाज के वीरों एवं वीरांगनाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। हमारी सरकार ने ऐसे गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है, जिनके योगदान से स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके बलिदान और संघर्ष को याद करना और सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। रक्षा मंत्री ने कहा कि बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक भी बनाया गया है। ऐसा ही भव्य स्मारक महाराजा बिजली पासी का लखनऊ में बनने जा रहा है। इस निर्णय की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है क्योंकि इससे आने वाली पीढ़ी अपने इन वीरों के विषय में और अधिक जानकारी पा सकेगी। मुग़लों के इतिहास को बढ़ा चढ़ाकर बताने वाले इतिहासकारों ने इन नामों को सम्मान नहीं दिया। जिन्होंने अपने पराक्रम, त्याग और संघर्ष से आज़ादी के आंदोलन को मज़बूती दी, उन्हें इतिहास में उचित स्थान नहीं दिया गया जबकि वे भी इस महान यात्रा के समान रूप से भागीदार और नायक थे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आजादी आंदोलन में मदारी पासी का योगदान कौन ही भूल सकता है। मदारी पासी ने अन्याय के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूँका। जब किसानों पर बहुत अधिक लगान लगाया गया तो मदारी पासी 'किसानों के मसीहा' बनकर उभरे। मैं मदारी पासी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पासी समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चाहें वो 1857 की आजादी की पहली लड़ाई हो या अवध किसान सभा आंदोलन, पासी समुदाय ने हमेशा मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है।

## डॉ शाहीन ने लखनऊ, कानपुर और सहारनपुर में खुलवा रखे थे खाते

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- पूरा ब्योरा जुटाया एटीएस ने इसके आधार पर कई लोगों से होगी पूछताछ

लखनऊ। दिल्ली विस्फोट के बाद डॉ. शाहीन के बारे में कई खुलासे हो रहे हैं। अब सामने आया है कि डॉ. शाहीन के लखनऊ, कानपुर और सहारनपुर में बैंक खाते हैं। इन तीनों खातों से लगातार लेन-देन हुआ है। इनमें एक खाता संयुक्त नाम का बताया जा रहा है। इनमें से उसके भाई डॉ. परवेज को भी रकम गई है। एटीएस अब इन खातों के आधार पर ही डॉ. शाहीन से जुड़े लोगों से पूछताछ करेगी। डॉ. परवेज से जम्मू-कश्मीर पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

डॉ. शहीन के अब तब सामने आए बयानों के आधार पर उससे सवाल जवाब हुए। दोनों को आमने-सामने भी बैठाया गया। इस दौरान कई नई बातें सामने आई। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यूपी एटीएस से इन जानकारियों को साझा किया है। एटीएस सूत्रों के मुताबिक डॉ. परवेज लखनऊ में वह सब करता रहा, जो उसकी बहन डॉ. शाहीन कहती थी। एटीएस ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में डॉ. परवेज के करीब रहने वाले डॉक्टरों व कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। इन लोगों ने बताया कि पहले वह बातें करता था पर दो साल से वह बहुत बातें शेयर नहीं करता था। अक्सर अकेले ही बैठा रहता था। रात में ही अधिकतर डयूटी करता था। एटीएस ने इस यूनिवर्सिटी से कुछ फुटेज भी लिए है। इन फुटेज के बारे में एटीएस कुछ बोल नहीं रही है। आईआईएम रोड पर कुछ जगह के फुटेज और देखे एटीएस ने एटीएस की एक टीम दो दिन से आईआईएम रोड के पास कुछ दुकानों व घरों में लगे सीसी कैमरों की फुटेज देख रही है। डॉ. शाहीन और डॉ. परवेज के बैंक खातों के ब्योरे के आधार पर कुछ लोगों को चिन्हित किया है। इनके बारे में पता लगाने के लिए ही ये फुटेज देखे जा रहे हैं।

## तेजस्वी ने हार के लिए बहन रोहिणी को ठहराया जिम्मेदार, फेंकी थी चप्पल

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद लालू प्रसाद यादव के परिवार में भूचाल आ गया है। तेज प्रताप, रोहिणी आचार्य समेत अन्य तेजस्वी और संजय यादव से नाराज हैं। शनिवार को यह मामला तब और बढ़ गया जब लालू और राबड़ी आवास में तेजस्वी ने हार के लिए रोहिणी को जिम्मेदार ठहरा दिया। यहां तक कि उन्होंने चप्पल भी रोहिणी पर फेंकी, जिसके बाद घर की चारदीवारी के भीतर चल रहा झगड़ा सड़क पर आ गया। रोहिणी ने न सिर्फ राजनीति छोड़ने की घोषणा की, बल्कि परिवार से भी नाता तोड़ लिया। सूत्रों के हवाले से इनसाइड स्टोरी बताई है कि आखिर शनिवार को दोपहर में उस समय क्या हुआ था, जब रोहिणी आचार्य के ऊपर चप्पल फेंकी गई। सूत्रों के अनुसार, तेजस्वी और रोहिणी के बीच तीखी बहसबाजी हुई। तेजस्वी ने हार के लिए अपनी बहन ● शेष पेज 11 पर



### लालू को किडनी देकर भी पछताने लगीं रोहिणी

परिवार और राजनीति छोड़ने का ऐलान करने का बाद लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य तेजस्वी और उनके साथियों पर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने रविवार को लगातार दो ट्वीट करके परिवार की कलह सार्वजनिक कर दी। रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर लालू प्रसाद यादव को किडनी देने को लेकर भी पछतावा जाहिर किया और कहा कि उनसे बहुत बड़ा गुनाह हो गया। उन्होंने बताया कि उनसे यहां तक कहा गया कि करोड़ों रुपये लेकर और टिकट लेकर उन्होंने अपनी गंदी किडनी पिता लालू को दी थी। रविवार को दूसरे ट्वीट में रोहिणी ने कहा, 'कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रूपए लिए, टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी.. सभी बेटी बहन, जो शादीशुदा हैं उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा -भाई हो, तो भूल कर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं, अपने भाई, उस घर ● शेष पेज 11 पर

### 34 प्रशिक्षु पीपीएस अफसरों को मिली नई तैनाती

लखनऊ। शासन ने ट्रेनिंग पूरी कर चुके 34 पीपीएस अधिकरियों को नई तैनाती दी है। रविवार को इनके तबादलों का आदेश जारी कर दिया गया। इनमें चार अफसरों को उनके प्रशिक्षण वाले जिले में ही तैनाती दी गई है। डीजीपी मुख्यालय के मुताबिक बसंत सिंह को कुशीनगर से महाराजगंज, संकल्प दीप कुशवाहा को फिरोजाबाद से एटा, प्रतिज्ञा सिंह को हमीरपुर से बांदा, नारायण दत्त मिश्रा को बहराइच में ही नई तैनाती, मयंक मिश्र को गोण्डा से अयोध्या, शशि प्रकाश मिश्र को अयोध्या से एसीपी लखनऊ, ऋतिक कपूर को रायबरेली से सुलतानपुर, हरेकृष्ण शर्मा को हरदोई से एसीपी आगरा, अभिमन्यु त्रिपाठी को लखीमपुर खीरी में ही नई तैनाती, पीयूष कुमार पाण्डेय को बांदा से झांसी, क्रिश राजूपत को मेरठ से मऊ, गायत्री यादव को पीलीभीत से मिर्ज़ापुर, मनोज गंगवार को औरैया, सुधीर सिंह को मेरठ, जयंत यादव को कुशीनगर, रोहिनी यादव को सिद्धार्थनगर, प्रभा पटेल को शामली से हरदोई, आकृति पटेल को शाहजहांपुर से पीलीभीत, अभय वर्मा को इटावा से फतेहगढ़, अभिषेक कुमार को सीतापुर में ही नई तैनाती, ● शेष पेज 11 पर

## सरकार को एसआईआर पर घेरने की तैयारी

एजेंसी

- कांग्रेस ने 12 राज्यों के नेताओं को बुलाया दिल्ली

नयी दिल्ली। बिहार में हार के बाद कांग्रेस पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) 2.0 वाले राज्यों के नेताओं को दिल्ली बुलाया है क्योंकि पार्टी अब नयी रणनीति के साथ जनता के बीच जाना चाहती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार मंगलवार 18 नवंबर को सुबह इंदिरा भवन में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान, निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के पार्टी नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे और इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस एसआईआर मामले को लेकर जनता के बीच नयी रणनीति के तहत जाना चाहती है। क्योंकि मतदाता सूची पुनरीक्षण 2.0 वाले 12 राज्यों में से तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। यही वजह है कि बिहार में मिली हार के बाद पार्टी इन राज्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि इंडिया गठबंधन आगामी लोकसभा सत्र में भी एसआईआर पर जोरदार हंगामा करने की तैयारी में हैं। इस मामले को लेकर नवंबर के अंतिम सप्ताह में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की रामलीला मैदान में बड़ी रैली करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि एसआईआर 2.0 कार्यक्रम शुरू हो चुका है और यह 4 दिसंबर तक चलेगा। चुनाव आयोग 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को जारी की जायेगी।

रालोद के राष्ट्रीय अधिवेशन में जयंत चौधरी फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए

# विपक्ष के पास नेता न नीति, इसलिए हैं फ़ेल : जयंत चौधरी

एजेंसी



मथुरा। केन्द्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के नेता जयंत सिंह चौधरी ने मथुरा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की जनता ने मुझे पहली बार सांसद चुनकर भेजा। आपका प्यार मैं कभी भुला नहीं सकता। आज राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन में मुझे तीन साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए सभी का आभार है। सांसद जयंत चौधरी रविवार को जिले के कोसीकलां में आयोजित राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। पार्टी अधिवेशन में कई राजनीति, सामजिक और आर्थिक प्रस्ताप पारित किए गए।

अधिवेशन में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद जयंत चौधरी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि हम एनडीए के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज विपक्ष के पास परिवार है, नेता और नीति नहीं है, इसलिए विपक्ष फ़ेल है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। जयंत ने पार्टी की नीति को लेकर कहा कि रालोद के सक्रिय सदस्य बनें और चौधरी चरण सिंह की नीतियों को आगे बढ़ाएं। गांव, किसान, गरीब की चर्चा होना ही रालोद की जीत है। आधी आबादी को आगे लाने को लेकर रालोद अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाना होगा। पार्टी नेताओं को महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को शीघ्र आरक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने पार्टी विस्तार पर भी जोर दिया। अधिवेशन में आए पदाधिकारियों व नेताओं से कहा कि पार्टी का विस्तार जरूरी है, आप सभी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि छाता की चीनी मिल बंद पड़ी है, जो हर हाल में चलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने गन्ने का भाव 400 रुपये किया है, हम मिल को फिर से चलवाएंगे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा स्वतंत्रता सेनानी चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती पर देशभर में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर सवा करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि मथुरा की पावन-पौराणिक भूमि पर राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 का सफल आयोजन हुआ। अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने में योगदान देने वाले रालोद परिवार के सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनमानस के प्रति पार्टी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती है। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि यह अधिवेशन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा। किसानों को केंद्र में रखते हुए आर्थिक प्रस्ताव पारित किया गया, युवाओं और महिलाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सामाजिक प्रस्ताव पर सहमति बनी तथा वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका को समझते हुए राजनीतिक प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि रालोद समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितजन, किसान और मजदूर की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिवेशन को सफल बनाने में दिन-रात जुटे सभी साथियों को पार्टी की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, महासचिव अनिल दुबे, प्रदेश महासचिव अंकुर सक्सेना, रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, आरूषी, ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की संभल जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा

# चरणबद्ध तरीके से करें संभल का विकास : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनपद संभल की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने यहां चल रहे विकास कार्यों के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था की भी समीक्षा की। फिर शासन व जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चरणबद्ध तरीके से संभल का विकास करें। संभल का विकास सरकार की प्राथमिकता है। पहले चरण में प्राचीन तीर्थों व कूपों का पुनरुद्धार कराएं। दूसरे चरण में म्यूजियम व लाइट एंड साउंड आदि विकास कार्यों पर फोकस रखें।

मुख्यमंत्री ने संभल में जनपद न्यायालय, कारागार व पीएसी के निर्माण की प्रक्रिया पर जल्द कार्रवाई के लिए भी कहा।

## दूसरे चरण में म्यूजियम, लाइट एंड साउंड आदि कार्यों पर रखें फोकस

मुख्यमंत्री ने राजस्व, गृह, न्याय, धर्मार्थ कार्य, लोक निर्माण, पर्यटन-संस्कृति, नगर विकास समेत कई विभागों के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में 68 तीर्थ व 19 कूप हैं। प्रदेश सरकार इन तीर्थों के जीर्णोद्धार व पहचान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को इन कार्यों को तेज गति से कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कॉम्पलेक्स भवन में सभी विभागों का कार्यालय हो। मुख्यमंत्री को बताया गया कि आवासीय व अनावासीय



भवन के लिए 93 फीसदी भूमि क्रय कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने डीपीआर बनाने के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद न्यायालय, कारागार व पीएसी की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई में भी तेजी लाने को कहा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 24 कोसीय परिक्रमा के साथ ही महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के समीप भूमि अधिग्रहण, सड़क निर्माण व सार्वजनिक सुविधाएं बढ़ाई जाएं। साथ ही महिष्मती नदी के पुनरुद्धार कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नदियां जीवनदायिनी है। सरकार नदियों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। नमामि गंगे के अंतर्गत प्रोजेक्ट तैयार कराकर पुनरुद्धार कार्य में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की वंदन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, अंत्येष्टि स्थल विकास योजना, नगरीय जल विकास योजना, झील/पोखर/तालाब योजना व पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत होने वाले कार्यों की प्रगति के बारे में जाना और निर्देश दिया कि इन कार्यों को शीघ्रता से पूरा करें। मुख्यमंत्री ने सीबीजी प्लांट के निर्माण की कार्रवाई में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

# पर्यावरण, स्वास्थ्य और अध्यात्म का संगम, भागवत कथा में उमड़ा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रतापगढ़। ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव के छठवें दिन पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वास्थ्य जागरूकता और अध्यात्म का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि डॉ. निरुपमा सिंह समाजसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रेरणादायक कार्य कर रही हैं। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह के नेतृत्व में पौधारोपण हुआ और निःशुल्क पौध वितरण किया गया। पर्यावरण विशेषज्ञों ने वनों के महत्व, जलवायु संतुलन और जलवायु परिवर्तन पर विस्तृत जानकारी दी।

एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह 'गोपाल जी' ने महिला स्वास्थ्य को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि स्तन व सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता सर्वोपरि है। पूर्व MLC बृजेश सिंह ने कहा कि डॉ. सिंह जनसेवा की भावना को अपने कार्यों से जीवंत कर रही हैं। दूसरे सत्र में महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय कैंसर की रोकथाम पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

डॉ. सिंह ने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ समाज की नींव है। शाम की कथा में आचार्य राजन दीक्षित जी महाराज ने कालिय मर्दन, चीरहरण और गोवर्धन पूजा की लीलाओं का वर्णन किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर अक्षय प्रताप सिंह 'गोपाल जी' (एमएलसी), वृजभूषण सिंह, बृजेश सिंह, हरीश प्रताप सिंह (सदस्य लोकसेवा आयोग), कल्पराज सिंह, कुलदीप सिंह (सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग), सोनू मोनू (सपा नेता), सुनीता सिंह सहित कई सम्मानित नागरिक व 5000 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। महोत्सव का यह छठवां दिवस पर्यावरण, स्वास्थ्य और अध्यात्म के अनूठे संदेश के साथ सम्पन्न हुआ।

## यमुनानगर पुलिस की बड़ी सफलता, नशे का सौदागर गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी इम्तियाज अहमद को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह क्षेत्र में नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था और लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से नशीला पाउडर तथा एक स्कूटी भी बरामद की है, जिसका उपयोग सप्लाई के दौरान किया जाता था। नैनी कोतवाली पुलिस की टीम ने यह पूरी कार्रवाई की। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि नशीले पदार्थों की सप्लाई किन-किन क्षेत्रों में और किस नेटवर्क के माध्यम से की जा रही थी। टीम इसे नशाखोरी के बड़े नेटवर्क का हिस्सा मानकर आगे की जांच में जुट गई है।

## अतीक के गुर्गों द्वारा सरकारी जमीन कब्जे की जांच शुरू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मरियाडीह क्षेत्र में अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले की जांच तेज हो गई है। आरोप है कि माफिया गिरोह ने गौशाला और ईवीएम वेयरहाउस की लगभग 6 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी जमीन पर कब्जा किया था। शासन ने इस संबंध में दो सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है, जिसने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। एसआईटी टीम में आईजी डॉक्टर बलकार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। टीम ने कब्जे की जमीन, अभिलेखों व संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर तथ्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की है। जांच पूरी होने के बाद एसआईटी द्वारा अपनी विस्तृत गोपनीय रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई सरकारी जमीनों को माफिया कब्जे से मुक्त कराने की बड़ी पहल है।

## सौतेली मां देगी नाबालिग को गुजारा-भत्ता

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि नाबालिग लड़की को सौतेली मां गुजाराऽभत्ता देगी। मामला इस नाबालिग से जुड़ा है जिसकी मां की वर्ष 2009 में मृत्यु हो गई थी। बाद में पिता ने दूसरी शादी कर ली। नाबालिग के पालन-पोषण को लेकर विवाद अदालत पहुंचा, जहां जस्टिस मंजू रानी चौहान की एकल पीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कठोर रुख अपनाते हुए कहा कि नाबालिग के जीवनयापन का जिम्मा परिवार से जुड़े सभी अभिभावकों का होता है। अदालत ने सौतेली मां पर 5 हजार रुपये प्रतिमाह गुजाराऽभत्ता देने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बालिका के हित सर्वोपरि हैं और भरणऽपोषण के मामले में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। फैसला पारिवारिक विवादों में बाल अधिकारों को मजबूती देने वाला माना जा रहा है।

## प्रयागराज एयरपोर्ट रोड पर डिवाइडर की जाली चोरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एयरपोर्ट रोड पर लगे डिवाइडर की दोनों ओर की लोहे की जाली को चोर उखाड़ ले गए। जिस रोड को महाकुंभ 2025 के मद्देनज़र हाल ही में सुंदरकरण व मजबूतीकरण करके तैयार किया गया था, उसी मार्ग पर चोरी की यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के अंधेरे में जाली काटकर ले जाई गई है। घटना सामने आने के बाद नगर निगम और पुलिस विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस मार्ग पर लगातार वीआईपी मूवमेंट होता है, ऐसे में डिवाइडर की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक थी। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। महाकुंभ से पहले इस तरह की घटना ने प्रशासन को सतर्क कर दिया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला, आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज/कौशाम्बी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज मण्डल के कौशाम्बी जिले के थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पीड़िता की शिकायत पर 16 अक्टूबर को दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे वांछित आरोपी अरविंद तिवारी निवासी सेलरहा हाल मुकाम चिल्लीमल थाना सरधुवा चित्रकूट को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी लंबे समय से पीड़िता को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण कर रहा था। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया और संबंधों के दौरान बनाई गई फोटो व वीडियो को वायरल कर ब्लैकमेलिंग करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता ने मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न से परेशान होकर थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज की और मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना पश्चिम शरीरा की टीम ने आरोपी को मेडिकल और आवश्यक प्रक्रिया के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## देश में आज आपातकाल जैसा माहौल-अखिलेश यादव

**लखनऊ/बेंगलुरु।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में आज आपातकाल जैसा माहौल महसूस किया जा रहा है। एक एकरंगी विचारधारा देश के लोगों पर थोपी जा रही है, जिससे समाज में अनावश्यक बहस और दूरी पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता है और सभी भारतीयों को जोड़कर रखना ही सच्ची हिन्दुस्तानियत है। बेंगलुरु में रविवार को आयोजित विजन इंडिया: प्लान, डेवलप, एसेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऐसी बातें राजनीति में ला दी हैं, जिन पर पहले कभी चर्चा नहीं होती थी। समाज में फैल रही नकारात्मकता को विजन इंडिया का सकारात्मक एजेंडा चुनौती देता है। हमारा उद्देश्य लोगों को रूढ़िवाद से दूर ले जाकर प्रगतिशील और समावेशी सोच को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विजन इंडिया का मूल उद्देश्य है एकजुटता, समावेश, समान अवसर और भेदभाव का अंत। समाज के आखिरी व्यक्ति, महिला, किसान, मजदूर और बेरोजगार युवा को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का युवा सकारात्मक सोचता है और दुनिया को जोड़ने की क्षमता रखता है। इसलिए विजन इंडिया की शुरुआत बेंगलुरु जैसे स्टार्टअप हब से की गई। उन्होंने याद किया कि भारत का पहला स्टार्टअप नीति मॉडल समाजवादी सरकार ने 2016 में उत्तर प्रदेश में लागू किया था, जिसने हजारों युवाओं को संभावनाओं से जोड़ दिया। लखनऊ में आईटी सिटी निर्माण, युवाओं को स्थानीय रोजगार देने की नीति, 20 लाख लैपटॉप वितरण जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल डिवाइड कम करने के लिए तकनीक तक समान पहुंच जरूरी है। कई युवाओं ने उन्हीं लैपटॉप्स से पढ़ाई कर नौकरियां प्राप्त कीं और वैश्विक विश्वविद्यालयों तक पहुंचे। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी कृषि, स्टार्टअप, मंडी मॉडर्नाइजेशन, फूड प्रोसेसिंग और स्किल डेवलपमेंट में विशाल संभावनाओं वाला राज्य है। कन्नौज के इत्र उद्योग जैसे उदाहरण बताते हैं कि सही नीति से सीधे किसान को लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि विजन इंडिया कार्यक्रमों से प्राप्त सुझावों को नीति निर्माण में शामिल किया जाएगा।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 25 नवंबर को दूसरा बड़ा आयोजन

# प्रधानमंत्री होंगे शामिल, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में भगवान राम की नगरी अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा देश-विदेश की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में भारी भीड़ और वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। खासतौर पर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट के भीतर और बाहर तैनात सभी कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। राजनैतिक और बॉलीवुड से जुड़ी कई बड़ी हस्तियों को निमंत्रण भेजा गया है। इनके चार्टर्ड विमानों से पहुंचने की संभावना को देखते हुए एयरपोर्ट पर वीआईपी मूवमेंट बढ़ने की संभावना है। इसलिए सुरक्षा बलों ने तैयारियों और तेज कर दिया है। एयरपोर्ट के आसपास स्थित होटल, होमस्टे और आवासीय परिसरों की गहन जांच चल रही है। 24 से 25 नवंबर के बीच यहां ठहरने वाले सभी यात्रियों का अनिवार्य वेरिफिकेशन किया जाएगा। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई होगी। एनएसजी, सीआरपीएफ, एसपीजी, आईबी और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से सुरक्षा प्रबंधन संभाल रही हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वीआईपी मूवमेंट के बावजूद सामान्य उड़ानों का संचालन बाधित नहीं होगा। केवल वीआईपी आगमन-प्रस्थान के दौरान विशेष प्रोटोकॉल लागू किए जाएंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ग्राउंड स्टाफ, सुरक्षा कर्मियों, केटरिंग स्टाफ और मजदूरों सहित सभी कर्मचारियों का बैकग्राउंड वेरिफिकेशन शुरू कर दिया है। रिपोर्ट क्लियर होने पर ही उन्हें ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री



मोदी के विशेष विमान से पहुंचने की संभावित टाइमिंग को देखते हुए एयरपोर्ट पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। सुबह 9 से 11 बजे के बीच निर्धारित दो कमर्शियल फ्लाइट्स के संचालन के दौरान यात्रियों को समय-समय पर संदेश भेजकर बुलाने या रोके जाने के निर्णय यहीं से लिए जाएंगे। प्रशासन का निर्देश है कि किसी भी स्थिति में यात्रियों को अनावश्यक परेशानी न हो। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह ध्वजारोहण समारोह अयोध्या में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कार्यक्रम है। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और परंपरागत रूप से भगवा ध्वज फहराने की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम के चलते अयोध्या में उत्सव जैसा माहौल है, जबकि सुरक्षा एजेंसियां बराबर चौकन्नी हैं। योगी सरकार अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अयोध्या की पहचान को और मजबूत करेगा। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुके ने बताया कि मेहमानों की सुरक्षा और कार्यक्रम की सफलता हमारी पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं हर स्तर की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आम जनता को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। सभी व्यवस्थाएं इस तरह की जा रही हैं कि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके और लाखों श्रद्धालु टीवी व सोशल मीडिया के माध्यम से इस ऐतिहासिक क्षण का आनंद ले सकें।



केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# महिला ने पट्टीदारों पर तोड़फोड़, धमकी और अवैध कब्जे का लगाया आरोप, सुरक्षा की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज/ कौशाम्बी। कौशाम्बी जिले के थाना मंझनपुर क्षेत्र के टेवा गांव में रहने वाली कौशल्या देवी ने पट्टीदारों पर पिलर तोड़फोड़, चोरी, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और अवैध कब्जे की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि वह बीते कई दिनों से परिवार सहित भयभीत है क्योंकि आरोपी लगातार उन्हें डरानेऽधमकाने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, विवाद के दौरान कुछ लोगों ने उनके बन रहे घर का सामान तोड़ दिया और घरेलू वस्तुएं गायब कर दीं। उन्होंने बताया कि स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने 112 नंबर पर 10:16 बजे कॉल कर पुलिस को सूचना दी। शिकायत में कहा गया है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और समझौते के लिए धमका रहे हैं।



कौशल्या देवी का आरोप है कि उनके घर पर काम कर रहे लेबरों को भी धमकाया गया। उन्होंने बताया कि विवेक, बबलू, अंजली तथा उनके परिवार वाले लेबरों के घर तक पहुंचे और धमकी दी कि ल्लअगर उसके यहाँ काम करोगे तो मारे जाओगे और फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे। लेबरों को मिली धमकी के बाद वे काम पर आने से डर गए, जिससे पीड़िता के घर के निर्माण कार्य भी प्रभावित हो गए हैं। राजा बाबू और अरविंद उर्फ बबलू ने धमकी दिया हाइब्की उसके रिश्तेदार जितेन्द्र कुमार जो एससी/एसटी आयोग के सदस्य है उनकी वजह से सब देख लेंगे कुछ नहीं होगा । कहा एक फोन कराऊंगा थाना पुलिस सब चुप हो जाएगी । पीड़िता ने जितेन्द्र कुमार पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है । पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के पीछे बबलू के ससुर शैलेन्द्र और राजा बाबू की भी साजिश शामिल है। उनके अनुसार, राजा बाबू ने जबरन वीडियो बनाते हुए इसे वायरल करने की धमकी दी, जिससे परिवार का मानसिक उत्पीड़न बढ़ गया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी समूह जानबूझकर उन्हें डराने, प्रताड़ित करने और उनकी संपत्ति पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है। कौशल्या देवी ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से तोड़फोड़, चोरी, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, आपराधिक षड्यंत्र और अवैध कब्जे जैसे आरोपों पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से जानऽमाल की सुरक्षा प्रदान करने की अपील की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने कहा है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सदस्य पद हेतु बार काउंसिल में अमरेंद्र नाथ सिंह ने किया नामांकन

## नामांकन में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने दिखाया दमखम

## बार काउंसिल यूपी में सदस्य पद हेतु नामांकन दाखिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। अमरेंद्र नाथ सिह बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में सदस्य पद हेतु भारी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ रविवार को लगभग ढाई बजे के करीब अपना नामांकन पत्र शांति सौहार्द पूर्वक दाखिल किए।

सर्वप्रथम हाईकोर्ट इलाहाबाद के पास स्थापित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुँचकर दर्शन किये इसके पश्चात प्रसाद वितरण कर मुह मीठा कराये इसके पश्चात खुद से अपना नामांकन फार्म भरकर भारी संख्या में



अधिवक्ताओं के साथ बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश कार्यालय पहुचकर लगभग ढाई बजे अपना नामांकन पत्र शांति पूर्वक दाखिल किए इसके पश्चात सभी अधिवक्ता साथियों से शिस्टाचार भेंट किये अमरेंद्र नाथ सिह वर्तमान में सदस्य भी है इसके पहले भी कई वर्ष से सदस्य लगातार है साथ ही हाईकोर्ट इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता व हाईकोर्ट इलाहाबाद के अध्यक्ष भी रह चुके है अमरेंद्र नाथ सिह एक अच्छे वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में जाने जाते है नामांकन में भारी संख्या में मौजूद अधिवक्ताओं ने पूरा भरोसा जताया कि भारी बहुमत के साथ पुनः से विजई बनाने व सदस्य बनाये रखने में पूरा सहयोग सबका रहेगा आपकी जीत हर अधिवक्ता की जीत होगी।

# बिहार चुनाव 'फ्री एंड फ़ेयर' होते तो बसपा और सीटें जीतती : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार विधानसभा की हालिया रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार सतीश कुमार सिंह यादव की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी लोगों ने अथक परिश्रम किया और पूरे समर्पण के साथ उम्मीदवार को विजयी बनाने में योगदान दिया है। सुश्री मााायावती ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि वोटों की गिनती कई बार कराए जाने के बहाने विपक्षी दलों ने बसपा उम्मीदवार को हराने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पार्टी के साहसी कार्यकर्ताओं के डटे रहने से विरोधियों की यह कोशिश सफल नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि बिहार के इस क्षेत्र की अन्य सीटों पर भी बसपा उम्मीदवारों ने कड़ी टक्कर दी, फिर भी परिणाम उनके पक्ष में नहीं आए। उन्होंने दावा किया कि फीडबैक के अनुसार यदि चुनाव पूरी तरह ''फ्री एंड फ़ेयर'' होते तो पार्टी जरूर कई और सीटें जीत सकती थी। उन्होंने कहा कि इन परिणामों से पार्टी को हताश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि और अधिक तैयारी और मजबूती के साथ काम करते रहने की जरूरत है। मायावती ने चुनाव में खूनऽपसीना बहाकर मेहनत करने वाले सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का हृदय से आभार जताया। बसपा सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगे भी पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ बिहार में सक्रिय रहने का आह्वान किया ताकि बिहार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के सपनों के अनुरूप ''सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय'' की धरती बनाया जा सके।

# सदस्य बार काउंसिल पद के प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया नामांकन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के प्रत्याशी डॉ.वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव,एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ,ने रविवार को प्रयागराज स्थित बार काउंसिल कार्यालय में अपना नामांकन पत्र अधिवक्ता साथियों के साथ दाखिल किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं और समाज के सम्मानित वरिष्ठ जनों की अत्याधिक उपस्थिति ने नामांकन कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। सभी ने डॉ.यादव के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताते हुए उन्हें विजय का आशीर्वाद प्रदान किया।डॉ.यादव के घोषणापत्र के मुख्य बिंदु वरिष्ठ अधिवक्ताओं को पच्चीस हज़ार मासिक सम्मान भत्ता,जूनियर अधिवक्ताओं को दस हज़ार प्रतिमास सहयोग राशि,कम ब्याज पर ऋण/लोन सुविधा, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा,पक्के चैंबर, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से छूट, रेलवे रिज़र्वेशन में विशेष प्राथमिकता, प्रयागराज एवं लखनऊ में निःशुल्क आवास व्यवस्था, बार काउंसिल की वेबसाइट को पारदर्शी और आधुनिक बनाना,लिस्टिंग और सुनवाई से संबंधित समस्याओं का स्थायी समाधान सहित अन्य बिंदु रहे। इस मौक़े पर डॉ यादव ने आश्वस्त किया कि अधिवक्ताओं की गरिमा, अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा के लिए वे पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे।नामांकन के इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जे.के.सिन्हा, एस.सी.गुप्ता, रामसागर यादव अम्बेडकर नगर,अनुपम मिश्रा,राहुल सरोज,मनोज यादव, सौरभ,सुभाष गौतम व बलराम यादव, गोविंद यादव,अनुराग पांडे,राजीव यादव, कमलेंद्र प्रताप सिंह, शिवकुमार, सौरभ, लालू प्रसाद यादव,दिनेश प्रताप सिंह

वैद्य अजय वर्मा,साबिर अली,राजेंद्र यादव,रविंद्र यादव, शिव चितांबर,मनमोहन शुक्ला,कर्नल राजेंद्र प्रसाद यादव,मेजर एस.पी.शाक्य,आर एस मानव,आर एन चौधरी,कृष्ण कुमार गुप्ता,दिग्वेंद्र रावत, राजीव वर्मा, बृजेश रावत सहित अन्य कई जनपदों के भी अधिवक्ता शामिल रहे।

# मेले में 5000 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह के निर्देश पर सभी जिला स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षकों और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया ।इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.एच.सिद्दीकी ने रहीम नगर, खुर्रम नगर और महानगर ,डॉ. गोपीलाल ने सुग्गामऊ, आदिल नगर और जरहरा डॉ बी एन यादव ने आईआईएम रोड, जानकीपुरम और डुडोली डॉ एके सिंघल ने उजरियाव, जुगौली और गवरी डॉ एपी मिश्र ने नाका, मवैया और राजेंद्र नगर डॉ अनिल श्रीवास्तव ने पटेल नगर ,बालू अड्डा और भरवारा डॉ अमिताभ श्रीवास्तव ने सहादतगंज तोपदरवाजा और कश्मीरी मोहल्ला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इसी के साथ समस्त उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ,समस्त अधीक्षक एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने अपने आवंटित पीएचसी का निरीक्षण किया ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इन स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से गर्भवती, धात्री, बच्चों, युवा व बुर्जुग सभी को अपने घरों के समीप ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं व उन्हें विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर जागरूक किया जा रहा है ।जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 5221 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 2019 पुरुष, 2496महिलायें और 706 बच्चे शामिल हैं ।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मिल रही हैं यह सेवाएं निम्न प्रकार की थी,प्रसवपूर्व जांचों सहित प्रसवकालीन सेवाएं,सम्पूर्ण टीकाकरण,बच्चों की स्वास्थ्य जांचें, दवाओं तथा संदर्भन,पांच साल के बच्चों में कुपोषण की पहचान कर आवश्यक प्रबंधन,परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग व सेवाएं,टीबी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन जिसमे आकर लोगो कों ना सिर्फ जानकारी प्राप्त हुई बल्कि उनकी बीमारी से संबंधित हर समस्या का निवारण भी किया गया।

## स्कूल से निकली नाबालिग़ छात्रा लापता मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली कक्षा 9 की नाबालिग़ छात्रा स्कूल से निकल कर लापता हो गई नाबालिग़ छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग़ छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। मोहनलालगंज नगर पंचायत के एक गांव में रहने वाले पिता ने मोहनलालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग बेटी उम्र लगभग 14 वर्ष जो मोहनलालगंज के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है वह बीते 14 नवंबर को दोपहर विद्यालय से निकलकर मोहनलालगंज मार्केट के पास अपनी मां से पैसा लेकर घर जाने के लिए निकली थी लेकिन वह घर नहीं पहुंची काफी देर इंतजार करने के बाद मेरे बेटे ने अपनी मां से बहन के बारे में पूछा तो मां ने बताया कि वह काफी देर पहले निकल चुकी है। इसके बाद हम लोगों ने मिलकर उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर नाबालिग़ छात्रा की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर नाबालिग़ लड़की की तलाश के जा रही हैं।

## पार्क एवं पानी की टंकी के पुनर्सुंदरीकरण कार्य का शुभारंभ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पार्षद इस्माईलगंज मुकेश सिंह चौहान द्वारा रतन विहार, ज्ञान विहार एवं मुलायम नगर स्थित पानी की टंकी परिसर एवं पार्क के पुनर्सुंदरीकरण व मरम्मत कार्य की आधारशिला रखी गई।इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने समय-समय पर सड़क, सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश व अन्य बुनियादी सुविधाओं के समुचित प्रबंधन का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने विकास कार्यों के लिए पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया और सकारात्मक पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## साइबर जालसाजों के दो खातों में 25 लाख रुपये फ्रीज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपीपीसीएल से रिटायर डीजीएम ओम प्रकाश नारायण को डिजिटल अरेस्ट कर 47 लाख रुपये ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने जालसाजों के दो खाते फ्रीज कर दिए। दोनों खातों में 25 लाख रुपये भी वापस करा लिए हैं। पुलिस अब गिरोह के सदस्यों की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि जालसाजों ने उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराए थे। ठगी की जानकारी होते ही पीड़ित ओम प्रकाश नारायण ने साइबर क्राइम सेल के शिकायत नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा दी थी। इससे खाते फ्रीज कराने में आसानी हुई। जल्द ही अब फ्रीज कराई हुई रकम ओम प्रकाश नारायण को वापस की जाएगी। जालसाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर ओम प्रकाश को मनी लांड्रिंग के केस में जेल भेजने की धमकी दी थी। जालसाजों ने उन्हें दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 47 लाख रुपये ठग लिए थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि अब मोबाइल नंबर और लोकेशन के आधार पर जालसाजों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## 1.70 लाख ग्राम चौपालों में निपटीं 5.78 लाख समस्याएं

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश हर शुक्रवार को आयोजित होने वाली ग्राम चौपालों में अब तक 5 लाख 78 हजार समस्याओं का निपटारा किया जा चुका है। ग्राम्य विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक प्रदेश में 1 लाख 70 हजार से ज्यादा ग्राम चौपालों का आयोजन हो चुका है। इस शुक्रवार को 1303 ग्राम पंचायतों में चौपाल लगी थी। केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे चौपालों के आयोजन में संजीदगी बरतें। यथासंभव छोटी दिक्कतों का निपटारा मौके पर ही कर दिया जाए। इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के निपटारे के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

## शिक्षकों की समस्याएं दूर कर ही ऑनलाइन व्यवस्था शुरू करने की मांग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने छात्रों-शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए पहले शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि हमने स्पष्ट कहा है कि शासन और सरकार पहले शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करे। विद्यालयों में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करे तथा शिक्षकों को जो अपने गृह जनपद से सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पर विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें निकटतम या अपने गृह जनपद में तैनाती दी जाए।

# वसुधैव कुटुम्बकम की भावना संग महोत्सव संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। सार्वभौमिक भाईचारे एवं सभी प्राणियों के परस्पर संबंधों के विचार को पोषित करता ध्येय वसुधैव कुटुम्बकम (सम्पूर्ण विश्व एक परिवार) को केंद्र में रखते हुए सिटी कान्वेन्ट स्कूल/सिटी कान्वेन्ट इंटर कॉलेज (पारा एवं हंसखेड़ा शाखा), लखनऊ ने रविवार को अपना वार्षिक उत्सव ख्रसी.सी.एस. महोत्सवङ्क बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

प्रत्येक छात्र-छात्रा की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने महोत्सव को तीन पालियों में आयोजित किया। सभी छात्रों के अभिभावकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया, जहाँ उन्होंने उत्साहपूर्वक उपस्थित रहकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता पाठक एवं समाज सेविका श्रीमती रेखा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम को अभिभावकों, मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने खूब सराहा। प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक, शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक रहे।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन अंकित उपाध्याय, प्रिया उपाध्याय, अस्था उपाध्याय, मुन्नी राय, मनीषा सिंह एवं प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटें भाजपा कार्यकर्ता: धर्मपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में पूरी गहनता के साथ जुटकर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है तथा बोगस नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम भी करना है। मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम चल रहा है, हमें गांव, गली, शहर में हर बूथ, हर घर और हर व्यक्ति तक पहुंचना है। धर्मपाल सिंह सहारनपुर में बीएलए-1 एवं मंडल अध्यक्षों तथा मानिटरिंग टीम को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है। भाजपा कार्यकर्ता इस कार्य में जुटें। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से छूट न जाए और कोई भी बोगस नाम मतदाता सूची में शामिल ना रह पाए,इस दोहरी ज़िम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिला एवं विधानसभा स्तर पर वॉररूम तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश स्तर पर बने वॉर रूम से तकनीकी रूप से से जुड़े रहेंगे। संगठनात्मक तालमेल और तकनीकी की सतत निगरानी से अभियान को जन जन का अभियान बनाना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि विधानसभा स्तर पर बीएलए-1 तथा बूथ स्तर पर बीएलए-2 को आपसी सामंजस्य और सहयोग के साथ काम करना है। बीएलए-1 तथा बीएलए-2 के साथ बूथ प्रवासी भी नियुक्त किए गए है। तीनों ही मिलकर कार्य विभाजन करते हुए कार्य करें और बूथ अध्यक्ष को भी साथ लेकर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने की रणनीति बनाकर काम करें। सभी मिलकर बूथ स्तर पर सत्यापन, संपर्क और सूचनाओं के आदान प्रदान का महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। इस व्यवस्था से अभियान को गति भी मिलेगी तथा विश्वसनीयता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। धर्मपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस अभियान में अपने सक्रिय सहयोग और भागीदारी को सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता सूची पूर्णतः प्रमाणित, सत्यापित और त्रुटिहीन तैयार हो सके। प्रमाणित मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है।

## लेखपाल पर लगा मनमानी करने का आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत धौरहरा में कार्यरत लेखपाल अनिल कटियार पर ग्राम समाज में होलिका दहन स्थल के साथ ही अन्य कई स्थानों पर अवैध कब्जा कराए जाने में शामिल बताया जा रहा है। गांव वालो के अनुसार ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जा किए जाने की बात ग्राम प्रधान को भी नहीं मालूम हो पाती है। इसी बात को लेकर ग्राम प्रधान गया प्रसाद ने अपनी नाराजगी जताई है। उनके अनुसार गांव में भूमि प्रबंध समिति का अध्यक्ष ग्राम प्रधान होता है। गांव में होने वाले सभी कार्य भूमि प्रबंध समिति की बैठक में पास होने के बाद किए जाने चाहिए लेकिन धौरहरा गांव में कार्यरत लेखपाल ने इसकी जरूर नहीं कभी नहीं समझी। यह लेखपाल सदैव अपनी मनमानी करता रहता है।

## गिरने की हालत में हो गया बिजली खम्भा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के अर्जुनगंज स्थित मचलखेड़ा गांव में लगा बिजली का खंभा काफी छुक गया है। जो कभी भी गिर सकता है। गांव के रहने वाले बिंद्रा बताते है कि बिजली का खम्भा झुकने मकान पर गिरने का खतरा बढ़ गया गया। अर्जुनगंज पवार हाउस से जुड़े इस गांव में बिजली खंभे को सुधारा न गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीण बताते है कि इस मामले की शिकायत पवार हाउस अर्जुनगंज व आईजीआरएस पर शिकायत की हैं। लेकिन दो दिन बीत गए कोई कार्यवाईं नही की।

## उत्तराखण्ड महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती तट पर लगे उत्तराखण्ड महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का गौरव है। उत्तर प्रदेश ने ही स्व.हेमवतीनंदन बहुगुणा और नारायण दत्त तिवारी को जन्म दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि व देवभूमि पर गौरव होना चाहिए। भक्ति व शक्ति का समन्वय उत्तराखण्ड में है। सोना उगलने वाली धरती है उत्तराखंड। जनरल बिपिन रावत व देश के पहले सीडीएस वीर भूमि व देवभूमि उत्तराखण्ड की देन है। आज भी मां गंगा यमुना, सरयू शारदा वहीं से होकर उत्तर प्रदेश की भूमि को उपजाऊ बना रही हैं। उत्तराखंड में तेजी से विकास हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा. रीता बहुगुणा जोशी, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## बिरसा जयंती उत्सव में विभिन्न जनजातियों के कलाकारों ने पेश किया नृत्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव के चौथे दिन रविवार को पारंपरिक परिधानों में सजा भव्य जनजातीय फैशन शो 'परिधान प्रवाह' मुख्य आकर्षण रहा। देश की विभिन्न जनजातियों के पारंपरिक परिधान, आभूषण, शैली और सांस्कृतिक रंगों को एक ही मंच पर देखने का यह अनूठा अवसर दर्शकों को रोमांचित कर गया। फैशन शो का निर्देशन थारू जनजाति की तारा चौधरी ने किया, जिन्होंने पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक प्रस्तुति के साथ खूबसूरती से पिरोया। रैंप पर कलाकारों का क्रम जम्मू से शुरू हुआ जिसके बाद गोवा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के जनजातीय कलाकार मंच पर उतरे। सभी कलाकार अपने-अपने पारंपरिक परिधानों में गरिमामयी अंदाज़ में रैंप वॉक करते दिखाई दिए। उन्होंने न केवल परिधान प्रदर्शन किया बल्कि अपने पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर करतब व सांस्कृतिक आभा भी प्रस्तुत की। पृष्ठभूमि में बजते आधुनिकता और परंपरा के संगम से तैयार विशेष रैम्प गीत ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। राजस्थान के शनि धानुक के निर्देशन में सहरिया स्वांग की प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान खींचा। कलाकारों ने शरीर पर आकर्षक पेंटिंग बनाकर और मोर पंखों से सजे पारंपरिक परिधानों में 'राम रंग में रंगे' जैसे लोकगीतों के माध्यम से प्रकृति और अध्यात्म का अनूठा समन्वय दिखाया। वानर स्वरूप में प्रस्तुत कलाकार दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण बने रहे और प्रस्तुति ने लोकनाट्य परंपरा का जीवंत अनुभव दिया। गोवा के कृपेश गांवकर के नेतृत्व में प्रस्तुत खारबी नृत्य ने मछुआरा समुदाय के नदी किनारे जाल फेंकने और सामूहिक उत्साह से मछली पकड़ने की पारंपरिक प्रक्रिया को नृत्यरूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव स्थल पर लगाए गए खानपान स्टॉल पर भी रविवार होने के कारण भारी भीड़ रही। अवधी व्यंजन, शकरकंद की चाट, बास्केट चाट से लेकर राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा तक विभिन्न स्वादों के स्टॉल पर लोगों ने जमकर स्वाद का आनंद लिया।

# युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने श्रद्धा से मनाया शहादत दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। रविवार को आशियाना स्थित डार्विन पैराडाइज में युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा 1857 के स्वाधीनता संग्राम की वीरांगना, 36 अंग्रेजों को मार गिराकर मातृभूमि पर प्राण न्यौछावर करने वाली शहीद ऊदा देवी पासी का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान और उनके अदम्य साहस को नई पीढ़ी तक पहुँचाना था। इस आयोजन में संगठन के प्रदेश तथा जिला स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा लोक जनशक्ति पार्टी के लखनऊ जिला उपाध्यक्ष राज रावत ने की। प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, प्रधान महासचिव अभय सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव देवेंद्र तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष चतुर आनंद पांडे, लखनऊ जिला अध्यक्ष के. के. रघुवंशी, उन्नाव जिला अध्यक्ष प्रवीन रावत तथा हरदोई जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने वीरांगना ऊदा देवी के स्मारक चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऊदा देवी पासी जैसे वीर सेनानियों के कारण ही देश में स्वतंत्रता की अलख जली। सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा, महिलाएँ तथा संगठन के कार्यकर्ता इस समारोह में शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वीरांगना ऊदा देवी के शौर्यगाथा को लगातार समाज तक पहुँचाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी उनके बलिदान से प्रेरणा ले सकें।

## राहगीरों के लिए खतरा बनी नीलगाय

लखनऊ। गोसाईगंज के रसूलपुर घुसकर गांव के पास चौकड़ी भरने वाली नीलगाय राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई हैं। वह नील गाय गुरुवार की रात करीब दस बजे नीलगाय एक कार से टकरा गई। कार सड़क के नीचे जाकर पलट गई। चालक को चोटें आईं लेकिन वह बाल बाल बच गया। रसूलपुर घुसकर गांव के पास गोमती नदी के किनारे नीलगाय अक्सर चौकड़ी भरती रहती हैं। इनकी वजह से दुर्घटना का भय बना रहता है। रसूलपुर निवासी राजपाल यादव गुरुवार को नीलगाय से टकरा कर चोटिल हो गए। राजपाल यादव अपने रिश्तेदार और सहायक अभियंता ग्वारी गोमती नगर निवासी अनिरुद्ध यादव को उनके घर छोड़ कर कार यूपी 32 केपी 9212 से घर रसूलपुर लौट रहे थे तभी रात करीब दस बजे नीलगाय दौड़ती हुई सामने आ गई। कार नीलगाय से टकरा कर सड़क के नीचे जाकर पलट गई। क्षतिग्रस्त कार को किसी तरह से रोड पर लाया गया। घटना में चालक राजपाल को चोटें आई लेकिन बाल बाल बच गए जिनका निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जेपीए ने आयोजित की बैठक**

# जेपीए के संरक्षक सदस्य बने प्रभाकर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी के चिनहट क्षेत्र अंतर्गत एक निजी प्रतिष्ठान में जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ में संगठन की बैठक भी हुई। संगठन द्वारा पत्रकारों की स्थिति एवं उनके साथ होने वाली घटनाओं तथा सामाजिक व्यवहार के विषय में वृहद स्तर पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन के नवनियुक्त संरक्षक सदस्य प्रभाकर प्रहराज का अंग वस्त्र देकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। रविवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रभाकर प्रहराज को संगठन के सभी संरक्षक सदस्य पदाधिकारी तथा सदस्यों ने गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों की हर स्तर पर रक्षा सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार को सत्य का आईना बताया। इस मौके पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन संगठन के संरक्षक जोगिंदर सिंह खालसा, शिव शंकर मिश्रा, अशोक यादव, अमित राज यादव, विवेक विश्व पांडे, तथा पदाधिकारी उपाध्यक्ष रवि जयसवाल कोषाध्यक्ष एवं विधि सलाहकार नरसिंह नारायण पांडे, मोहम्मद इकबाल, मंसूर अहमद, सौरभ निगम, दीपक सिंह,राम यादव, विजय शंकर दुबे, धनीश श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह, रंजीत सिंह, प्रियंका, रोशनी, पूर्णिमा, सनी शाह, विनोद सिंह, सनी, मुजम्मिल, समेत भारी संख्या में जर्नलिस्ट प्रोटक्शन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संपूर्णानगर किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संपूर्णानगर खीरी। क्षेत्र के किसानों के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ, जब लंबे इंतजार के बाद किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर का पेराई सत्र 2025-2026 पूरे विधि-विधान के साथ शुरू कर दिया गया। सुबह से ही मिल परिसर में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी और चारों ओर उत्साह का माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी रहे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर मिल की चिमनी से पहली भाप निकलवाकर नए पेराई सत्र का शुभारंभ किया। उनके साथ बड़ी संख्या में किसान, चीनी मिल कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शुभ मुहूर्त में मिल शुरू होने के साथ ही किसानों के चेहरों पर राहत और उम्मीद की चमक साफ झलक रही थी।



उद्घाटन समारोह में प्रधान प्रबंधक रमेश कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह और मिल प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधान प्रबंधक रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पेराई सत्र के लिए मिल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मशीनों की मरम्मत से लेकर तौल केंद्रों की व्यवस्था तक, हर स्तर पर सुधार किया गया है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने गन्ने की आपूर्ति समय से करें, जिससे मिल अधिकतम क्षमता के साथ निरंतर संचालन में बनी रहे। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मिल ने विशेष सहायता व्यवस्था भी तैयार की है।

विधायक रोमी साहनी ने कहा कि संपूर्णानगर चीनी मिल पूरे इलाके की आर्थिक रीढ़ है। इसके शुरू होते ही हजारों परिवारों को रोजगार मिलता है, बाजारों में रौनक लौटती है और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था गति पकड़ती है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन दोनों ही उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को तुरंत निस्तारित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चीनी मिल का धुआं उठना केवल एक उद्योग का संचालन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में विकास की नई सुबह का संकेत है।

मिल के शुभारंभ के साथ ही आसपास के गांवों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला है। ट्रांसपोर्टरों से लेकर मजदूरों तक, हर वर्ग उम्मीद कर रहा है कि आने वाला सीजन बेहतर अवसर लाएगा। किसानों का कहना है कि पेराई सत्र का समय उनके लिए त्योहार जैसा होता है, क्योंकि इससे पूरे वर्ष की मेहनत का फल मिलता है और परिवारों का जीवन सुचारू रूप से चलता है। कुल मिलाकर, संपूर्णानगर में आज का दिन ऐतिहासिक माना जा रहा है। चीनी मिल का संचालन शुरू होते ही पूरे क्षेत्र में विकास, रोजगार और आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत हो गई है।

# भव्य बाल मेले का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा। आर. जे.जे.एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे बाल दिवस के उपलक्ष्य मे एक बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर श्री विजय भार्गव जी ने किया तत्पश्चात उन्होने विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप जयसवाल व विद्यालय प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल जी के साथ मिलकर द्वीप प्रज्वलन के साथ गणेशवंदना करते हुए मेले का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात उन्होने मेले का भ्रमण करते हुए सभी प्रतिभागियो से भेट की। तत्पश्चात मुख्यअतिथि अभिषेक गुप्ता (बब्लू) प्रतिनिधि नगरपालिका परिषद खैराबाद अपने समर्थको सहित बाल मेले की शोभा बढाने के लिये पधारे साथ उन्होने बाल मेले मे उपस्थित बाल व्यापारियो का उत्साहवर्धन भी किया मेधावी बच्चो को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया व नंन्हे मुन्ने बच्चो की स्टालों से सामान खरीद कर उनका उत्साह वर्धन किया।



उन्होने मेले मे आयोजित हान्टेड हाऊस का भी भ्रमण कर मेले के सभी आयोजनो का आन्नद लिया उसके बाद उन्होने मेले मे आयोजित लकी ड्रा के विजेताओ को पुरस्कार वितरित किये।जिसमे प्रथम पुरस्कार एल ई डी टी वी श्रीमती आरती गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार स्मार्ट फोन मोहिनी छात्रा एल के जी व तृतीय पुरस्कार साइकिल आफिफा नाज छात्रा यू के जी व अन्य 22 सान्तव्ना पुरस्कार वितरित किये।मेले मे छात्र छात्राओ व उनके अभिवावको ने काफी आन्नद लिया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल के धन्यवाद अभिभाषण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल, उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव, विद्यालय व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस, मुकेश जयसवाल व क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियो व सभी शिक्षक शिक्षिकाओ सहित विद्यालय के समस्त छात्र छात्राऐ उपस्थित रहे।

# सिकंदराबाद में फिल्मी स्टाइल में मेडिकल व्यवसायी व परिवार को बंधक बनाकर लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका बड़ा उदाहरण चौकी सिकंदराबाद में शनिवार रात देखने को मिला, जहां बाइक सवार चार नकाबपोश लुटेरों ने फिल्मी अंदाज में एक मेडिकल एजेंसी में धावा बोला और लाखों की लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में साफ कैद है, लेकिन 12 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है।



सूत्रों के मुताबिक लुटेरे करीब 8:30 बजे रात दुकान पर पहुंचे। पहले उन्होंने मेडिकल एजेंसी का शटर अंदर से बंद कराया और लगभग 1 लाख 27 हजार रुपये की नकदी लूट ली। इसके बाद घटना ने और खौफनाक रूप ले लिया। बदमाशों ने मेडिकल व्यवसायी को बंधक बनाया और उसे धमकाते हुए दुकान के पीछे स्थित मकान में ले गए, जहां उन्होंने पूरे परिवार को भी बंधक बनाकर लगभग 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में पूरी हो गई और चारों लुटेरे मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि नीमगांव पुलिस ने लुटेरों का पीछा भी किया और दौड़ाकर कुछ दूरी पर पकड़ा, लेकिन बदमाश पुलिस के हाथ से छूटकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। यह जानकारी परिजनों ने दी है, जो पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित मेडिकल व्यवसायी द्वारा तहरीर देने के बावजूद भी नीमगांव पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इससे स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों में भारी नाराजगी है। लोग इसे पुलिस की बड़ी लापरवाही मान रहे हैं और लगातार बढ़ रहे अपराधों पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में चार बाइक सवार नकाबपोश लुटेरों की मौजूदगी साफ दिखाई दे रही है। फुटेज के आधार पर पुलिस की टीमें जांच में जुटी हुई हैं, लेकिन इतनी बड़ी वारदात के बाद भी कार्रवाई की रफ्तार बेहद धीमी है। चौकी सिकंदराबाद जैसे व्यस्त इलाके में नाक के नीचे लूट होने से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

नीमगांव क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह पुलिस की लापरवाही जारी रही, तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे। फिलहाल घटनास्थल पर दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार सदमे में है। पूरे मामले की जांच जारी है, लेकिन पुलिस की सुस्ती को लेकर लोगों में भारी रोष है।

## औरैया पुलिस ने 372 वाहनों का किया चालान

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में यातायात माह के अंतर्गत रविवार को पुलिस ने एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं में 372 चालान किए गए। पांच लाख 11 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्र ने बताया कि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। आने-जाने वाले लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 10 प्रमुख चौराहों व तिराहों पर लगभग 354 लोगों को यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशा न करके वाहन चलाने तथा राह-वीर योजना और इसके तहत मिलने वाली 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी गई। पम्पलेट वितरित कर लोगों को नियम पालन की शपथ भी दिलाई गई। विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन संचालन, प्रेशर हॉर्न व हूटर जैसे उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई की गई। एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं में 372 चालान करते हुए 5 लाख 11 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट वाले ट्रक व डम्परों पर चल रहे अभियान में 59 चालान कर विधिक कार्रवाई की गई।

# शारदानगर रेंज में तेंदुए का हमला, तीन महिलाओं सहित चार लोग घायल, क्षेत्र में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नकहा खीरी । शारदानगर रेंज के जंगल क्षेत्र में तेंदुए के अचानक हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। घटना सकेथूऽडीहपुरवा मार्ग पर उस समय हुई जब कुछ ग्रामीण सामान्य काम से रास्ते से गुजर रहे थे। तभी झाड़ियों से निकले तेंदुए ने अचानक हमला बोल दिया, जिससे तीन महिलाओं सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल लोगों में विनोद गुप्ता भी शामिल हैं, जिन्हें गहरी चोटें आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी तीन महिलाएँ भी चोटिल हुई हैं, जिनका उपचार स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ अचानक झाड़ियों से निकलकर सीधे राहगीरों पर झपटा, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने चीख-पुकार सुनकर दौड़कर घायलों को बचाया और वन विभाग व पुलिस को सूचना दी।



घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम शारदानगर रेंज से मौके पर पहुंची और आसपास के जंगल इलाकों में तेंदुए की तलाश शुरू कर दी है। टीम ने लोगों से अपील की है कि वे इस मार्ग से गुजरते समय सावधानी बरतें और अकेले न निकलें। ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग जंगल किनारे के इलाकों में सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं।

गांव वालों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ बार-बार आबादी वाले क्षेत्रों के करीब दिखाई दे रहा था, लेकिन आज हुए हमले ने पूरे क्षेत्र की चिंता बढ़ा दी है। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। तेंदुए के इस हमले ने नकहा क्षेत्र में दहशत फैला दी है और ग्रामीण प्रशासन से त्वरित सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं। घायल लोगों के उपचार जारी है और वन विभाग तेंदुए के मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# भ्रष्टाचार माफिया से कम नहीं सुंदर लाल जेई शपथ पत्र का दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक जनपद सीतापुर का विकासखंड पहला प्रदेश तक चर्चा का विषय जनता दिखाई पड़ रहा है अगर देखा जाए तो विकासखंड पहला में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो चुकी हैं। शासन प्रशासन में शिकायतें तो कई बार हुई हैं। लेकिन कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हो सकी है। पहला ब्लांक पारा परसादीपुर निवासी सतीश चंद्र पुत्र छोटकन्ने उम्र 48 वर्ष द्वारा शपथ पत्र देकर राष्ट्रहित के लिए उच्च अधिकारियों से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत की गई है। शपथ पत्र में दिए गए बिंदुओं से संबंधित साक्ष्य भी शपथ करता के पास मौजूद है।



शिकायतः जे ई सुंदर लाल वर्मा पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप, जिला अधिकारी से जांच की गुहार

सीतापुर के निवासी सतीश यादव ने जिला अधिकारी सीतापुर को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने जे ई (जूनियर इंजीनियर) सुंदर लाल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सतीश यादव ने अपने शिकायती पत्र के साथ शपथ पत्र भी संलग्न किया है, जिसमें उन्होंने सुंदर लाल वर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है

आय से अधिक संपत्तिः सतीश यादव ने आरोप लगाया है कि जे ई सुंदर लाल वर्मा ने अपनी आय से अधिक संपत्ति बनाई है, जिसमें सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान और कई आलीशान मकान शामिल हैं। - 100 बीघा से अधिक जमीनः सतीश यादव ने दावा किया है कि सुंदर लाल वर्मा के पास 100 बीघा से अधिक जमीन है, जिसके कागजात उन्होंने जिला अधिकारी सीतापुर को सौंप दिए हैं।

- नियम विरुद्ध तैनातीः सतीश यादव ने बताया कि सुंदर लाल वर्मा 27 वर्षों से एक ही ब्लॉक में कार्यरत हैं, जो कि सेवा नियमों के विरुद्ध है।

सतीश यादव का कहना है, ''यदि सुंदर लाल वर्मा की गहन जांच की जाए, तो और भी कई अनियमितताएं और संपत्तियों का खुलासा हो सकता है।'' सतीश यादव ने जिला अधिकारी से अनुरोध किया है कि जे ई सुंदर लाल वर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और अनियमितताओं की जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाए।

# सवर्ण आर्मी की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न आगामी महासम्मेलन की तैयारियों पर मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आज ब्लॉक पहलाङ्क के अंतर्गत फौजी धर्मकंाटा, लालापुर में सवर्ण आर्मी की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी माह प्रस्तावित सवर्ण आर्मी के महासम्मेलन की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महासचिव, सवर्ण आर्मी युवा प्रकोष्ठ श्री अमित मिश्रा ने संगठन विस्तार तथा समाजिक एकता पर बल दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी, समरेंद्र सिंह, शिवम पाण्डे, कपिल श्रीवास्तव, गौरव मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, दुर्गेश सिंह, अकबाल सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित संगठन से जुड़े भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने आगामी महासम्मेलन को ऐतिहासिक व सफल बनाने का संकल्प लिया। संगठन की मजबूती एवं समाज के व्यापक हित के लिए सभी ने एकजुट होकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की।

**फौजी धर्मकंाटा, लालापुर में सवर्ण आर्मी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक**

**सवर्ण आर्मी की सामूहिक बैठक में एकता व संगठन मजबूती पर जोर**

## बाघिन को रेस्क्यू टीम ने सफलतापूर्वक ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा, इलाके में राहत



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पिछले कई दिनों से हलचल मचाने वाली बाघिन को आखिरकार मझगई रेंज की वन विभाग टीम ने सफलतापूर्वक ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही गतिविधियों और ग्रामीण इलाकों के करीब उसकी मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग की रेस्क्यू टीम लंबे समय से बाघिन पर नजर बनाए हुए थी।

सुबह विशेष ऑपरेशन चलाते हुए टीम ने बाघिन को सुरक्षित ट्रेंकुलाइज किया और उसे पकड़कर संरक्षित क्षेत्र में शिफ्ट किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में विशेषज्ञ डॉक्टरों, ट्रैकिंग टीम, दुधवा रिजर्व के अधिकारियों और वनकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरी प्रक्रिया को अत्यंत सावधानी के साथ अंजाम दिया गया ताकि बाघिन को किसी भी प्रकार की चोट न पहुंचे।

बाघिन के बार–बार आबादी वाले क्षेत्रों के करीब आने से ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल था। कई गांवों में लोगों ने शाम ढलते ही बाहर निकलना बंद कर दिया था। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से अब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि बाघिन को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा और उसकी निगरानी लगातार जारी रहेगी।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल किनारे की गतिविधियों के दौरान सावधानी बरतें और किसी भी वन्यजीव की मूवमेंट की जानकारी तुरंत विभाग को दें।

मझगई रेंज में सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दुधवा बफर जोन क्षेत्र में अब माहौल सामान्य होने लगा है और वन विभाग ने इसे एक बड़ी उपलब्धि माना है।

## नाबालिग अपहृताओं को 24 घंटे में सकुशल मुक्त कराने वाली महिला दरोगा सम्मानित

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गोमती जोन के विभिन्न थानों व कार्यालयों से आई कुल 14 महिला पुलिसकर्मियों को आमंत्रित कर उनके साथ लंच भी किया।ढ कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस आयुक्त ने सभी महिला कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और कार्यस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने बाथरूम, पेयजल, मेस व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए। साथ ही, उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध और उससे बचाव के उपायों की जानकारी भी दी।

पुलिस आयुक्त ने थाना कपसेठी की उपनिरीक्षक दिव्या भदौरिया को दो नाबालिग अपहृताओं को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद करने और एक गुमशुदा महिला को सुरक्षित परिजनों तक पहुँचाने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। थाना राजातालाब की उपनिरीक्षक मानसी यादव को दो गुमशुदा महिलाओं को 48 घंटे के भीतर खोजकर उनकी काउंसलिंग आयोजित करने और परिजनों को सुपुर्द करने के लिए सराहना पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। इसी क्रम में थाना राजातालाब की उपनिरीक्षक स्नेहलता शुक्ला को न्यायालय द्वारा निर्गत रिकवरी वारंट से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए और थाना मिर्ज़ामुराद की उपनिरीक्षक अनुजा गोस्वामी को तीन नाबालिग अपहृताओं व एक नाबालिग लड़के को सकुशल बरामद कर परिजनों तक पहुँचाने के लिए, थाना कपसेठी की उपनिरीक्षक मेघा सोलंकी को नाबालिग लड़की को अश्लील फोटो–वीडियो दिखाकर जबरन अपराध करने का प्रयास करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी, एक गुमशुदा महिला की 24 घंटे में बरामदगी और मिशन शक्ति 5.0 के तहत पीड़िताओं के अभियोग पंजीकरण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन वैभव बांगर, अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) नम्रता श्रीवास्तव तथा सहायक पुलिस आयुक्त (लाइन) ईशान सोनी भी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 एंटी रोमियो टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में 'मिशन शक्ति' अभियान फ़ेज 5.0 के तहत महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठायें जा रहे हैं। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों/बीट आदि में जाकर उनमें पड़ने वाले कस्बों/ग्रामों आदि जाकर जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में आज दिनांक 16.11.2025 को पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जनपदीय एंटी रोमियो पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत धार्मिक स्थलों/कोचिंग सेंटरो/पार्क के बाहर एवम् भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निरंतर गश्त करते हुए अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/लड़को से पूछताछ एवम् आवश्यकतानुसार चेतावनी दी जा रही है एवम् बालिकाओ/महिलाओं को चौपाल के माध्यम से उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है तथा साइबर अपराधों, जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर-स्टॉकिंग, से बचने के तरीकों के बारे में भी जानकारी। साथ ही समस्त थानों की पुलिस टीमो द्वारा धार्मिक स्थलों/कोचिंग सेंटरो/पार्क के बाहर एवम् भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/लड़को से पूछताछ एवम् आवश्यकतानुसार चेतावनी दी जा रही है। 'मिशन शक्ति 5.0' में जनपदीय पुलिस का लक्ष्य सिर्फ अपराधों को रोकना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ महिलाएं खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस करें और समाज में बराबरी से योगदान दे सकें। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

# रोटावेटर में फंसकर युवक की दर्दनाक मौत, त्रिकौलिया गांव में मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के निघासन क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां रोटावेटर में फंसकर एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा पढ़ुआ थाना क्षेत्र के त्रिकौलिया गांव में हुआ, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया और लोगों में गहरा दुख व्याप्त है। घटना के अनुसार युवक खेत में रोटावेटर से कृषि कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने के चलते वह मशीन में फंस गया। रोटावेटर के तेज़ ब्लेडों के बीच आने से युवक बुरी तरह घायल हो गया और बचाने का कोई मौका भी नहीं मिल सका। खेत में मौजूद लोगों ने भागकर मशीन बंद की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना पर पढ़ुआ थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। गांव में हादसे की खबर फैलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, घर का माहौल पूरी तरह शोक में डूब गया है।



ग्रामीणों ने बताया कि मृत युवक मेहनती और शांत स्वभाव का था, और खेत में रोजाना काम करता था। अचानक हुए इस हादसे से पूरा त्रिकौलिया गांव सदमे में है। लोग इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कृषि कार्यों के दौरान सुरक्षा सावधानियों पर ध्यान देने की अपील कर रहे हैं। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खेतों में आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल के साथ सतर्कता और सुरक्षा उपायों का पालन कितना ज़रूरी है। फिलहाल गांव में मातम पसरा हुआ है और सभी परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।

# संस्कृति और संस्कार को संजोए रखने का लिया संकल्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। भारतीय युवा चेतना मंच ने कांट ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पलहौरा में हमारी संस्कृति-हमारे संस्कार पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और सभ्यता सर्वश्रेष्ठ है, इन्हें संजोए रखने के लिए युवाओं का जागरूक रहना और वरिष्ठजनों का मार्गदर्शक, प्रेरणादाता बने रहना बहुत जरूरी है। कहा कि हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता ग्रामीणों के हृदय में बसती है। जबकि आधुनिकता ने हमारी सभ्यता और संस्कृति को पाश्चात्य ओर ढकेलने का काम किया है। जिसमें मोबाइल के दुर्पयोग से आजकल के बच्चों और युवाओं में सामाजिक क्रियाकलापों से दूर रहने तथा एकांतवास होने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। जोकि हमारे संस्कारों, संस्कृति पर बड़ा कुठाराघात है। हमें इसे बचाने के लिए मिलकर जागरूकता पैदा करना होगी। मंच के प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा ने भी संस्कृति और संस्कार को संजोए रखने पर बल दिया। संगोष्ठी में सदानंद अग्निहोत्री, अरविंद पांडे, मुकेश त्रिवेदी, शिवानंद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सभी ने संस्कृति और संस्कार को संजोए रखने का संकल्प लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुकेश त्रिवेदी ने की। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम सिसौरा, खपट्टी, भैंसी, मल्हपुर, गढ़चपा आदि के आशीष त्रिवेदी, अश्वनी शुक्ला, रामकिशोर, दीपक, मोहित, सोनू कुशवाह, सुरेश त्रिवेदी, नीरज पाल, रजनीश मिश्रा, विजय तिवारी, श्यामपाल, योगेन्द्र किशन त्यागी, सोनल शर्मा आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़, एक लुटेरे के लगी गोली, लखनऊ रेफर

## दो तमंचे-कारतूस समेत लूटे गए कुल 25 हजार रूपए, चेकबुक आदि बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बीती 06 नवंबर को थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में खाद्य सचिव से हुई तीन लाख रूपए की लूट के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। जबकि मुठभेड़ में लुटेरों के तीसरे साथी के सीने में गोली लगी है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस और लूटे गए कुल 25 हजार रुपए, 02 रजिस्टर, 01 फाइल, 01 चेकबुक, 03 सहकारी कृषक पंजिका पुस्तक, 01 बैग, लूट में प्रयुक्त स्कूटी आदि बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त जनपद हरदोई के थाना पाली क्षेत्र के गांव हडहा मलकापुर का रहने वाला रवि मिश्रा और शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के गांव सपहा का रहने वाला गोपाल उर्फ ओमेंद्र उर्फ मनीष है। जबकि घायल अभियुक्त जनपद हरदोई के गांव अटवा का रहने वाला अब्बास गाजी है।

एसपी ने बताया कि खाद्य सचिव से हुई तीन लाख की लूट के दो अभियुक्त रवि मिश्रा और गोपाल उर्फ उपेन्द्र को लखनऊ एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने दो तमंचे, कारतूस और लूटे गए कुल 25 हजार रुपए, 02 रजिस्टर, 01 फाइल, 01 चेकबुक, 03 सहकारी कृषक पंजिका पुस्तक, 01 बैग, लूट में प्रयुक्त स्कूटी आदि बरामद की है। वहीं, थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस को सूचना मिली कि लूट का तीसरा आरोपी हरदोई का रहने वाला अब्बास गाजी है। सूचना पर पुलिस तीसरे अभियुक्त को गिरफ्तार करने हरदोई पहुंची, तो तीसरा अभियुक्त मोटर साइकिल से भाग निकला। पुलिस टीम ने पीछा किया, तो सेहरामऊ बार्डर पर अभियुक्त अब्बास ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबाबी फायरिंग में अभियुक्त अब्बास को गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। बताया कि बेहतर उपचार के लिए घायल अब्बास को लखनऊ हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग करेंगे विद्याकलश स्कूल के स्काउट एवं गाइड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । सिंहपुर विकास क्षेत्र के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीस नवम्बर से उनतीस नवम्बर आयोजित होने वाली उन्नीसवीं अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग हेतु चयनित हुये हैं। विद्यालय के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ला ने बताया कि विद्यालय के सात स्काउट शैलेश, आकाश, मोहसिन, आदर्श, अविनाश, अनंत एवं वैभव व सात गाइड लक्ष्मी, प्रिया, सोनाक्षी, अनमोल ,पूनम,गरिमा एवं आराधना का चयन दस दिवसीय जंबूरी हेतु हुआ है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक जम्बूरी हेतु विद्यालय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं । विद्यालय के संरक्षक एवं भारत स्काउट एवं गाइड के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 राम कल्प तिवारी ने बताया कि ये 1964 के बाद पहला अवसर है जब उत्तर प्रदेश को उन्नीसवीं जम्बूरी की मेजबानी करने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है । डॉ0 तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के अथक प्रयास से यक ऐतिहासिक जम्बूरी संपन्न होने जा रही है। इस भव्य एवं दिव्य राष्ट्रीय जम्बूरी का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं समापन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू करेंगी। लखनऊ में आयोजित होने वाली इस जम्बूरी में देश के सभी प्रदेशों सहित पन्द्रह अन्य देशों के लगभग साठ हज़ार बच्चे एवं प्रतिनिधि भाग लेंगें।जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और अमेठी जनपद से नब्बे सदस्यों का दल प्रतिभाग करेगा।जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशांक यादव ने बताया कि दिनांक पन्द्रह नवम्बर को सभी प्रतिभागियों को मुख्यालय पर बुला कर तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि विद्याकलश के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ला को जनपद प्रभारी (जम्बूरी)एवं गाइड कैप्टेन जूली मिश्रा को सहायक जनपद प्रभारी (जम्बूरी)नामित किया गया है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी एवं कोषाध्यक्ष डॉ0 जया त्रिपाठी सहित क्षेत्रवासियों व अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# एक किलो से अधिक गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना रौजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पैतापुर मोड़ के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 01 किलो 127 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़ा गया तस्कर थाना रौजा क्षेत्र की मठिया कालोनी का रहने वाला मोहित पुत्र बृजकिशोर उर्फ पप्पू है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वो उत्तराखंड से आने वाले ट्रक ड्राइवरों से कम दामों में गांजा खरीद लेता है और आसपास के क्षेत्रों में महंगे दामों पर बेंच देता है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त मोहित पर पहले से भी थाना रौजा पर चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर एक्ट के करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, रौजा पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मोहित को जेल भेज दिया है और पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## उर्स शरीफ में दरगाह पर अकीदतमंदों ने मांगी दुआएं, कुल शरीफ आज

तिलहर/शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 52वां सालाना उर्स शरीफ शुरू हो गया है। आज 17 नवम्बर को कुल शरीफ होगा। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की सरपरस्ती में मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित दरगाह पर चल रहे उर्स शरीफ में दरगाह पर अकीदतमंदो ने हाजिरी देकर दुआएं मांगी। उर्स शरीफ कुरान खानी के साथ शुरू हुआ और शाम को जलसा हुआ। जिसमें मौलाना जाकिर हुसैन नईमी मुरादाबाद ने कहा कि अल्लाह के वली के दरबार से कोई खाली नहीं जाता है। हमको मांगने का तरीका होना चाहिए। कारी अली अहमद ने नात पेश की। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने बताया कि 17 नवम्बर को सुबह साढ़े दस बजे कुल शरीफ होगा। जिसके बाद कव्वाली होगी और रात में भी कव्वाली का आयोजन होगा। जिसमें रहीस झंकार कव्वाल मुरादाबाद, वसीम वारसी कव्वाल, शमीम जानू कव्वाल को बुलाया गया है। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन ने अधिक से अधिक लोगों से शिरकत करने की अपील की है। इस मौके पर इफ्तिखार चांद साबरी, कासिम वारसी, आसिम, राहतुल्ला खान मौजूद रहे।

## 15 मुकदमा लड़ रहे व्यक्ति को तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा

शिकारपुर (बुलंदशहर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। अहमदगढ़ थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि विभिन्न मामलों और थानों में दर्ज हुए 15 मुकदमा लड़ने वाले कोतवाली नगर बुलंदशहर के धमेडा अड्डा निवासी अकील पुत्र यासीन को 315 बोर के तमंचा और दो कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## घर के बाहर खड़े युवक को पीटा

शिकारपुर (बुलंदशहर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे के मोहल्ला चैनपुरा में घर के बाहर खड़े एक व्यक्ति को दो लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। रितेश उर्फ छोटू पुत्र लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कस्बे के ही मोहल्ला चौक चैनपुरा निवासी किट्टू शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा और शिवराज पुत्र छोटेलाल सागर ने उसके साथ उस समय गाली गलौज की, जब वह घर के बाहर खड़ा था। विरोध करने पर उसकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## युवती का अपहरण

शिकारपुर (बुलंदशहर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे के मोहल्ला कोट कलां निवासी एक युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण होने का मामला सामने आया है। श्रीमती निक्की पत्नी विष्णु कुमार ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री शिवानी लापता हो गई है। घर से मिले उसके मोबाइल पर एक नंबर पर कई बार बात की गई हैं। ट्रू कॉलर पर उक्त नंबर विक्की नाम के युवक का होना पता लगा है। पुलिस ने लापता हुई युवती शिवानी की मां की तहरीर पर विक्की के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

## विद्यालय में पी.ओ.पी. का आयोजन

संभल/बबराला कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में शनिबार को बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल द्विवेदी एवं एकता द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। विद्यालय में पी.ओ.पी. का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों की शिक्षा, विकास एवं अभिभावक–शिक्षक समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। बाल मेले में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल स्टॉल लगाए गए, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन विनीता अग्रवाल एवं नव्या गुप्ता ने किया। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चाचा नेहरू के जीवन एवं उनके बाल प्रेम के बारे में बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक—विनीता अग्रवाल, सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, नव्या गुप्ता, अंजलि, मीनाक्षी मिनोचा, कुमकुम, वर्तिका, समीक्षा, मीनाक्षी यादव, मीनल, रीता कमल, खदीजा शवनाज़, अमित, मोहित, विशाल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नेक्सस ऑफ गुड अवार्ड के चौथे वार्षिक पुरस्कार समारोह 2025 में जिलाधिकारी को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) ।नेक्सस ऑफ गुड फाउंडेशन द्वारा पीएचडी चेम्बर ऑफ कॉमर्स नई दिल्ली के ऑडिटोरियम में आज चौथा वार्षिक पुरस्कार समारोह 2025 के अन्तर्गत जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पैंसिया को जनपद में उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जनपद में प्रशासन, शिक्षा,ग्राम्य विकास,पंचायती राज,नदियों के पुनरुद्धार एवं अन्य क्षेत्रों में किये् जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। दिल्ली में यह अवार्ड रिटायर्ड पूर्व कैबिनेट सचिव भारत सरकार बीके चतुर्वेदी (आईएएस) द्वारा जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट को प्रदान किया गया।नेक्सस ऑफ गुड द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों का उद्देश्य शासन,शिक्षा, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहलों को मान्यता देना है जो समाज में उल्लेखनीय सकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सम्भल के स्वरूप को बदलने के लिए जनपद में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों प्राथमिक शिक्षा की पुनर्कल्पना क, ख, ग, घ मिशन तथा पीएम श्री स्कूल, सम्भल संवाद एप तथा जिला परियोजना निगरानी ईकाई ( डीपीएमयू) , एक जिला पांच नदियाँ के अभियान के अन्तर्गत सम्भल में नदियों के पुनरुद्धार के लिए किए जा रहे कार्य तथा सम्भल में विरासत एवं तीर्थ स्थल पुनर्ग्रहण के अन्तर्गत प्राचीन 68 तीर्थों तथा 19 महा कूपों एवं प्राचीन 24 कोसीय परिक्रमा के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों ,ग्राम्य विकास, आंगनवाड़ी के क्षेत्र तथा पंचायती राज आदि के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिये दिया गया।नेक्सस ऑफ गुड का अर्थ होता है अच्छाइयों का केन्द्र।

नेक्सस ऑफ गुड अवार्ड संघ लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता की ज्यूरी द्वारा जनपद प्रशासन, संस्था तथा व्यक्तियों का चयन किया तथा पूर्व आईपीएस किरण बेदी के एनजीओ सहित अन्य संस्थाओं को भी तथा आंगनबाड़ी में उल्लेखनीय काम करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी को भी प्रदान किया गया। बताते चलें कि नेक्सस ऑफ गुड की स्थापना पूर्व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास सचिव भारत सरकार अनिल स्वरूप द्वारा की गयी।

# जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई)। जनपद प्रशासन संभल के द्वारा कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में भगवान बिरसा मुंडा की 150 में जयंती के अवसर पर पांचवां जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया इस अवसर पर बहजोई इंटर कॉलेज बहजोई, राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन, तोताराम हीरा देवी इंटर कॉलेज बहजोई , सर्वोदय जयप्रकाश नारायण विद्यालय सिहावली के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात स्वागत गान तथा भगवान बिरसा मुंडा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई । सिहावली के विद्यार्थियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विद्यार्थियों ने मनमोहक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए मुख्य विकास अधिकारी ने भगवान बिरसा मुंडा के बारे में कहा कि उन्होंने जल जमीन और जंगल बचाने के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान आंदोलन प्रारंभ किया था वह आदिवासी जनजाति के ही नहीं बल्कि प्रत्येक भारतीय के गौरव हैं उनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और भारत भूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए , जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से संबंधित घटनाओं का उल्लेख किया इस अवसर पर पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, शुभम गुप्ता, रेखा रानी, नरेश कुमार,शुभम शर्मा, नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# किसी भी आयोग चयनित नियमित प्राचार्यों को रास नहीं आया एस.एम. कॉलेज, चंदौसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । उच्च शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा एस. एम. कॉलेज चंदौसी के प्रबंध तंत्र के विरुद्ध उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 57 एवं 58 के कार्यवाही करने की संस्तुति सहित आख्या उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित की गई है। इस संस्तुति में शासन से अनुरोध किया गया है कि माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम में प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु निर्णय लेना चाहे। उक्त धारा 57 प्रबंधतंत्र के खिलाफ शिकायतों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने से संबंधित है। यदि शासन स्पष्टीकरण से संतुष्ट न हो तो धारा 58 के अंतर्गत प्रबंध तंत्र को भंग किए जाने का प्रावधान है।

एस. एम. कॉलेज, चंदौसी में प्रबंधतंत्र एवं आयोग चयनित नियमित प्राचार्य के बीच विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। प्रबंध तंत्र और आयोग चयनित प्राचार्य के बीच जारी घमासान में दो दर्जन से भी अधिक मुकदमे जिला न्यायालय और माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल हुए। इन मुकदमों की मार महाविद्यालय के कई शिक्षक और कर्मचारी भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से झेल रहे हैं। आयोग चयनित प्राचार्य एवं अन्य पर लगाए गए आरोपों के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग पुलिस विभाग, विश्वविद्यालय, महिला आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग, राजस्व परिषद आदि जगह मामले दर्ज हुए। सभी में आयोग जनित प्राचार्य को लगभग सभी जगह से दोष मुक्त कर दिया गया केवल महाविद्यालय स्तर पर हुई जांच के अलावा। यह भी बताते चले कि जाँच अधिकारी प्रबंधक के भाई थे, जो नियमानुसार जांच अधिकारी नहीं होने चाहिए थे। वहीं दूसरी ओर, महाविद्यालय प्रबंध तंत्र एवं सोसाइटी के खिलाफ अनेक शिकायतें हुई जिनमें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विशेष अंकेक्षण आदि तथा विश्वविद्यालय, शासन-प्रशासन द्वारा कई जांच जारी है। सूत्रों कि माने तो महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र द्वारा किसी भी जांच को संपन्न नहीं करने दिया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधतंत्र लगभग हर आदेश के खिलाफ माननीय न्यायालय में वाद दायर कर अपने खिलाफ होने वाली किसी भी जांच से बचने का प्रयास कर रहा है। माननीय न्यायालय में मुकदमे दायर करने के कारण इस महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के खिलाफ कोई भी कार्रवाई संपन्न नहीं हो पा रही है। बर्खास्त किए गए आयोग चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव, आयोग चयनित प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार को उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के उपरांत भी वेतन भत्तों का भुगतान नहीं करने की सूचना हैं। वहीं विश्वविद्यालय द्वारा बहाल की गई डॉ. गीता शर्मा को भी नियमानुसार वेतन/भत्तों का भुगतान नहीं रहा है। ऐसा बताया जाता है कि इन सब परिस्थितियों को देखते हुए और विश्वविद्यालय एवं शासन प्रशासन/उच्च शिक्षा विभाग के आदेशों की लगातार अवहेलना एवं जांच में सहयोग न करने के कारण ही उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा यह संस्तुति की गई बताई जाती है।

उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा दिनांक 11 सितंबर, 2025 को उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव को प्रेषित पत्र के माध्यम से एस. एम. डिग्री कॉलेज, चंदौसी, संभल के प्रबंध तंत्र के विरुद्ध वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितता के संदर्भ में गंभीर आरोप लगाते हुए पत्र भेजा है। जिसमें प्रमुख रूप से उसे शिक्षा विभाग द्वारा वांछित सूचना का ऑपरेशन न कराने, वंचित दस्तावेजों को उपलब्ध न कराने, कालेज में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा भेजी गई विशेष संप्रेषण टीम को कोई भी अभिलेख, साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराने आदि सम्बन्धी आरोप शामिल हैं। इसके अलावा इस पत्र में यह भी कहा गया है कि उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर प्रकरण में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली को अपनी अध्यक्षता में समिति का गठन करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए थे। उक्त प्रदत्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली द्वारा आख्या उपलब्ध कराई गई है कि महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा संबंधित कार्मिकों के वेतन/जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किए जाने वाले संबंधित आदेशों की अनवरत अहेलना करते हुए भुगतान किए जाने से इनकार किया जा रहा है जबकि जांच समिति द्वारा जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाना नियम के अनुसार बताया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय के आदेशों की लगातार अवहेलना के कारण उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा उत्तर प्रदेश को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि महाविद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा विशेष संप्रेषण में अनवरत विभिन्न पत्रों के क्रम में अभिलेख प्रस्तुत न करना जो कि राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 की धारा 40 उप धारा 1 से लेकर 6 के अंतर्गत बाध्यकारी है तथा समिति की स्थलीय जांच अवधि में सहयोग प्रदान न करते हुए माननीय न्यायालय में आयोजित रिट याचिका संख्या का उदाहरण देकर प्रकरण मान्य न्यायालय में से आच्छादित होने के कारण जांच से मना किया जाना समीचीन नहीं है, क्योंकि उक्त याचिका में माननीय न्यायालय द्वारा विशेष सम्प्रेषण किए जाने में किसी प्रकार की रोक या स्थगन आदेश पारित नहीं किया गया है। यह भी कहा गया है कि प्रकरण में क्षेत्रीय कार्यालय की जांच आख्या से भी महाविद्यालय द्वारा अनवरत प्रशासनिक आदेशों की भी अवहेलना की जा रही है। उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि कुलपति-गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा जिलाधिकारी संभल की जांच रिपोर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन को इस महाविद्यालय के विरुद्ध उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 की धारा 58 के अंतर्गत प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किए जाने की संस्तुति की गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा जगत में महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा शासन प्रशासन/उच्च शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय के आदेशों की लगातार अवहेलना के चलते हुए ही जहां शिक्षा जगत एवं क्षेत्र में शासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे थे, वही पीड़ितों को भी सभी जगह से क्लीन चिट मिलने के बाद भी न्याय नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एस. एम. कॉलेज, चंदौसी प्रबंध समिति के खिलाफ जल्दी ही कठोर निर्णय लिए जाने की संभावना जताई जा रही है। प्रकरण के जानकार एवं न्यायिक क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विद्वानों का यह भी कहना है कि माननीय न्यायालय अन्याय के खिलाफ तो संरक्षण दे सकता है, किंतु अन्याय करने की छूट नहीं दे सकता। ऐसी स्थिति में माननीय न्यायालय द्वारा भी शायद ही कोई राहत इस महाविद्यालय की प्रबंध समिति को प्राप्त हो सके। यह भी जानकारी मिल रही है कि बिना पर्यवेक्षक के प्रबंध समिति के चुनाव कराये जाने के कारण अभी तक विश्वविद्यालय से वर्तमान प्रबंध समिति को अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है। यह अनुमोदन एक वैध प्रबंध समिति होने के लिए अनिवार्य बताया जाता है। यह भी बताते चले कि आयोग चयनित नियमित प्राचार्यों को एस. एम. कॉलेज, चंदौसी कभी भी रास नहीं आया। सभी आयोग चयनित नियमित प्राचार्यों को प्रबंधतंत्र के सामने घुटने टेकने पड़े और उन्हें अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही कालेज छोड़कर जाने को मजबूर होना पड़ा। कालेज छोड़कर जाने वाले आयोग चयनित प्राचार्यों में डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. आर. बी. रावल, डॉ. वकुल बंसल, डॉ. ऐ. के. गुप्ता शामिल हैं। आयोग से आये प्राचार्य डॉ. वकुल बंसल के साथ मारपीट एवं जान लेवा हमले के आरोप वर्तमान प्रबंधक एवं पूर्व प्रबंधक (वर्तमान प्रबंधक के पिता) दोनों को ही जेल जाना पड़ा था।

वर्तमान में भी आयोग चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव और कॉलेज प्रबंधतंत्र के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। आरोपों प्रत्यारोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस विवाद में जहाँ कई स्टाफ मोहरा बन गए है तो कुछ अनावश्यक ही कूटे जा रहे हैं। इसके दुष्परिणाम विद्यार्थियों, अभिभावकों, स्टाफ आदि को भुगतने पड़ रहे हैं। इस विवाद में वर्तमान आयोग चयनित प्राचार्य एवं पीड़ित स्टाफ का भविष्य भी काफी हद तक शासन द्वारा अपने अधिकारों के प्रयोग करने एवं कठोर निर्णय लेने पर ही निर्भर करेगा।

# दबंगो के हौसले बुलंद, पंचायत के दौरान भूत पूर्व सैनिक पर धारदार हथियार से हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में स्थित कोयली गांव में पंचायत के दौरान खूनी संघर्ष हुआ है।इसमें भूतपूर्व सैनिक आनंद यादव,कि शन यादव और दशरथ यादव धारदार हथियारों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव के भगवान शंकर (उर्फ उत्तम सिंह) गौरी शंकर सिंह,आलोक सिंह,सत्यम (उर्फ गणेश शंकर सिंह),अतुल सिंह,अंकुश सिंह,राजेश, विजय तिवारी, दीपू तिवारी,श्याम नारायण तिवारी, रवि तिवारी और सौरभ शुक्ला ने एकजुट होक र इन पर धारदार हथियार और अवैध तमंचे से हमला किया है।तीनों घायलों को गोंडा मेडिक ल कॉलेज में भर्ती कराया गया।गंभीर हालत को देखते हुए भूतपूर्व सैनिक आनंद यादव और किशन यादव को बेहतर इलाज के लिए लखन ऊ रेफर कर दिया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दशरथ यादव का इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है,वे भी गंभीर रूप से घायल हैं।घटना की सूचना मिल ते ही देहात कोतवाल संजय कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि घट ना का संज्ञान लेते हुए देहात कोतवाली पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुकद मा दर्ज कर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है।गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सपा का प्रतिनिधिमंडल गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचा है और सभी घायलों से उनका हाल-चाल जाना है सपा जिलाध्यक्ष ने इस पूरे मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित राजेश यादव ने बताया कि मेरे परि वार के लोग रामकुमार यादव के यहां लड़के से झगड़ा हुआ था। गांव के कुछ लोगों का इस पंचायत में गए हुए थे इस दौरान इन लोगों ने पंचायत के फैसले से नाराज होकर के धारदार हथियार से हमला किया है।हम चाहते हैं कि मामले में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई हो हमारे दो लोग बॉर्डर पर सुरक्षा कर रहे हैं और हम लोग मार खा रहे हैं।

# साहब : खरगूपुर थानाध्यक्ष नहीं उठाते सीयूजी, कौन सुने फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के पुलिस अधिकारियों का दावा है कि पब्लिक के लिए गोंडा पुलिस बेहद सजग है किसी भी माध्यम से अपराध की सूचना उस तक पहुंचे तो तत्काल एक्टिव हो जाती है,इस दावे का सच तो अलग मामला सबसे बड़ी बात यह कि पुलिस तक सूचना पहुंचे कैसे...? क्योंकि खरगूपुर थानाध्यक्ष थाने को अपनी जागीर समझते हैं क्योंकि ना तो उन्हें योगी सरकार का डर है थानों के सीयूजी नम्बर तो काम करते हैं लेकिन वहां थानेदार फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते है,क्योंकि ना तो उन्हें योगी सरकार का डर है न अपने उच्चअधि कारियों का डर है उनका तो साफ-साफ कहना है जहां मेरी शिकायत करनी हो कर दीजिए।मैं पहले इस थाने पर तैनात था अब मुझे यहां थानेदार बनाकर भेजा गया है।एक प्रकरण की शिकायत के लिए पीड़ित ने थानेदार के सीयूजी नम्बर पर कई बार फोन कि या थानेदार के मोबाइल की घंटी बजती रही रही लेकिन थानेदार साहब ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा और फोन नहीं उठाया।

### डीजीपी का फरमान बेअसर



उत्तर प्रदेश के डीजीपी का फरमान है कि पुलि स थानों का कम्युनिकेशन बिल्कुल ठीक होना चाहिए,ताकि पब्लिक किसी आपात स्थिति में मदद के लिए तत्काल पुलिस तक अपनी बात पहुंचा सके,पब्लिक से प्रॉपर कम्युनिकेशन के लिए हर थानों को सीयूजी नम्बर फोन मुहैया कराया गया है यह बेहद कारगर साबित होता है सबको पता है कि थानेदार साहब का पर्सन ल मोबाइल उठे या ना उठे पर सीयूजी नम्बर पर कॉल करने पर थानेदार साहब से बात जरूर हो जाएगी। इसलिए पब्लिक इस पर भरोसा सबसे ज्यादा करती है अब थानों का सीयूजी नम्बर ही थानेदार साहब ना उठाएं तो इमरजेंसी में पब्लिक भला कैसे पुलिस की मद द ले...?

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव परिजनों को हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में रविवार को एक युवक का शव रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है।परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने गो डा - बहराइच रोड हाईवे जाम कर विरोध प्रदर्श न किया। यह घटना कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई।जगदीशपुर निवासी पंकज वर्मा विमौर में एक डेकोरेशन की दुकान पर काम क रते थे।शुक्रवार शाम को पंकज घर खाना खाने आए थे और फिर दोबारा दुकान पर सोने चले गए थे। शनिवार सुबह उनका शव मिश्रौलिया क्रॉसिंग के समीप रेलवे ट्रैक पर मिला।परिजनों ने पंकज की मौत को हत्या बताते हुए पुलिस पर तत्काल मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया। पोस्टमॉर्टम के बाद जब मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, तो



आक्रोशित परिजनों ने खैरा गांव के पास गोंडा - बहराइच हाईवे को जाम कर दि या।उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।इस बारे में चौकी प्रभारी अं कित कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तह रीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ नाम जद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज में कृषि चौपाल– मिट्‌टी परीक्षण और जैविक खेती पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर) रुपईडीहा परिसर में कृषि व उद्यान विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय कृषि उत्पादकता चौपाल व कृषि उत्पाद प्रदर्शन का आयोजन किया गया। उपस्थित प्रगतिशील कृषको को विभाग की ओर से दलहन, तिलहन के उत्कृष्ट बीजो का निःशुल्क वितरण कर राष्ट्र व समाज हित में कृषि उपज बढ़ाने का आवाहन किया गया तथा कृषको को रासायनिक उर्वरक व रासायनिक दवाइयों के उपयोग से बचने की सलाह भी दी गई। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय किसान चौपाल को संबोधित करते हुए उप निदेशक कृषि विनय वर्मा ने कहा कि किसानों को मिट्टी की जांच करवाकर आवश्यकता अनुसार ही रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाइयों का उपयोग करना



चाहिए अधिक खाद के उपयोग से धरती के बांझ होने का खतरा भी बढ़ रहा है साथ ही मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।प्राकृतिक व जैविक खेती कर हम स्वस्थ रहकर धरती की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते है तथा स्वस्थ भी रह सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि विभाग की ओर से लघु व सीमांत किसानों के लिए फलदार व वनौषधि प्रजाति के वृक्ष उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा किसानों को फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन के लिए सब्सिडी भी उपलब्ध भी कराई जा रही है किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए सब्जी के बीज व पेड़ भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उप मण्डलीयकृषि अधिकारी डॉ शिशिर वर्मा ने कहा कि किसान उत्पाद संगठन के माध्यम से कृषि उपज को उचित दर पर विक्रय करने पैकिंग, प्रोसेसिंग आदि को बढ़ावा देने के लिए कृषि क्षेत्र में बहुमुखी कार्यक्रम संचालन किये जा रहे हैं। लघु और सीमांत किसानों के लिए रियायती दरों पर कृषि यंत्र व सोलर पंप भी उपलब्ध कराया जा रहा है किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए।किसान परिषद प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने क्षेत्रीय कृषि समस्याओं की ओर प्रशासन का अधिकारियों ध्यान आकर्षित करवाया तथा विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव विषयक से जन जन को जोड़ने का आवाहन किया।कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद संयोजक पर्यावरणविद शिव पूजन सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रगतिशील किसान महेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर ने किया।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान परिषद विकास खंड अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, प्रगतिशील किसान विशेष सिंह ,कृषि अधिकारी सुशील मौर्य ,ग्राम प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष तकम्मस खान, प्रगतिशील किसान राजीव श्रीवास्तव, बद्री सिंह, प्रवक्ता वरुण श्रीवास्तव, आयूष वर्मा,रुद्र प्रताप मिश्रा, पर्यावरणविद राघवेन्द्र शर्मा, समाजसेवी अशोक उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव व किसान परिषद के तत्वावधान में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का सामुहिक संकल्प दिलाया गया तथा फलदार वृक्षों का वितरण भी किया गया।

## नए कपड़े न दिलाने पर छात्रा ने की खुदकुशी

बांदा। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के गिरवां थाना क्षेत्र में रविवार को एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि कपड़ा न दिलाने पर परिजनों से नाराज होकर छात्रा ने यह कदम उठाया है। थाना प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि गिरवां थाना क्षेत्र के मलेहरा नेवादा गांव निवासी ?राजेश वर्मा की बेटी प्रियांशी (13) गांव के विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ती थी। परिजनों के अनुसार,रविवार दोपहर फ़ेरी दुकानदार गांव में कपड़ा बेचने आया था। प्रियाशी, पिता से कपड़ा खरीदने की जिद कर रही थी। पिता ने डांटते हुए उससे कहा कि धान की फसल समेटने के बाद वह उसे कपड़ा खरीदवा देगा। यह बात प्रियांशी को नागवार गुजरी और गुस्से में कमरे में जाकर भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। इसी बीच उसने लकड़ी की बल्ली में अपनी मां की साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो घरवालों को शंका हुई। परिजनों ने कुंडी खटखटाते हुए कई बार आवाज दी, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। किसी तरह परिजन दरवाजा खोल कर कमरे के अंदर पहुंचे बेटी की लाश को झूलता हुआ देखकर उनके होश उड़ गए।

# किशोर की मौत के मामले में गिरफ्तारी नहीं, 6 महीने से चल रही है सिर्फ विवेचना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के इटियाथोक थानाक्षेत्र के पूरे तिल क गांव में छह महीने पूर्व हुई एक किशोर की मौत के मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। 26 जून 2025 को राज नामक युवक की पिटाई के बाद मौत हो गई थी,जिसके बाद उसका शव को एक गड्ढे में फेंक दिया गया था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था,घटना 26 जून 2025 की है जब राज गांव के ही धीरू के साथ घर से दो सौ मीटर दूर आम तोड़ने गया था।वापस लौटते समय धीरू के घर के पास आम के बंटवारे को लेकर कहा सुनी हो गई।आरोप है कि इस दौरान धीरू और उसकी मां रुबीना और बहन रेनू ने राज की पि टाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई,राज के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। एक गड्ढे के किनारे उसके कपड़े मिलने से पानी में डूबने की आशंका हुई।पांच पंपिंग सेट मशीनों से गड्ढे का पानी कम कराया गया, जिस के बाद गांव और पुलिस के गोताखोरों ने शव की तलाश शुरू की। कुछ समय बाद राज का शव बरामद हुआ था,शुरुआत में लोगों को लगा कि राज की मौत पानी में डूबने से हुई है, लेकि न पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने के कारण मौ त होने की पुष्टि हुई। इस खुलासे से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था।मृतक के पिता राम कैला श की तहरीर पर पुलिस ने धीरू की मां रुबीना, बहन रेनू और एक बाल अपचारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। घटना को छह महीने बीत चुके हैं लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है।वही इस संबंध में इटियाथोक थाना ध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि राज की मौत के मामले में विवेचना की प्रक्रिया चल रही है।

# भगवान श्री चित्रगुप्त मूर्ति स्थापना में उमड़ा कायस्थ समाज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### शहर के श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित किये गए भगवान श्री चित्रगुप्त जी

बहराइच। शहर के नवागढ़ी घसियारीपुरा में रविवार को श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में भगवान श्री चित्रगुप्त भगवान के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल रही वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव रहे। रविवार को श्री चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में कायस्थ समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।स्थापना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी कर्मो का लेखा जोखा रखने वाले है।कायस्थ समाज का इतिहास बहुत पुराना है। कायस्थ समाज के इष्ट देव श्री चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति स्थापना से शहर सहित जनपद के कायस्थ जन दर्शन के लिए मन्दिर आएंगे।विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी हम सबके आराध्य है।भगवान श्री चित्रगुप्त जी की नई मूर्ति स्थापना से कायस्थ जनों मे एक नई ऊर्जा का संचार होगा।कार्यक्रम संयोजक द्वय गौरव वर्मा एवं अभिनव श्रीवास्तव ने आये हुए गणमान्य जनों को पटका पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया।

# बाल दिवस का अनोखा उत्सव बाल मेले की रौनक और स्पोर्ट्स डे की रही धूम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। मिहींपुरवा रोड स्थित रिआन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस इस बार बिल्कुल अलग अंदाज़ में मनाया गया। विद्यालय परिसर में एक तरफ रंग-बिरंगे बाल मेले की चहल-पहल दिखाई दी, तो दूसरी तरफ स्पोर्ट्स डे में बच्चों की ऊर्जा और जज्बा देखते ही बन रहा था। मेले में शिक्षकों ने बच्चों के पसंदीदा खाने-पीने के स्टॉल सजाए, जिनके स्वाद और आकर्षण ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। बच्चों ने न सिर्फ मजे किए, बल्कि छोटे-छोटे खेलों और गतिविधियों में भी खूब भागीदारी निभाई। खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, लूडो जैसे खेलों ने समारोह को और भी रोमांचक बना दिया। हर खेल में बच्चों ने उमंग, टीमवर्क और स्पोर्ट्समैनशिप का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मंच पर बुलाकर पुरस्कार राशि व मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल सीमाब जहां एवं प्रबंधक डॉ. साबिर हुसैन की देखरेख में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। स्पोर्ट्स डे की सभी प्रतियोगिताएँ गेम टीचर फरदीन की विशेष देखरेख में आयोजित की गईं। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं की बड़ी संख्या मौजूद रही, जिनमें नौशी, सबीहा अंसारी, प्रीति, रईसा, नाहिदा, इफ़्फ़त, सबा, यश्फी, कहकशां, रीना, ज्योत्सना, नाहिद, मधु, नैमिश, फैज़, विकास, अंकित, राजन, अमजद, नोमान, सारिक, आज़म, शिवकैलाश आदि शामिल रहे। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि बाल दिवस पर आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, सहभागिता और टीम भावना को मजबूत करते हैं। इस खुशनुमा आयोजन ने बच्चों को सिर्फ मनोरंजन ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें सीखने, साथ चलने और अपनी क्षमता पहचानने का अवसर भी प्रदान किया।

# संवेदना फाउंडेशन का विशेष वार्षिकोत्सव दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा ने जीता दिल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। संवेदना फाउंडेशन के तत्वावधान में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एराइज ब्रेन स्पीच थैरेपी एंड काउंसलिंग सेंटर, बहराइच के बच्चों के लिए जाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य आकर्षण कार्यक्रम में दिव्यांगजन बच्चों और उनके अभिभावकों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों ने सराहा। अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम को माननीय अतिथियों के आशीर्वाद से गरिमा प्राप्त हुई। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती मंजरी भारद्वाज (जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी), गोविन्द रावत, श्रीमती कृष्णा मिश्रा (मैनेजर-हैप्पी हर्टस पब्लिक स्कूल), और डॉ0 दिव्येश बरनवाल (न्यूरो-साइकेट्रिस्ट) शामिल रहे।

संवेदना फाउंडेशन के अध्यक्ष आदेश बरनवाल और सचिव कीर्ति बरनवाल तथा चीफ-ट्रेनर मुकेश तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जय प्रकाश बरनवाल, सुमन उपाध्याय, भावना, सुनीता, शिवानी एवं अन्य सहयोगी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## बहू – बेटी सम्मेलन में मिशन शक्ति का दिया संदेश...

गोंड़ा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के थाना क्षेत्रों में ल्लबहू–बेटी सम्मेलन'' का आयोजन किया गया,इस क्रम में क्षेत्राधि कारी सदर शिल्पा वर्मा द्वारा थाना धानेपुर क्षेत्र में आयोजित बहू – बेटी सम्मेलनों में प्रतिभाग कर क्षेत्र की महिलाओं, युवतियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों,आशा बहुओं एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्यों से संवाद स्थापित किया गया कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर महोदया द्वारा उपस्थित महिलाओं,बालिकाओं को महि ला सुरक्षा,आत्मनिर्भरता एवं सरकारी योज नाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होंने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़,उत्पीड़न,घरेलू हिंसा या साइबर अप राध की स्थिति में तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090,डायल 112,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। साथ ही थाना स्तर पर स्थापित महिला सहा यता प्रकोष्ठ से भी सीधे सहायता प्राप्त की जा सकती है।महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा आत्मरक्षा के उपाय,साइबर क्राइम से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्कता तथा महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर के द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजन समाज में महिलाओं की सुरक्षा भावना को सशक्त करते हैं और उन्हें आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इसी प्रकार, जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में भी प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों एवं महिला बीट अधिकारियों द्वारा बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संवाद स्थापित किया गया।

## वार्डन समेत तीन अध्यापकों की अनुपस्थिति पर भड़कीं राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष

मीरजापुर। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारूलता चौधरी ने रविवार को छानबे क्षेत्र के भटेवरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डन सरिता सिंह समेत तीन अध्यापिकाएं अनुपस्थित पाई गईं। विज्ञान और गणित विषय की अध्यापिकाओं के पद डेढ़ साल से रिक्त होने की जानकारी पर उपाध्यक्ष भड़क उठीं। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से फोन पर वार्ता कर 10 दिनों के भीतर रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया।

# विश्वकर्मा समाज पीडीए का अहम हिस्सा : राम आसरे विश्वकर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पूरा देश राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर देख रहा है। उसे भरोसा है कि अखिलेश यादव पीडीए के माध्यम से भाजपा सरकार हटायेंगे और समाजवादी पार्टी की सरकार बनायेंगे सबको अधिकार और सम्मान देंगे।

उक्त बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वमंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने बन्धन लान रामलीला रोड बीसलपुर में विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित पीडीए सम्मेलन में कहीं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में आये विश्वकर्मा मैथिल शर्मा समाज सभी को एकजुट होने का आहवान किया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज पीडीए का अहम हिस्सा है। हमें पीडीए के सभी पिछड़ों अति पिछड़ों विश्वकर्मा प्रजापति नाई सोनी चौरसिया साहू पाल निषाद मौर्या आदि को जोड़ना है।लोकसभा चुनाव के बाद श्री अखिलेश यादव जी देश में पीडीए के बड़े नेता बने हैं जिन पिछड़ों दलितों मुस्लिमों महिलाओं युवाओं का भरोसा है।



पीडीए विचार धारा पर बात करते हुए पूर्वमन्त्री ने कहा पीडीए विचारधारा में देश के सभी महापुरुषों के विचारों का समागम है और यह विचारधारा सभी वर्गों धर्मों सम्प्रदायों को जोड़ता है और सभी के हितों की रक्षा करता है।विश्वकर्मा समाज को एकजुटता पर जोर देते हुए पूर्वमंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा विश्वकर्मा समाज की जनसंख्या 5.5 प्रतिशत है लेकिन बिखरे होने के कारण हमारी ताकत नहीं बन पा रही है।आज जरूरत है सबको एकजुट होने की और अपनी हिस्सेदारी लेने की। विधानसभा में विश्वकर्मा समाज में एक भी एमएलए नहीं है। भाजपा सरकार में विश्वकर्मा समाज का एक भी मन्त्री नहीं है। जिस समाज का विधायक नहीं होता सरकार में मन्त्री नहीं होता वह समाज गूंगा हो जाता है उसकी आवाज सरकार तक नहीं पहुंचायी जा सकती।समाजवादी पार्टी की सरकार में नेताजी और अखिलेश यादव ने विश्वकर्मा समाज को हिस्सेदारी दी।हमें एमएलसी बनाया । समाजवादी पार्टी की सरकार में मन्त्री बनाया। विश्वकर्मा समाज की पहचान बनायी।विश्वकर्मा पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। विश्वकर्मा समाज का सम्मान बढ़ाया। भाजपा सरकार ने विश्वकर्मा समाज का अपमान किया। सभी पिछड़े वर्गों का अपमान किया। भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग विरोधी सरकार है हम सभी को इसे हटाना होगा और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना होगा। भाजपा सरकार में नौकरी रोजगार नहीं मिल रहा है। केवल विश्वकर्मा स्कीम के माध्यम से पिछड़ों को मजदूर बनाया जा रहा है।इस अवसर पर पुष्पकुमार शर्मा अपना दल छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भीमसेन शर्मा तथा संचालन सपा उपाध्यक्ष बी0डी0 प्रजापति ने किया।कार्यक्रम को राजकुमार राजू , जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा सपा नेता ओम शर्मा, हरपाल सिंह लोधी, विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा,अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा पीलीभीत जिलाध्यक्ष बंटी शर्मा विश्वकर्मा ब्रिगेड जिलाध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा राजेंद्र शर्मा बरेली जिला नरेश प्रसाद विश्वकर्मा शिवशंकर विश्वकर्मा डा0 मुकेश विश्वकर्मा आशीष शर्मा फरीदपुर ओमवीर शर्मा अमित शर्मा सत्यदेव ओझा छेदा लाल शर्मा गायत्री गंगवार केदारनाथ गौतम ने सम्बोधित किया है।

# मंडी सचिव की लापरवाही, कृषक विश्राम गृह रो रहा, बदलाहली के आंसू सुविधाओं का टोटा

## किसानों को समय से नहीं मिल रही सुविधाएं किसान नेता महिपाल सिंह ने आंदोलन की दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। कृषि उत्पादन मंडी समिति में अपनी फसलों को लेकर आने वाले किसानों की सुविधाओं के लिए सरकार ने कृषक विश्राम गृह मनाया है।लेकिन कृषक विश्राम गृह में सुविधाओं का टोटा दिखाई दे रहा है।किसान विश्राम गृह में किसानों को ठहरने के लिए आरामदायक आवास, भोजन, और आराम करने की सुविधाएं मिलती हैं, साथ ही कृषि संबंधी गतिविधियों और जानकारी के लिए केंद्र भी होने चाहिए।इस विश्राम गृह का उद्देश्य किसानों को आराम करने और यात्रा के दौरान रुकने की सुविधा देना है, जिससे वे अपने काम या अन्य कृषि संबंधी गतिविधियों को बिना किसी रुकावट के जारी रख सकें।किसानों के लिए ठहरने के लिए सुरक्षित और आरामदायक कमरे उपलब्ध होते हैं।कुछ स्थानों पर कैंटीन की सुविधा भी होती है। बैठकों और चर्चाओं के लिए बैठक कक्ष भी प्रदान भी होते हैं। कभी-कभी इन गृहों में कृषि विभाग के कार्यालय भी होते हैं जहाँ से किसानों को बीज, उर्वरक और अन्य कृषि-संबंधी जानकारी प्राप्त हो सकती है।किसानों को कृषि उपकरणों और अन्य सेवाओं को किराए पर लेने की सुविधा भी मिल सकती है।लेकिन कृषि उत्पादन मंडी समिति पूरनपुर में किसान विश्राम गृह में कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि मंडी समिति में स्थित किसान विश्राम गृह में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुविधाए किसान को मिलनी चाहिए। अगर किसी किसान को सुविधा नहीं मिली तो मंडी सचिव के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# बिहार में एक तरफा जीत ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मिष्ठान वितरण कर जताई खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए के भारी जीत मिलने के बाद मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और गठबंधन के अन्य नेताओं को बधाई दी है।उन्होंने कहा कि एनडीए ने राज्य का चैतरफा विकास किया है, लोगों ने हमारे ट्रैक रिकॉर्ड और राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे विजन को देखकर हमें भारी बहुमत दिया है। उन्होंने बताया कि वह मुख्यमंत्री नितीश कुमार और एनडीए परिवार के हमारे सहयोगी चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को इस जबरदस्त जीत के लिए बधाई के पात्र हैं। बिहार की महिलाओं ने इस बार मतदान में बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसका पॉजिटिव परिणाम देश के सामने है। एनडीए ने बिहार का चैतरफा विकास किया। बिहार में सुशासन और विकास की जीत हुई है राज्य को नई ऊंचाई ऊपर ले जाने का विजन एनडीए गठबंधन के पास है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सभी कार्यकर्ताओं को और वरिष्ठ नेताओं को बधाई दी जिनके प्रयासों से यह रिकॉर्ड जीत संभव हो पाई उन्होंने कहा केवल भारतीय जनता पार्टी एवं पीएम मोदी के नेतृत्व में ही देश और सभी प्रदेश का विकास संभव है।



# अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना ही युवाओं की असली ताकत है : अभिजात मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाज़ार अमेठी,लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रविवार को शुकुल बाज़ार क्षेत्र एकता और राष्ट्रभक्ति के रंग में डूब गया। सुबह से ही पूरे इलाके में उत्साह का माहौल था। यात्रा पाण्डेयगंज से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर चौराहा और मवैया चौराहा होते हुये मैरिज हाल तक निकाली गई। भव्य यूनिटी मार्च लगभग दो किलोमीटर के लम्बे मार्ग पर तिरंगों की अदभुत छटा बिखेरता हुआ आगे बढ़ा। 'वंदे मातरम्', 'भारत माता की जय' के नारों ने पूरे वातावरण को जोश से भर दिया। महिलाओं, युवाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की भारी संख्या ने इसे एक एतिहासिक आयोजन बना दिया। इस कार्यक्रम में सड़क के दोनों तरफ बुलडोजर और सजे हुए वाहनों पर खड़े होकर लोग पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया जिसने इस आयोजन को और भी भव्यता प्रदान की।समापन स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि



भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस अखंड, मजबूत और संगठित भारत की नींव रखी थी, उसका संरक्षण और विस्तार करना आज के हर युवा का कर्तव्य है। एकता, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना ही भारत की असली ताकत है।ङ्क उन्होंने युवाओं से पटेल के त्याग, परिश्रम और संघर्ष से सीख लेने की अपील की। जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी ने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता और दृढ़ता ने देश को जो स्वरूप दिया उसे मजबूत रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।समाज में सदभाव और भाईचारा बनाए रखना ही उनके विचारों का वास्तविक सम्मान है। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सतीश मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, शंकर बख्श सिंह, अमन शुक्ला, राम उजेरे शुक्ला, चंद्र मौलि सिंह,अरविन्द शुक्ला, आशीष शुक्ला, समर बहादुर सिंह, दल बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, जय सिंह चंदेल, महेश दुबे, वीर सिंह, मोहम्मद शोयब उर्फ सोनू,रामजीत पाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री आगमन में प्रशासनिक तैयारियां तेज, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

अलीगंज/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के जिले के अलीगंज कस्बे में प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां चरम पर हैं। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी का यह दौरा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती पर आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत, सरकारी कार्यक्रम या जनसभा को संबोधित करने के लिए इसौली विधानसभा के अलीगंज कस्बे में आ रहें हैं। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक विधानसभा में पार्टी के पदाधिकारी जाकर, सरकार की नीतियों एवं उनके विचारों से, जनता को अवगत कराएं एवं जनता की तकलीफों को नजदीक से देखें। संभावित दौरे के रूट और मुख्य कार्यक्रम स्थल पर प्रशासनिक अमला पिछले 24 घंटों से अधिक समय से सक्रिय है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम स्थल की निगरानी कर पूरी व्यवस्था का जायजा लिया।

## तिलक मे शामिल होने जा रहे लोगों की कार पेड़ से टकराई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के सिंहपुर मोड़ पर पड़ने वाले जंगलिया पर न्यूरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले मुरादपुर मे एक सगाई समारोह मे शामिल होने जा रहे थे तेज रफ्तार बेलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई गाड़ी मे फंसे लोगो को बमुश्किल बाहर निकाला हादसे मे सभी मामूली रूप से घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल मे भर्ती कराया गया

## घुघचिहाई में गोकशी की घटना से हिंदूवादी संगठनों में रोष, कड़ी कार्रवाई की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर में गोकशों ने गांव निवासी किसान के एक खेत में ले जाकर उनको मार डाला बुधवार तड़के जब ग्रामीण खेतों पर काम करने पहुचे तो गोवंश के अवशेष पड़ा मिला गोकशी की घटना पर ग्रामीण और बड़ी मात्रा मे हिंदूवादी संगठन भी मौके पर पहुंच गए पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी हिंदूवादी संगठनों के लोग भी घटनास्थल पहुंचे और घटना पर रोष जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है लगातार दूसरी बार हुई घटना से हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने घटना पर रोष जताते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की पुलिस ने संगठनों के लोगों को कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया

## महिला के खाते से यूपीआई से लाखो पार: पुलिस ने जांच शुरू की, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली के मोहल्ला कायस्थान में एक महिला के बैंक खाते से जालसाजों ने यूपीआई के जरिए एक लाख नब्बे हजार रुपये निकाल लिए हैं मोहल्ला कायस्थान निवासी पूजा देवी पत्नी राजीव जायसवाल इस धोखाधड़ी का शिकार हुई है पूजा देवी ने पूरनपुर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। वह इसी खाते से अपने वित्तीय लेनदेन करती थीं उनके खाते से 22,23 अक्तूबर 2025 को यूपीआई के माध्यम से कुल लाखों रुपये की निकासी की गई खाते से पैसे गायब देखकर पूजा देवी हैरान रह गईं उन्होंने काफी समय तक मामले का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया है।

## शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बीसलपुर ने थाना बरखेड़ा क्षेत्रान्तर्गत की पुलिस गश्त

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बीसलपुर द्वारा थाना बरखेड़ा क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यस्था का जायजा लिया गया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में शान्ति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बीसलपुर द्वारा थाना बरखेड़ा क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ प्रमुख बाजारों, व्यस्त चौराहों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है।

## बीएसए ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षामित्र का रोका वेतन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही बरतने पर सातन पुरवा के शिक्षामित्र के वेतन पर रोक लगाते हुये स्पष्टीकरण मांगा है।बीएसए की नोटिस के बाद महकमे में खलबली मच गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने अपने पत्र में लिखा है विकास क्षेत्र सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी द्वारा तेरह नवम्बर को अवगत कराया गया है कि तहसीलदार अभिषेक यादव द्वारा अधोहस्ताक्षरी को दूरभाष पर अवगत कराया गया है कि बूथ संख्या उनचास पर कार्यरत बीएलओ गिरीश कुमार पाण्डेय शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय सातन पुरवा निर्वाचन के कार्य में लापरवाही कर रहे है जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित लेखपाल द्वारा जब सम्बन्धित से बात की गयी तो सम्बन्धित बीएलओ द्वारा बहुत असभ्यता से बात की गयी जो कि कर्मचारी आचरण के विपरीत है एवं उनके इस रवैया से निर्वाचन का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।बीएसए ने लिखा है कि बीएलओ गिरीश कुमार पाण्डेय द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरते जाने तथा उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त निर्देशों की अवहेलना के दृष्टिगत इनका मानदेय अग्रिम आदेश तक के लिये अवरूद्ध करते हुये निर्देशित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर तीन दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## शादी का झांसा देकर चार साल तक यौन शोषण, युवती ने लगाई गुहार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुड़गांव स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत मुरादाबाद निवासी युवती ने अपने सहकर्मी पर चार वर्षों तक शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी युवक की पहचान धनपतगंज थाना क्षेत्र के बलदन पांडे का पूरा गांव निवासी श्रीराम पुत्र ह्रदय राम के रूप में हुई है। पीड़िता के अनुसार वह और आरोपी एक ही फैक्ट्री में काम करते थे। इस दौरान युवक ने शादी का भरोसा दिलाते हुए वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी उसे बहला-फुसलाकर 50 हजार रुपये उधार लेकर फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि संपर्क करने की कोशिश पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर फोन कट कर दिया और बाद में कॉल उठाना भी बंद कर दिया। न्याय की तलाश में जब वह आरोपी के घर पहुंची तो परिजनों ने भी धमकियां देकर उसे भगा दिया। स्थानीय थाने में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई न होने से आहत युवती ने अब पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि न्याय मिलने तक उसका संघर्ष जारी रहेगा।

# तृतीय चरण में अयोध्या मंडल की बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जेएन तिवारी ने आज सुलतानपुर में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त परिषद 20 जनवरी को कर्मचारियों की मांगों को पूरा कराने के लिए विधानसभा का घेराव करने जा रही है। उन्होंने ने कहा शासन स्तर पर पदाधिकारियों के साथ संवाद हीनता बनी हुई है। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को बार-बार लिखे जा रहे पत्रो का भी कोई असर नहीं हो रहा है। विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। आशा बहुओं को न्यूतम मानदेय 18000/ किए जाने की मांग वर्षो से लंबित है, संगिनी को स्कूटी भत्ता दिए जाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आशाओं को बैठने की व्यवस्था किए जाने, ए एन एम के पद पर पदोन्नति किए जाने की मांग को लेकर आशाओं में नाराजगी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद चार वर्गों में विभक्त अपनी मांगों को लेकर 20 जनवरी को विधानसभा का घेराव करने जा रही है। परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने कहा कि विभिन्न विभागों में लाखों




की संख्या में रिक्त पद पड़े हुए हैं जिन पर भर्ती नहीं की जा रही है जिसके कारण कार्यरत कर्मचारियों पर कार्य का अतिरिक्त दबाव बढ़ता जा रहा है। सभी विभागों में पदोन्नति के हजारों पद खाली पड़े है परन्तु पदोन्नतियां नहीं हो रही है। संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों पर निर्णय नहीं किए जाने, पुरानी पेंशन की बहाली में आ रही अड़चनों को दूर किए जाने, कैशलेस इलाज को सरली कृत किए जाने, आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय को अभी तक नहीं बढ़ाए जाने पर शासन की उदासीनता से कर्मचारियों में रोष व्याप्त हो रहा है। जिला मंत्री नन्हें सिंह ने कहा कि खाद्य एवं रसद विभाग में कार्यरत कर्मियों का वाहन भत्ता बढ़ाया जाना, संवर्ग पुर्नगठन किया जाना, खाद्य रसद विभाग में कार्यरत सहायक विपणन अधिकारियों को राज्य पत्रीत प्रतिष्ठा प्रदान किये जाने की मांग की। सभा को प्रीती पांडे, नितिन गोस्वामी सुरेश तिवारी अध्यक्ष होमियोपैथी विभाग, रामरतन मंत्री चतुर्थ श्रेणी चिकित्सा विभाग, शेष नरायन मिश्रा प्रांतीय सलाहकार, दिलदार अहमद अध्यक्ष आउटसोर्स होमियोपैथी विभाग अयोध्या मंडल के अध्यक्ष अयोध्या सिंह, आशा बहु संघ की प्रदेश अध्यक्ष कुसुम यादव, चतुर्थ श्रेणी स्वास्थ्य विभाग के कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल आदि नेताओं ने संबोधित किया सभा का संचालन ओम प्रकाश गौड़ अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा विभाग ने किया।

# कुल पंजीकृत 692 के सापेक्ष कुल 572 जोडों का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विधानसभा बीसलपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड बीसलपुर, विकासखड बिलसंडा व नगर पालिका परिषद बीसलपुर, नगर पंचायत बिलसंडा मुख्य अतिथि विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, मा. पूर्व विधायक बीसलपुर रामशरण वर्मा नगर पालिका बीसलपुर अध्यक्ष, नगर पंचायत बिलसंडा अध्यक्ष, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव, नगर मजिस्टेट विजय वर्धन तोमर, जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई आदि द्वारा सामूहिक विवाह राजकीय ड्रमण्ड इण्टर कालेज परिसर पीलीभीत में सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह में 692 में से 572 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 32 अल्पसंख्यक जोड़े भी सम्मिलित हुए। इस दौरान अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आवश्यक उपहार सामग्री वितरित कर सभी को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव विवाहितों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई। इस दौरान मा0 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव युगलों को पवित्र बंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय सम्बन्धों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वाहन हेतु जीवन की नई पारी प्रारम्भ करने पर वर वधू के लिए मंगलकामना की। मा0 विधायक जी ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि नव विवाहित जोडे अपना रोजगार स्थापित करना चाहते हो वह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में अपना आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है।उक्त योजना के तहत 05 लाख रू0 बिना ब्याज के ऋण प्राप्त कर रोजगार कर सकते है।

## अमेठी में झाड़ियों में नवजात शिशु का शव मिलने से फैली सनसनी

अमेठी । कोतवाली अमेठी क्षेत्र के अंतू रोड स्थित बाई पास के निकट सड़क किनारे झाड़ियों में कम्बल में लिपटे एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुये आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई है।थाना क्षेत्र के अंतू रोड स्थित बाईपास के पास रविवार की सुबह राहगीरों की नजर कम्बल लिपटे नवजात शिशु पर पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नवजात शिशु को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कोई व्यक्ति उसे जान बूझकर यहां फेंक गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस टीम ने मृत प्री-मैच्योर शिशु को अपने कब्जे में ले लिया।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मृत शिशु को यहां किसने और क्यों फेंका है।

# कन्हैया तुम्हें एक नज़र है देखना : आलोक शास्त्री जी महाराज

## भदैया के हरिपुर बनवा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, श्रोताओं को व्यासपीठ करवा रहे कथा का रसपान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। विकास खंड भदैया में स्थित ग्रामसभा हरिपुर बनवा में डॉ अशोक मिश्रा के यहाँ आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य आलोक शास्त्री जी महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीला पूतना के उद्धार और गोवर्धन की पूजा का अलौकिक वर्णन किया। कथा व्यास ने पूतना के उद्धार की कथा सुनाते हुए बताया कि पूतना अज्ञानता का प्रतीक है, जो भगवान की शरण में जाता है। प्रभु उसकी अज्ञानता रूपी पूतना का वध करते हैं, श्री शास्त्री ने आगे की कथा में माखन चोरी की कथा कालिया मर्दन की कथा और श्रोताओं को सुनाई। चीर हरण की की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि भगवान ने किसी का वस्त्र नहीं चुराया बल्कि अविद्या रूपी वस्त्र का हरण



किया। गोवर्धन लीला की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि गोवर्धन का मतलब गो माने इन्द्रिय जिसने अपनी इंद्रियों का वर्धन कर लिया वहीं है वही गोवर्धन है। कन्हैया ने इंद्र का मान मर्दन करके गोवर्धन भगवान की पूजा करवाई। इससे देवराज इंद्र ने कुपित होकर खूब वर्षा करवाई सारे व्रजवासी भगवान की शरण में आ जाते हैं फिर भगवान ने गोवर्धन को अपनी उंगली पर धारण करके सारे ब्रजवासियों की रक्षा किया।

कथा में जब भजन ह्ल कन्हैया तुम्हें एक नज़र देखना हैह्न, ह्लतुम ढूँढो मुझे गोपाल मैं खोई गैया तेरीङ्क गाया तो श्रोताओ से खचाखच भरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कथा में मुख्य रूप से संघ चालक/सर्जन डॉ. अरूण कुमार सिंह उर्फ (ए.के.सिंह), मेडिकल कॉलज के सी.एम.एस. डॉ. आर.के. मिश्रा, डॉ. ऋचा शुक्ला, राम प्रकाश मिश्रा ह्लदधीचिङ्क, भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवाकांत मिश्रा, जय शंकर त्रिपाठी, लंभुआ को ऑपरेटिव चेयरमैन योगेंद्र सिंह, बीडीएम ग्रुप के चेयरमैन बी.डी. मिश्रा, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी, सह संयोजक राजीव तिवारी, जिला संयोजक आशीष तिवारी, मनीषा पांडेय, व अगस्त पंडित सहित सैकड़ो भक्तों ने व्यास पीठ की आरती उतारी गई।

## सम्पादकीय

# फिर राजग का बिहार

बेहद जटिल सामाजिक परिस्थितियों वाले देश के बड़े राज्य बिहार का महासंग्राम आखिरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीत ही लिया। एनडीए ने बिहार में विपक्ष के महागठबंधन को करारी शिकस्त दी है। यह जीत पिछले साल महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन द्वारा महाविकास अघाड़ी को करारी शिकस्त देने जैसी ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और उसने उस राज्य में अपनी स्थिति मजबूत की है, जहां अभी तक उसका अपना मुख्यमंत्री नहीं रहा है। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड यानी जदयू ने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए सम्मानजनक दूसरा स्थान हासिल किया है। चुनाव से पहले नीतीश कुमार महागठबंधन के नेताओं के निशाने पर थे। उन्हें थका हुआ, बीमार और रिटायर होने वाला राजनेता बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि भाजपा ने नीतीश कुमार को पार्टी के मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया। नीतीश कुमार के जो आलोचक उनकी विदाई लेख लिखने की जल्दी में थे, उन्हें चुनाव परिणामों के बाद मुंह की खानी पड़ रही है। जनता के फैसले ने बीते 2020 के विधानसभा चुनाव मे सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले राष्ट्रीय जनता दल यानी राजद को इस बार तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। बहरहाल, इस विधानसभा चुनाव के एकतरफा नतीजों का एक निष्कर्ष यह भी है कि सत्ता के लिये भाजपा व जदयू को एक साथ ही रहना होगा। जैसे कि नीतीश के पाला बदलने के चलते उन्हें पलटू राम की संज्ञा दी जाती थी, उसकी संभावना अब नजर नहीं आती। यानी नीतीश कुमार अब पलटू राम वाले अंदाज में नहीं चल सकते। उन्हें इस बात की तसल्ली मिल सकती है कि भारतीय जनता पार्टी, जिसके पास लोकसभा में पूर्ण रूप से बहुमत नहीं है, वह केंद्र में सरकार बचाने के लिये भविष्य में जदयू पर निर्भर रहेगी। दरअसल, राजनीतिक पंडित कयास लगाते रहे हैं कि नीतीश कुमार को किनारा करने की भगवा पार्टी की कोई भी कोशिश सत्तारूढ़ गठबंधन के लिये मुश्किल खड़ी कर सकती है। वहीं कहा जाता रहा है कि चिराग पासवान एनडीए की कमजोरियों का फायदा उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे। हालांकि, भाजपा नीतीश कुमार को बाहर करने के प्रलोभन का ज्यादा देर विरोध नहीं कर पाएगी, जैसा उसने महाराष्ट्र में शिवसेना के एकनाथ शिंदे के साथ किया था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत ने महागठबंधन को तार-तार कर दिया है। साथ ही पदयात्रा व अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले प्रशांत किशोर की नई सुबह की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया है। बिहार चुनाव में पस्त हुए महागठबंधन के दलों के सामने अगले साल विपक्ष शासित राज्य पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले फिर से संगठित होने की एक बड़ी चुनौती होगी। ये वे तीन विपक्षी दुर्ग हैं जिनमें सत्ता हासिल करने के लिये भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बहरहाल, एक बात तो माननी पड़ेगी बिहार में राजग की अप्रत्याशित जीत सारथी नरेंद्र मोदी की छवि, गृहमंत्री अमित शाह की नीति-कूटनीति, भाजपा के मजबूत संगठन, नीतीश कुमार की सामाजिक कल्याण की नीतियों की देन है। वहीं ऐन चुनाव से पहले एकजुट हुए महागठबंधन की विसंगतियां ही उसके पराभाव का कारक बनी। बहरहाल, राजग की महिलाओं को आर्थिक संबल की घोषणाओं, नीतीश की शराबबंदी आदि नीतियां महिला मतदाताओं को रिझाने में कामयाब रही हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं ने इस विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान किया। यह प्रतिशत बिहार के मतदान इतिहास में रिकॉर्ड बनाने वाला था और चुनाव परिणाम भी उतने ही अप्रत्याशित रहे। बहरहाल, एक बार फिर जनतंत्र की भूमि ने अप्रत्याशित चुनाव परिणामों से देश को चौंकाया है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा नरेंद्र मोदी ने कहा भी कि जिस एमवाई समीकरण को विपक्ष ने संकीर्णताओं के साथ पेश किया था, भाजपा ने उस एमवाई समीकरण को सकारात्मक दृष्टि से महिला व युवा गठजोड़ में तब्दील कर दिया।

# बिहार विस चुनाव नतीजे से निकले संदेश

कोई भी घटना अप्रत्याशित नहीं होती। सम्यक आकलन नहीं होता। हमारी नासमझी और व्यापक अनुभवों का उचित मूल्यांकन नहीं होता। हम अनुमान करते हैं। प्रमाणों की सहायता लेते हैं, लेकिन नियति प्रमाणों की परवाह नहीं करती। प्रमाणों के आकलन की छोटी-सी गलती परिणाम बदल देती है। कभी-कभी परिणाम बदलने की जिजीविषा पूरी शक्ति के साथ चुनौती देती है आकाश को, तब सितारों व ग्रह दशा भी बदल जाती है। बिहार चुनाव नतीजे ने सबको चौंकाया है। चुनाव में हार-जीत होती ही है। लेकिन बिहार की जनता ने कमाल किया है और भारतीय चुनाव के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। संविधान निर्माताओं की भी इच्छा थी कि भारत का लोकतंत्र फले-फूले और जनता अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए स्वतंत्र हो। जनता अपने नेता चुनने के अलावा कोई हिंसक रास्ता न अपनाए। इसके लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव आयोग बना। संविधान (अनुच्छेद 324) में मतदाता सूची बनाने से लेकर मतगणना तक की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग पर डाली गई। 1952 से लेकर विधानमण्डल व संसद के चुनाव कराए जा रहे हैं। निष्पक्ष चुनाव का प्रयास देश में पहले से चल रहा है लेकिन जाति, धनबल, बाहुबल के प्रभाव ने संविधान निर्माताओं की अभिलाषा को पूरा नहीं होने दिया। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारतीय राष्ट्र राज्य कमजोर है। भारतीय संविधान निर्माताओं ने संविधान की प्रस्तावना में भारतीय जनता को 'हम भारत के लोग' बनने और होने का आग्रह किया है। राजनीतिक जल्दबाजी में कभी-कभी भारत को हिंदू और मुसलमान का देश कहा जाता है। कोई सिख छोड़ देता है, कोई बुद्ध और महावीर। एक प्रधानमंत्री ने देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताया था, लेकिन संविधान निर्माताओं ने 'हम भारत के लोग' कह कर हम सबके सामने एक आदर्श रखा है। हम किसी भी वर्ग या संप्रदाय से सम्बंधित हो सकते हैं। लेकिन प्रथमतः और अंततः भारतीय हैं। संविधान निर्माताओं ने नागरिकों को जाति, संप्रदाय, मत, पंथ मजहब के द्वारा अभिज्ञात नहीं किया है। दुनिया 21वीं सदी में अंतरिक्ष में घर बनाने के सपने देख रही है, लेकिन राजनीति जातियों की गिनती में व्यस्त है। प्रसन्नता की बात है कि जिस बिहार को बम, पिस्तौल और हिंसा के लिए बदनाम किया गया था, उसी बिहार की जनता ने पुनर्जागरण का स्वप्न देखा है। इस देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार के थे। उन्होंने देश को नई दिशा दी थी। सोमनाथ मंदिर का नवनिर्माण हुआ था। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से मिले थे। उन्हें सोमनाथ मंदिर कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नहीं चाहते थे कि भारतीय गणराज्य का राष्ट्रपति किसी धार्मिक आयोजन में हिस्सा ले, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद वहां गए। प्रधानमंत्री की इच्छा न होने के बावजूद गए। बिहार चुनाव ने किसी भी विभाजक आवाज को अनसुना कर दिया। राजनेता और टिप्पणीकार चुनाव के पहले से ही जीत हार का खाका बना रहे थे। जातियों के प्रतिशत निकाले जा रहे थे। कहा जाता था कि सरकार बनाने के लिए यादव और मुसलमान मिलकर पर्याप्त हैं, इसलिए चुनाव प्रचार की बहुत आवश्यकता नहीं है। इसी तरह सभी छोटी बड़ी पार्टियों में जाति का गणित फिट करने की होड़ थी। नतीजा आ जाने पर भी यह विश्लेषण थमा नहीं। एक बड़े चैनल ने कहा कि महिलाओं ने भारी संख्या में वोट दिया। कहा जाता है कि ज्यादातर महिलाओं ने राजग को वोट किया। चुनाव का यह विश्लेषण अधूरा है। चुनाव के समय की राजनीति का समग्र विश्लेषण नहीं हुआ। साथ ही चुनाव के संदेश पर भी चर्चा नहीं हो रही। बिहार के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हीरो थे। उन्होंने 14 सभाएं की। राजग की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि वक्ताओं को जनता ने सुना। नीतीश कुमार का अपना प्रभाव है। आज से नहीं है, पहले से है। वह अनुभवी राजनेता हैं। स्वाभाविक है उनकी लोकप्रियता का लाभ गठबंधन को मिला है। चुनाव

**निष्पक्ष चुनाव का प्रयास देश में पहले से चल रहा है लेकिन जाति, धनबल, बाहुबल के प्रभाव ने संविधान निर्माताओं की अभिलाषा को पूरा नहीं होने दिया। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारतीय राष्ट्र राज्य कमजोर है। भारतीय संविधान निर्माताओं ने संविधान की प्रस्तावना में भारतीय जनता को 'हम भारत के लोग' बनने और होने का आग्रह किया है। राजनीतिक जल्दबाजी में कभी-कभी भारत को हिंदू और मुसलमान का देश कहा जाता है। कोई सिख छोड़ देता है, कोई बुद्ध और महावीर। एक प्रधानमंत्री ने देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताया था, लेकिन संविधान निर्माताओं ने 'हम भारत के लोग' कह कर हम सबके सामने एक आदर्श रखा है। हम किसी भी वर्ग या संप्रदाय से सम्बंधित हो सकते हैं। लेकिन प्रथमतः और अंततः भारतीय हैं। संविधान निर्माताओं ने नागरिकों को जाति, संप्रदाय, मत, पंथ मजहब के द्वारा अभिज्ञात नहीं किया है। दुनिया 21वीं सदी में अंतरिक्ष में घर बनाने के सपने देख रही है, लेकिन राजनीति जातियों की गिनती में व्यस्त है। प्रसन्नता की बात है कि जिस बिहार को बम, पिस्तौल और हिंसा के लिए बदनाम किया गया था, उसी बिहार की जनता ने पुनर्जागरण का स्वप्न देखा है। इस देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार के थे। उन्होंने देश को नई दिशा दी थी। सोमनाथ मंदिर का नवनिर्माण हुआ था। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से मिले थे। उन्हें सोमनाथ मंदिर कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नहीं चाहते थे कि भारतीय गणराज्य का राष्ट्रपति किसी धार्मिक आयोजन में हिस्सा ले, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद वहां गए। प्रधानमंत्री की इच्छा न होने के बावजूद गए। बिहार चुनाव ने किसी भी विभाजक आवाज को अनसुना कर दिया। राजनेता और टिप्पणीकार चुनाव के पहले से ही जीत हार का खाका बना रहे थे। जातियों के प्रतिशत निकाले जा रहे थे। कहा जाता था कि सरकार बनाने के लिए यादव और मुसलमान मिलकर पर्याप्त हैं, इसलिए चुनाव प्रचार की बहुत आवश्यकता नहीं है।**

नतीजे राजग के पक्ष में एक तरफा हो गए। दल और उसके समर्थक स्वाभाविक ही खुश हैं। ढोल बाजे बज रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव नतीजे से खास तरह की उम्मीदें हैं। विशेष प्रकार की प्रसन्नता है। इन नतीजों की उम्मीद नहीं थी। जन सुराज पार्टी के अभियान चलाए जा रहे थे, लेकिन उन्हें कोई सीट नहीं मिली। ऐसी उम्मीद उन्हें भी नहीं थी। जो भारी बहुमत से जीते और हारे हैं, सब मिलकर विकास करें। एक समय बिहार में जंगलराज था। अधिकारी पीटे जा रहे थे। अपहरण थे। गुण्डा टैक्स थे। राजनीति की प्रतिष्ठित कुर्सियों पर बाहुबली थे। लोग मारे जा रहे थे। हिंसा का जोर था। कोर्ट ने भी बिहार के जंगलराज पर टिप्पणी की थी। जंगलराज शब्द का उपयोग न्यायालय ने किया था। बाहुबलियों की भरमार थी। नीतीश की पिछली सरकार ने जंगलराज पर काबू पा लिया था लेकिन मध्य वर्ग और टिप्पणीकार चुनाव नतीजों को जाति के आधार पर ही जांच रहे थे। एक समय बिहार में जातियों की सेनाएं थीं। परस्पर युद्ध करती थीं। वह राजनीतिक दलों के ऊपर सवार थीं। जातिवाद से बिहार झुलसता रहा। लोगों में निराशा थी। लोग सोचते थे कि अब जाति के इस प्रेत का सामना करना कठिन हो गया है। जनता के एक वर्ग ने इसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया था। लोकतंत्र एक जीवनशैली है। विचार आधारित राजनीति लोकतांत्रिक अधिकारों व अवसर का सदुपयोग करती है। समाज को उसका हक मिलता है। बिहार में वैसा नहीं हो रहा था। इतिहास के विद्यार्थी कौटिल्य को बिहार से जोड़ते हैं। तब मगध राज्य था। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे देश को राष्ट्र बनाने का काम कौटिल्य ने किया था। छोटे-छोटे दलों को मिलाकर एक सशक्त विकल्प देने का काम भाजपा, जदयू, लोजपा, हम आदि ने किया है। बिहार चुनाव को पूरे देश ने देखा है। चुनाव परिणामों ने किसी को भी निराश नहीं किया। चुनाव में इस बार कोई हिंसा नहीं हुई। बूथ नहीं लूटे गए। अपवाद छोड़कर व्यक्तिगत हमले नहीं हुए। वोट डालने की यह शैली पूरे देश द्वारा सराही गई है। जाति ने राष्ट्र को बड़ी क्षति पहुंचाई है। बिहार का संदेश सुस्पष्ट है। राजनीति में विचारधारा की महत्ता बढ़ सकती है, विकास की मांग बढ़ेगी। जाति की बातें नहीं चलेगी। सबका साथ-सबका विकास राजनीति का एजेण्डा है ही। उम्मीद है कि इससे भारतीय राजनीति में जाति का महत्व घटेगा। पश्चिम बंगाल के अनुभवी राजनेताओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। बिहार की आदरणीय जनता को बधाई। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# भारत की जनजातीय विरासत और वीरों का उत्सव

**सी.पी.राधाकृष्णन**

एक दशक पहले, भारत में आदिवासी शब्द सुनते ही अक्सर अभावों, स्कूलों से वंचित दूर-दराज के गांवों, पानी के लिए मीलों पैदल चलने वाली माताओं और अवसरों की तलाश में जंगल छोडने वाले युवाओं की छवियां उभरती थीं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, यह कहानी अस्तित्व की कहानी से बदलकर सफलता की कहानी बन गई है। जिसे कभी भारत का 'भूला हुआ सीमांत' माना जाता था, वह अब विकास और गौरव के सबसे जीवंत इंजनों में से एक बन गया है। पहली बार, आदिवासी सशक्तिकरण एक नारा नहीं, बल्कि न्याय, सम्मान और अवसर से प्रेरित एक आंदोलन है। भगवान बिरसा मुंडा द्वारा संचालित उलगुलान आंदोलन यह सिद्ध करता है कि जनजातीय आंदोलन केवल अलग-अलग संग्राम नहीं थे बल्कि औपनिवेशक अत्याचार के विरुद्ध संगठित प्रतिप्रवाह थे। हाशिए से मुख्यधारा तक रू जब प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभाला था तब भारत में आदिवासी विकास एक सीमित ढांचे में संचालित होता था, केवल 4,498 करोड़ रुपए के बजट वाला एक मंत्रालय। पिछले एक दशक में, यह दृष्टिकोण एक राष्ट्रव्यापी मिशन में बदल गया है। आज, 42 मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के माध्यम से जनजातीय कल्याण में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। इस योजना के तहत कुल जनजातीय-केंद्रित व्यय में 5 गुना वृद्धि हुई है जो 2014 में 24,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 1.25 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट तीन गुना बढ़कर 13,000 करोड़ रुपए हो गया है जो समावेशी विकास के प्रति सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान ने भारत की जनजातीय विकास यात्रा में एक नए युग की शुरूआत की है। 79,156 करोड़ रुपए के परिव्यय और 17 मंत्रालयों के संयुक्त प्रयासों से, इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का लक्ष्य 2029 तक 63,843 जनजातीय-बहुल गांवों और 112 आकांक्षी जिलों को आवास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कनैक्टिविटी में लंबे समय से चली आ रही कमियों को दूर करना है।केवल एक वर्ष में, इसका प्रभाव जनजातीय गढ़ में दिखाई दे रहा है--4 लाख से अधिक पक्के घर बनकर तैयार हो चुके हैं।-लगभग 700 छात्रावास बनाए जा रहे हैं। 70 मोबाइल चिकित्सा इकाइयां अब दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच रही हैं।- 26,500 से अधिक गांवों में पाइप से पेयजल की सुविधा उपलब्ध है  जबकि 8,600 से अधिक घरों में बिजली कनैक्शन उपलब्ध हैं।-लगभग 2,200 गांव अब मोबाइल नैटवर्क से जुड़ चुके हैं और 280 से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्र प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और पोषण को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, प्रधानमंत्री 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैंताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सबसे दूरस्थ समुदाय भी पीछे न छूटें। 24,104 करोड़ रुपए के बजट के साथ, यह मिशन कई मोर्चों पर समावेशी प्रगति को गति दे रहा है रू -90,000 से ज्यादा पक्के घर बनाए गए हैं और 92,000 से ज्यादा घरों का विद्युतीकरण किया गया है।- घर-घर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए लगभग 700 मोबाइल चिकित्सा इकाइयों को मंजूरी दी गई है।-लगभग 6,700 गांवों को पाइप से पानी की सुविधा मिल चुकी है और 1,000 आंगनवाड़ी केंद्र अब कार्यरत हैं। ये दोनों प्रमुख मिशन मिलकर मोदी सरकार के इस संकल्प को दर्शाते हैं कि कोई भी गांव दूर नहीं है और कोई भी समुदाय देश की प्रगति में भाग लेने के लिए छोटा नहीं है, जिससे विकसित भारत का सपना जमीनी स्तर पर साकार हो रहा है। 2013-14 में, आदिवासी बच्चों के लिए अवसर कम थे केवल 119 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय लगभग 34,000 छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे और सीमित वित्तीय सहायता के कारण कई लोगों के सपने अधूरे थे। एक दशक बाद, तस्वीर बिल्कुल अलग है। 2025 तक, भारत में 479 ई.एम.आर.एस. होंगे जो 1,38 लाख युवाओं के मस्तिष्क का पोषण करेंगे, जिनमें से कई देश के सुदूर कोनों से आए पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। इस परिवर्तन में योगदान देते हुए, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संसाधनों की कमी के कारण कोई भी आदिवासी छात्र पीछे न छूटे। आज, लगभग 30 लाख आदिवासी छात्र हर साल छात्रवृत्ति प्राप्त करते हैं।

## सेहत मंत्र

# नीली रोशनी में रहने से ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों का खतरा कम: अध्ययन

भारत में ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारी के मरीजों की संख्या करोड़ों में है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि नीली रोशनी के संपर्क में रहने से ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेनटिव कॉर्डियोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बताया गया है कि ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए नीली रोशनी में रहना फायदेमंद हो सकता है। नीली रोशनी की किरणें मरीज के शरीर में उसी प्रकार असर करती हैं, जैसे सूरज की पराबैगनी किरणें। इस अध्ययन के मुताबिक शोध में भाग लेने वाले मरीजों के शरीर को 30 मिनट तक करीब 450 नैनोमीटर पर नीली रोशनी के संपर्क में रखा गया। जिसके बाद प्रतिभागियों का रक्तचाप, धमनियों का कड़ापन, रक्त वाहिका का फैलाव और रक्त प्लाज्मा का स्तर मापा गया। अध्ययन में पाया गया कि पराबैगनी किरणों की तरह नीली किरणों में रहने से कोई खतरा नहीं है क्योंकि ये कैंसरकारी नहीं हैं। ब्रिटेन के सरे विश्वविद्यालय और जर्मनी के हेनरिक हैनी विश्वविद्यालय डसेलडार्फ के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि पूरे शरीर के नीली रोशनी के संपर्क में रहने के चलते प्रतिभागियों के सिस्टोलिक (उच्च) रक्तचाप तकरीबन 8 एमएमएचजी कम हो गया जबकि सामान्य रोशनी पर इस तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। शोधकर्ताओं ने शोध के दौरान पाया कि नीली रोशनी के संपर्क में रहने से मरीजों के शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा बढ़ गई है। ये तत्व दिल की बीमारियों के खतरे को कम करता है और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से बचाता है। ऐसा माना जाता है कि नीली रोशनी त्वचा से सीधे रक्त में प्रवेश करती है और धमनियों को आराम देती है। इससे धमनियों में रक्त प्रवाह (ब्लड फ्लो) बढ़ता है और ब्लड प्रेशर कम होता है। हाई ब्लड प्रेशर में सबसे ज्यादा खतरा हृदय को होता है। जब ह्वदय को संकरी या सख्त हो चुकी रक्त वाहिकाओं के कारण पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता तो सीने में दर्द हो सकता है और अगर खून का बहाव रुक जाए तो हार्ट-अटैक भी हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# अरावली की गोद में छिपा मां अर्बुदादेवी का दिव्य धाम, 51 शक्तिपीठों में एक

अर्बुदादेवी मां दुर्गा के छठे रूप कात्यायनी के रूप में पहाड़ों के ऊपर गुफा में विराजमान हैं। यह मंदिर देश के 51 शक्तिपीठों में से एक है। वैसे तो इस मंदिर में साल भर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रहती है, लेकिन जब नवरात्रि आती है, तो यहां पर दिन भर मेले सा माहौल बना रहता है। माउंटआबू प्रदेश का न सिर्फ हिल स्टेशन बल्कि यह जगह धार्मिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में एक से बढ़कर एक पौराणिक धरोहरें भी हैं। इनमें से एक यहां पर स्थित अर्बुदादेवी मंदिर है। यह मंदिर देलवाड़ा मार्ग पर अरावली पर्वतमाला की ऊंची चोटी पर प्राकृतिक गुफा स्थित मां दुर्गा के छठे रूप मां कात्यायनी के रूप में विराजमान हैं। मां अर्बुदादेवी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 365 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। वहीं नवरात्रि के पावन मौके पर भक्तों को लंबी लाइनों में खड़े रहकर दर्शन का इंतजार करना पड़ता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक जब भगवान शिव अपनी पत्नी सती के मृत शरीर को लेकर तांडव नृत्य कर रहे थे। तब भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से देवी सती के शरीर को खंडित कर दिया था। इस दौरान माता सती के होंठ माउंटआबू में गिरे थे। जिस वजह से इस स्थान को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता मिली। वहीं इस मंदिर का नाम अधरदेवी पड़ा था। ऋषि वशिष्ठ ने माउंटआबू के शिखर पर यज्ञ किया था। जिससे कि पृथ्वी पर धर्म की रक्षा के लिए देवताओं की मदद प्राप्त की जा सके।

## पर्यटन



# जयपुर की शान है खूबसूरत नाहरगढ़ किला

राजस्थान में अरावली पहाड़ियों के बीच स्थित है नाहरगढ़ किला। जो दिखने में जितना अद्भुत है उतना ही विशाल भी। किले को जयसिंह द्वितीय ने सन 1734 में बनवाया था। जो एक विशाल दीवार द्वारा जयगढ़ किले से जुड़ा हुआ है। आमेर और जयगढ़ किले की ही तरह ये किला भी शहर की सुरक्षा का काम करता है। इसे देखने के लिए सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ती है। और तो और कई मशहूर फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और जोधा-अकबर फिल्मों के कई सीन यहां शूट हुए हैं। तो और क्या खासियत समेटे हुए है यह किला, जानेंगे इसके बारे में... पहले इस किले का नाम सुदर्शनगढ़ था जिसे बाद में बदलकर नाहरगढ़ रखा गया। महाराजा सवाई राम सिंह ने सन 1868 में किले के अंदर भवनों का निर्माण और विस्तार करवाया था। रानियों के लिए अलग-अलग और बहुत ही सुंदर खंड हैं। नाहरगढ़ किले से पूरे शहर का नजारा बहुत ही खूबसूरत नजर आता है। अगर आप एडवेंचर पसंद हैं तो किले तक पहुंचने के लिए 2 किमी का ट्रैक भी कर सकते हैं। यह किला 700 फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। जिसकी वजह से आज तक इस पर कोई आक्रमण नहीं कर पाया। नाहरगढ़ की सबसे खूबसूरत जगह है माधवेंद्र भवन, जिसे विद्याधर भट्टाचार्य ने डिज़ाइन किया था। भवन के अंदर आंतरिक साजसज्जा खूबसूरत भित्ति चित्रों और स्टको डिज़ाइन से की गई है। किले को शाही महिलाएं इस्तेमाल करती थी। किले में जनाना और मर्दाना महल का भी निर्माण करवाया गया था। 12 कमरों वाले माधवेंद्र भवन की खूबसूरती देखने लायक है। किले की आंतरिक साज सज्जा में भारतीय और यूरोपियन वास्तुकला का नायाब नमूना देखने को मिलता है। भवन में बने कक्ष गलियारों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। नाहरगढ़ किले की खूबसूरती रात के समय दोगुनी हो जाती है। कब जाएं- नाहरगढ़ किला घूमने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे बेस्ट होता है जब यहां का तापमान 20-24 डिग्री रहता है। ऐसे में आप आराम से किले की हर एक चीज़ को एन्जॉय कर सकते हैं। जयपुर लगभग सभी बड़े शहरों से जुड़ा है तो यहां तक पहुंचने के लिए ट्रांसपोर्टेशन की कोई दिक्कत नहीं।

# जयंती पर वीरांगना ऊदा देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि, ब्रिटिश हुकूमत के लिए सबक बनी : पुनिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। वीरांगना ऊदा देवी जी को जयंती पर आज भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। नगर के ओबरी स्थित सांसद आवास पर कंाग्रेस नेता पूर्व सांसद डा. पी.एल. पुनिया जी ने श्रद्धांजली देते हुये चित्र पर पुष्प अर्पित की। श्री पुनिया ने कहा कि, वीरांगना उदा देवी 1857 के प्रथम भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में अद्वितीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया था उनकी बहादुरी की कहानी उस दौर में ब्रिटिश हुकूमत के लिये एक सबक बन गयी थी। आज भी वह देश की स्वतन्त्रता के लिये बलिदान देने वाली दलित महिला योद्धा के रूप में जानी जाती है।

श्री पुनिया ने कहा कि, वीरांगना ऊदा देवी दलित महिलाओं को एकजुट करना तथा उन्हें बेगम हजरत महल के नेतृत्व में महिला बटालियन का गठन करना और महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं को अंग्रेजों के खिलॉफ लड़ने के लिये एकजुट कर प्रशिक्षण देना वह उनकी प्रथम वरीयता थी। वह पासी समाज की एक महान महिला योद्धा थी।

इस अवसर पर प्रवक्ता के.सी श्रीवास्तव, एडवोकेट वीरेन्द्र यादव, मोहम्मद इरफान कुरैशी, विजयपाल गौतम, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजय रावत, रामचन्द्र वर्मा, अश्वनी गौतम, पवन गौतम, धनन्जय सिंह, रमेश कश्यप, अकील इदरीशी, गोपी कनौजिया, आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

''रामसनेहीघाट '' तहसील क्षेत्र के गांव राजपुर में रविवार को पूर्व कंाग्रेस जिला सचिव मनीष रावत के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम की नायिका ऊदा देवी पासी की जयंती पूर्णश्रद्धा से मनाई गई।इस अवसर पर वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमनअर्पित किए गए। पूर्व जिला सचिव ने कहा कि ऊदा देवी पासी एक महान महिला क्रान्तिकारी थीं, जिन्होंने 1857 में 32 ब्रिटिश सैनिकों को मार गिराया था। वे लखनऊ जनपद के उजिरियाव गांव में पासी जाति में पैदा हुई थीं। उनके पति श्री मक्का पासी अवध के नवाब वाजिद अली शाह की पलटन में एक सैनिक थे।

इस मौके पर पूर्व जिला सचिव मनीष रावत,उमा चन्द्र रावत,बालेश्वर रावत, इन्द्रराज रावत,रोहित रावत, राहुल रावत,कमल नयन रावत, दान बहादुर रावत,सुधीर रावत,रितेश रावत, विवेक कुमार, साहिल,दीप चन्द्र रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# महादेवा महोत्सव का शुभारंभ आज, तैयारी पूर्ण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा महोत्सव की सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी व एसडीएम गुंजिता अग्रवाल के साथ अन्य अधिकारियों ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर बैरिकेडिंग व अमरनाथ गुफा की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।पूरे मेले की निगरानी सीसीटीवी बम निरोधक दस्ते अग्निशमन दल पुलिस व पीएसी बल द्वारा की जाएगी।झूले ब्रेक डांस ड्रैगन ट्रेन झूला बच्चों के स्विमिंग पूल व अन्य मनोरंजन उपकरण लगाए जा रहे हैं।सात दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ आज सोमवार को डीएम शशांक कुमार त्रिपाठी द्वारा किया जाएगा।अगहनी मेला के रूप में प्रसिद्ध यह आयोजन इस बार भी श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# सांप्रदायिक एकता का प्रतीक सिलौटा मंदिर का निर्माण पूर्ण

## पूर्णाहुति भंडारा श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। सिलौटा ग्राम के प्राचीन बाबा बेनीसागर जी के मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर ग्रामीणों द्वारा हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी गौरीकंात दीक्षित ने मंदिर में पहुँचकर दर्शन किए जहां ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया।क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर की मरम्मत कर इसे पुनः संरक्षित किया गया है।पंडित विष्णु कुमार शास्त्री ने विधिवत हवन पूजन कराया जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।गौरीकंात दीक्षित ने बाबा बेनी सागर को अलौकिक संत बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।इस धर्म कार्य में अनेकों क्षेत्रीय श्रद्धालु व ग्रामीण शामिल रहे।

## बेटी जन्मी तो महिला को पीटकर घर से निकाला

बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र में प्रसव के दौरान पुत्री के जन्म लेने पर महिला को उसके पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। मामले की सूचना पर मायके पक्ष ने पुलिस से शिकायत की, इसके बाद पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मूसाझाग के मर्रई निवासी किरन की शादी एक वर्ष पूर्व राजवीर संग हुई थी। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष को पुत्र होने की उम्मीद थी। पुत्री के जन्म लेने पर पति व अन्य परिजनों ने नाराज होकर पिटाई की और किरन को घर से बाहर निकाल दिया।पीड़िता ने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। मायके पक्ष तत्काल मौके पर पहुचा और मूसाझाग थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पीड़िता को जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया है।

# कछला से बदायूं बाइपास तक 272 मकानों व दुकानों को हटाने का काम शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-530बी) को छह लेन में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य तेज हो गया है। परियोजना के पहले चरण में कछला से बदायूं बाइपास तक सड़क चौड़ीकरण के लिए करीब 272 मकानों व दुकानें, होटल व ढाबे हटाए जाने हैं। एनएचएआई की ओर से हाल ही में सभी प्रभावित निर्माणों पर लाल निशान लगाए जाने के बाद क्षेत्र में हलचल बढ़ गई है। इस पूरे काम के लिए 1085.47 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इस बजट से सड़क निर्माण व लोगों को मुआवजा देने का काम किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए मकानों पर दुकानों पर लगे लाल निशान के बाद कई परिवारों ने भारी नुकसान से बचने के लिए अपने मकान स्वयं तोड़ना शुरू कर दिए हैं। कई जगह लोग मजदूर लगवाकर छतें व दीवारें गिराते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि जब हटना ही है तो खुद ही हटाकर नुकसान कम किया जाए। प्रशासन ने प्रभावित लोगों को एक माह के भीतर अपने निर्माण स्वयं हटाने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा पूरी होने के बाद जो निर्माण नहीं हटाए जाएंगे, उन्हें जेसीबी मशीन की मदद से बलपूर्वक गिराया जाएगा। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण, छोटी पुलिया समेत अन्य कार्यों को किया जाएगा। लोगों में चिंता, पर सुरक्षा और विकास की उम्मीद भी कुछ प्रभावित परिवारों ने चिंता जताई कि कई वर्षों की कमाई से बनाए गए मकान गिरने से उन्हें आर्थिक चोट लगेगी। वहीं, दूसरी ओर कई लोगों का कहना है कि हाईवे चौड़ा होने से क्षेत्र में यातायात सुगम, दुर्घटनाएं कम होंगी और भविष्य में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। कछला निवासी दुकानदार रमेश ने बताया कि हमारी दुकान मुख्य सड़क से लगी है, इसलिए हटना तय है। दुख जरूर है, लेकिन सरकार सड़क चौड़ी कर रही है तो फायदा भी होगा। ग्राहक भी बढ़ेंगे। सबसे ज्यादा मेडिकल कॉलेज के पास टूट रहा स्थायी निर्माण राजकीय मेडिकल कॉलेज संचालित होने की वजह से वहां रोजगार की संभावनाएं बढ़ गईं थीं। इसकी वजह से लोगों ने अपनी-अपनी जगहों पर सुविधा अनुसार स्थायी निर्माण कराके व्यापार करना शुरू कर दिया था। लेकिन बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के चलते वह जद में आ गए। ऐसे में वहां पर चार तीन मंजिला घर समेत 11 मेडिकल स्टोर की दुकानों के अलावा चाय-समोसे की दुकानें भी हैं। बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण को लेकर कुछ जगह अधिग्रहण किया गया है। उसके तहत संबंधित को मुआवजा दे दिया है। एक माह के अंदर निर्माण तोड़ने का निर्देश दिए हैं। अधिकांश लोग स्वयं ही अपना निर्माण तोड़ रहे हैं। समय अवधि पूरी होने के बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी। -उत्कर्ष शुक्ला, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

## कोषागार ने जीवित प्रमाण पत्र के सम्बंध में जारी किए दिशा निर्देश

बदायूँ। वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोषागार बदायूँ से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर जिनकी पेंशन जीवित प्रमाण-पत्र समयान्तर्गत न देने के कारण वंचित हो गयी हो अथवा जिनके जीवित प्रमाण-पत्र की समयसीमा समाप्त हो गयी हो, वह अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में स्वयं उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की बेबसाइट ूएरममअंदचतंउंदण्हवअण्पद पर अपलोड कर कोषागार बदायूँ में भेज सकते हैं अथवा अपने स्मार्टफोन के प्लेस्टोर में आधार फ़ेस आरडी एप इंस्टॉल करें तथा पुनः प्लेस्टोर से ही जीवन प्रमाण एप इंस्टॉल कर ओपन करें तथा अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार बदायूँ में प्रेषित कर सकते हैं।

## जिला अस्पताल में लापरवाही, सीटी स्कैन में सब कुछ ओके पर अल्ट्रासाउंड में दिखी पथरी

बदायूं। जिला अस्पताल में एक मरीज ने सीटी स्कैन कराया, जिसकी रिपोर्ट में सबकुछ सामान्य बताया गया। लेकिन मरीज के पेट में दर्द बंद नहीं हुआ तो उसने दूसरी जगह अल्ट्रासाउंड कराया। अल्ट्रासाउंड में पथरी पाई गई। बदायूं के जिला अस्पताल में संचालित सीटी स्कैन की जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठा है। एक मरीज के सीटी स्कैन में सभी कुछ सामान्य बताया गया। जबकि कुछ देर बाद किए गए अल्ट्रासाउंड में पथरी पाई गई। रिपोर्ट में आए इस परिणाम से मरीज और उसके परिजन परेशान हो उठे। परिजन जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय के पास पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत की। शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे परिजन महेश सिंह का कहना है कि मरीज को लगातार पेट दर्द की शिकायत थी। इसके बाद जिला अस्पताल के डॉक्टर जीके गुप्ता ने पहले सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। अस्पताल में एनएचएम के तहत संचालित रेडियोलॉजी विभाग में कराए गए सीटी स्कैन में सब कुछ ओके बताया गया, लेकिन दर्द कम न होने पर परिजनों ने अल्ट्रासाउंड करवाया। इसमें स्पष्ट रूप से चार स्टोन (पथरी) का पता चला। इससे सीटी स्कैन की गुणवत्ता और मशीनों की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठने लगे हैं। सीएमएस ने मांगा स्पष्टीकरण शिकायत मिलते ही सीएमएस ने मामले को बेहद गंभीर माना। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में इस तरह के अलग-अलग रिपोर्ट बेहद चिंताजनक हैं। मरीज को सही रिपोर्ट देना हमारी पहली प्राथमिकता है। अगर मशीन में तकनीकी समस्या है तो तुरंत ठीक कराया जाएगा और यदि लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदार स्टाफ पर कार्रवाई होगी। सीएमएस ने रेडियोलॉजी विभाग से स्पष्टीकरण भी मांगा है और संबंधित रिकॉर्ड की जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मरीजों में चिंता बढ़ी इस घटना के बाद अस्पताल में अन्य मरीजों में भी चिंता का माहौल है। कई लोगों ने कहा कि अगर रिपोर्ट गलत आएगी तो गलत इलाज का खतरा बढ़ जाएगा। परिजनों ने मांग की है कि अस्पताल प्रशासन सीटी स्कैन मशीन की कार्यक्षमता और रिपोर्ट तैयार करने वाले स्टाफ की कार्यशैली की पूरी समीक्षा करवाए। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि सीटी स्कैन रिपोर्ट में गड़बड़ी पाई गई है। इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीजों को दवाएं देते हैं। अगर रिपोर्ट ही गलत आएंगी, तो इससे इलाज में दिक्कत हो सकती है।

## ग्राम पंचायत सिंघनी में घोटाले का बड़ा खुलासा

सुल्तानपुर। विकास खंड बल्दीराय की ग्राम पंचायत सिंघनी में विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं का पर्दाफाश हुआ है। जिलाधिकारी ने गंभीर आरोपों की पुष्टि होने पर ग्राम प्रधान विकास यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।ग्रामीण प्रवीण कुमार सिंह की शपथपत्रयुक्त शिकायत के आधार पर हुई जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ग्राम प्रधान ने मनरेगा मजदूरी मद से ?3,53,105 राशि अपने ही भाई के खाते में ट्रांसफर कराई थी। डीएम के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी को जांच अधिकारी बनाया गया। जांच में इंटरलॉकिंग, खड़ंजा मरम्मत, शौचालय मरम्मत, विद्यालय गेट निर्माण, चबूतरा, सीसी रोड समेत कई कार्यों में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं।जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने ग्राम प्रधान से जवाब तलब किया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि आवश्यक जवाब न मिलने पर प्रधान पद से संबंधित सभी वित्तीय, प्रशासनिक एवं क्रियात्मक अधिकारों पर रोक लगाई जाएगी।नोटिस जारी होते ही ग्राम पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है और ग्रामीणों में इस कार्रवाई को लेकर व्यापक चर्चा बनी हुई है।

## टीचर प्रीमियर लीग प्रतियोगिता हेतु टीम की हुई घोषणा

लंभुआ/सुल्तानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग में आयोजित होने वाली टीचर प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के लिए सुलतानपुर जनपद के लंभुआ ब्लॉक टीम की घोषणा हुई। जिसमें लंभुआ ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह को टीम के मेंटोर एवं विक्रम सिंह को टीम का कप्तान बनाने का निर्णय लिया गया।टीचर प्रीमियर लीग बेसिक शिक्षकों का आपस में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न कराने हेतु एक पहल है जिसके दूसरे सीजन के लिए टीम की घोषणा की गई। टीम मेंटोर रणवीर सिंह ने बताया कि खेल स्वस्थ जीवन का आधार है इसलिए टीचर प्रीमियर लीग प्रतियोगिता मनोरंजन के साथ साथ शिक्षकों के स्वस्थ जीवनचर्या में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बैठक में अनुपस्थित रहे कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर व अधिशासी अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद के विकास कार्यों, 50 लाख रुपए से अधिक व कम के निर्माण कार्यों आदि के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने बैठक में बिना बताए अनुपस्थित रहने पर कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर व उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए साथ ही उसकी प्रतिलिपि उनके मैनेजिंग डायरेक्टर को भेजने के लिए भी कहा।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की जिला अनुश्रवण पुस्तिका में अक्टूबर 2025 तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अक्टूबर 2025 में जनपद को विकास कार्यों में प्रदेश स्तर पर 14वीं व राजस्व कार्यों में 12वीं तथा विकास व राजस्व को मिलकर कंपोजिट में आठवीं रैंक प्राप्त हुई है, जोकि मंडल स्तर पर क्रमशः 2, 3 व 3 रैंक है। जनपद को 59 कार्यक्रमों में 'ए' श्रेणी, 07 कार्यक्रमों में 'बी' श्रेणी, 04 कार्यक्रमों में 'सी' श्रेणी तथा 03 कार्यक्रमों में 'डी' श्रेणी, प्राप्त हुई है। सीडीओ ने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के निर्माण व अन्य कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण व अनुश्रवण करने के निर्देश भी दिए।

50 लाख रुपए से अधिक व कम रुपए के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि धनराशि के अभाव में कोई भी निर्माण कार्य अधूरा नहीं रहेगा। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी शासन से पत्राचार का धनराशि का आवंटन करवाएं तथा निर्माण कार्यों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपूर्ण कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित विभागीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि जनपद में संस्कृति विभाग के दो कार्य अनारम्भ हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय व कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को शासन से समन्वय कर निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने के लिए कहा। वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड प्रखंड बरेली द्वारा स्वास्थ्य विभाग के दो अपूर्ण कार्यों को पूर्ण की सूचना देने पर अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जो कार्य अपूर्ण है उसकी पूर्ण की सूचना किसी भी दशा में ना दी जाए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हैण्डओवर प्रक्रिया के लिए जनपद में सीडीओ की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

सीडीओ ने बताया कि आगामी 25 नवंबर 2025 को जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया की नए दिशा निर्देशों के तहत अब एक लाख रुपए प्रति जोड़ा व्यय किया जाएगा जिसमें से 60 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में दिए जाएंगे, 25 हजार रुपए का कन्या व वर के लिए सामान दिया जाएगा तथा 15 हजार रुपए आयोजन पर व्यय होंगे। उन्होंने अधिकारियों से आयोजन के दौरान जोड़ों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस कराने तथा ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों को ठीक प्रकार से जांच कराने के निर्देश भी दिए ताकि भविष्य में कोई विषम स्थिति उत्पन्न ना हो। जनपद को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 784 का लक्ष्य मिला है जिसके सापेक्ष 1409 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, बस अड्डे पर भाई को छोड़कर लौट रहा था घर

बदायूं। रविवार सुबह भाई को मुजरिया बस स्टैंड पर छोड़कर बाइक से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक जयदेव (18) पुत्र गंगाराम मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव मुड़सान नगला का रहने वाला था। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस वाहन की तलाश के साथ ही जांच कर रही है। युवक हेलमेट नहीं लगाए था। परिजनों न बताया कि हादसा मुजरिया थाना क्षेत्र के हसुआ नगला तिराहे के पास हुआ। जयदेव की शादी आठ दिन पहले ही तय हुई थी। इसके बाद से घर में तैयारियों व खुशी का माहौल था। रविवार को परिवार में उस समय कोहराम मच गया जब उसकी मौत की सूचना परिजनों को मिली। जयदेव पिता के साथ खेती में हाथ बंटाता था। मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हार्मर और यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 30 रनों से हराया

एजेंसी

कोलकाता। कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 55) की जुझारू पारी के बाद साइमन हार्मर (चार विकेट), मार्को यानसन और केशव महाराज ( दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विश्व चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में तीसरे ही दिन भारत को रविवार को 30 रनों से हरा दिया।



124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत को तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने भोजनकाल से पहले यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल को सस्ते में निपटा दिया। भोजनकाल तक भारत ने दो विकेट पर 10 रन बना लिये थे। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में मार्को यानसन ने यशस्वी जयसवाल (शून्य) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने तीसरे ओवर में केएल राहुल को भी उसी तरह आउट कराकर दिखाया कि बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पिच पर वह आसानी से भारत को जीतने नहीं देंगे। भारत का तीसरा विकेट 15वें ओवर में ध्रुव जुरेल (13) के रूप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज बेबस नजर आये और तू चल मैं आया की तर्ज पर एक-एक कर पवेलियन लौटते चले गये। ऋषभ पंत (दो) और रवींद्र जडेजा (18) को हार्मर ने आउट किया। 31वें ओवर में एडन मारक्रम ने वॉशिंगटन सुंदर (31) को आउटकर भारत की मैच जीतने की उम्मीद को खत्म कर दिया। 35वें ओवर में केशव महाराज ने अक्षर पटेल (26) और मोहम्मद सिराज को आउटकर भारत की दूसरी पारी का 93 के स्कोर पर अंत कर दिया। केशव महाराज ने अपने ओवर में एक चौका और दो छक्के खाने के बाद अक्षर पटेल का शिकार किया।

इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो रन देकर दो विकेट) और जसप्रीत बुमराह (एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सुबह के सत्र में भोजनकाल से पहले दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी को 153 रनों के स्कोर पर समेट दिया।

कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 55) की जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और मुश्किल पिच पर भारत को जीत के लिए 124 रनों का लक्ष्य मिला।

# हमें इस लक्ष्य को हासिल करना चाहिए था: पंत

एजेंसी

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रन का पीछा नहीं कर पाने पर अफसोस जताते हुए उप कप्तान ऋषभ पंत ने रविवार को कहा कि बल्लेबाजों को ईडन गार्डन्स की मुश्किल पिच पर खेलने की चुनौती के अनुकूल ढल जाना चाहिए था।

भारतीय टीम दूसरी पारी में 93 रन पर ढेर हो गई जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 30 रन की जीत से दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। चोटिल होने के कारण नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आए पंत ने कहा ''इस तरह के मैच के बाद आप इसके बारे में ज्यादा सोचते हुए नहीं रह सकते। हमें इस लक्ष्य को हासिल करना चाहिए था। दूसरी पारी में दबाव बढ़ता जा रहा था। हम फायदा नहीं उठा पाए। विकेट से (गेंदबाजों को) मदद मिल रही थी। पंत ने कहा कि मेजबान टीम गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट मैच में मजबूती से वापसी करेगी। उन्होंने आगे कहा, ''इस तरह की मुश्किल पिचों पर 120 रन का स्कोर मुश्किल हो सकता है।



लेकिन फिर भी हमें दबाव झेलकर बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने सुधारों के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन हम निश्चित रूप से मजबूत वापसी करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा और कॉर्बिन बॉश के बीच आठवें विकेट के लिए हुई 44 रन की साझेदारी मैच का 'टर्निंग प्वाइंट' थी। पंत ने कहा, ''तेम्बा और बॉश ने सुबह अच्छी साझेदारी की। उनके बीच की इस साझेदारी से हमें नुकसान पहुंचा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने अपनी टीम को मैच में बनाए रखने का श्रेय गेंदबाजों को दिया। बावुमा ने कहा, ''हम इन मैचों के नतीजे में सही तरफ रहना चाहते हैं। यह हमारे लिए मुश्किल था और हमें वापसी के लिए गेंदबाजों की जरूरत थी। उन्होंने कहा, ''हम अपने गेंदबाजों को बार-बार बदलते रहे जो हमारे लिए कारगर रहा। हमारे गेंदबाजों ने हर बार मदद की। बावुमा ने रविवार को तीसरे दिन के पहले घंटे में कुछ अहम रन जोड़ने में मदद के लिए बॉश को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ''बॉश के साथ मेरी साझेदारी अच्छी रही। आज सुबह विकेट बेहतर था, उतना ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला नहीं था। ऐसा हर बार नहीं होता कि 120 रन बनाने के बाद आपको लगे कि आप मैच में हैं। बावुमा ने नाबाद 55 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को बचाव का मौका मिला और वह अपने प्रयास से खुश थे। 'मैन ऑफ द मैच' बने साइमन हार्मर आठ विकेट लेकर जीत में योगदान देकर खुश थे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगा कि आज पिच थोड़ी सपाट थी क्योंकि गेंद पुरानी हो गई थी। यह उतनी तेजी से नहीं उछल रही थी। पर योगदान देकर अच्छा लगा। हार्मर ने कहा, ''मैं जीत से खुश हूं। श्रृंखला में अभी एक मैच बाकी है, इसलिए हम इसका आनंद लेंगे।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को सात रनों से हराया

एजेंसी

क्राइस्टचर्च। डैरिल मिशेल (119) और डेवन कॉन्वे (49) की शानदार बल्लेबाजी के बाद काइल जेमीसन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को रोमांचक मुकाबले में सात रनों से हराया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के खिलाफ काइल जेमीसन ने जॉन कैंपबेल (चार) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद केसी कार्टी और ऐलेक ऐथनेज की जोड़ी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने ऐलेक ऐथनेज (29) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे



वेस्टइंडीज के बल्लेबाज नहीं खेल पाये। केसी कार्टी (32), कप्तान शाई होप (37), रॉस्टन चेज (16) रन बनाकर आउट हुये। शरफ़ेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज के लिए 61 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 55 रनों की पारी खेली। रोमारियो शेफर्ड और जस्टिन ग्रीव्स आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के बावजूद वेस्टइंडीज को जीत नहीं दिला पाये। इन दोनों बल्लेबाजों ने आखिरी तीन ओवरों में 37 रन ठोके। वेस्टइंडीज 50 ओवर में छह विकेट पर 262 रन ही बना सकी और मुकाबला सात रनों से हार गई। 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डैरिल मिशेल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने डैरिल मिशेल की (119) की शतकीय पारी के दम पर सात विकेट पर 269 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# स्लोवेनिया से हार के साथ भारतीय टेनिस टीम की क्वालीफायर की उम्मीदें खत्म

एजेंसी

बेंगलुरु। शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ में स्लोवेनिया से 2-1 से हार के साथ भारतीय महिला टेनिस टीम की पहली क्वालीफायर में जगह बनाने की उम्मीद खत्म हो गई। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को ग्रुप जी में दुनिया की 14वें नंबर की नीदरलैंड और 19वें नंबर की स्लोवेनिया के साथ रखा गया था।

स्लोवेनिया, जिसने पहले मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया था, 2026 के क्वालीफायर्स में आगे बढ़ने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि भारत और नीदरलैंड 2026 के लिए अपने-अपने क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ गए। विश्व की 381वें नंबर की खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदिपति ने भारत के अभियान की शुरुआत 2021 फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा ज़िदानसेक के खिलाफ की, जो वर्तमान में महिला एकल में 162वें स्थान पर हैं। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन दो घंटे 19 मिनट में 6-3, 4-6, 6-1 से हार गईं। ज़िदानसेक ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और 4-0 की बढ़त बना ली, जबकि भामिदिपति को अपनी सीमा हासिल करने में दिक्कत हो रही थी। भारतीय खिलाड़ी ने छठे गेम में वापसी की, लेकिन स्लोवेनियाई खिलाड़ी की शुरुआती बढ़त बरकरार रही और उन्होंने सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। भामिदिपति ने दूसरे सेट के शुरुआती गेम में भी ब्रेक किया और 5-1 की बढ़त बना ली। ज़िदानसेक ने आठवें गेम में ब्रेक हासिल किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने खुद को संभाला और निर्णायक सेट में जगह बनाई। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी, सहजा यामालापल्ली, जो विश्व रैंकिंग में 309वें स्थान पर हैं, को विश्व रैंकिंग में 98वें स्थान पर काजा जुवान से एक घंटे 30 मिनट में 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट 4-4 की बराबरी पर था, लेकिन नौवें गेम में यामालापल्ली ने अपनी सर्विस गंवा दी, जिससे जुवान को बढ़त मिल गई। स्लोवेनियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और चौथे और छठे गेम में सर्विस तोड़कर अपनी टीम के लिए मुकाबला जीत लिया। युगल मुकाबले में, एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बारे ने दलिला जाकुपोविक और नीका रेडिसिक पर 1-6, 6-3, 10-7 से जीत हासिल करके भारत को बढ़त दिलाई और स्लोवेनिया को क्लीन स्वीप से रोक दिया। पहले सेट में जल्दी पिछड़ने के बाद, अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे ने दूसरे सेट में दो ब्रेक के साथ टाई-ब्रेकर के लिए मजबूर किया। इसके बाद भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने टाई-ब्रेकर में 6-6 से तीन क्लच पॉइंट जीते और 9-6 की बढ़त बनाकर जीत पक्की कर ली। भारत रविवार को नीदरलैंड्स से भिड़ेगा, जिसमें डच टीम की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुज़ैन लामेंस करेंगी। भारत ने अप्रैल में एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक इवेंट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद प्ले-ऑफ में जगह बनाई थी। इस स्तर पर उनका आखिरी प्रदर्शन 2021 में हुआ था, जब वे लातविया से 3-1 से हार गए थे।

# अगले सप्ताह खुलेंगे 2 नए आईपीओ, 7 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। सोमवार यानी 17 नवंबर से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट की हलचल तुलनात्मक रूप से ठंडी रहने वाली है। इस सप्ताह सिर्फ 2 कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें से 1 आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि दूसरा आईपीओ एसएमई सेगमेंट का है। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए लांच हुए दो कंपनियों के आईपीओ में भी 17 और 18 नवंबर तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो सात कंपनियों के शेयर इस सप्ताह लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन 19 नवंबर को गैलार्ड स्टील का 37.50 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस इश्यू में 21 नवंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 142 रुपये से लेकर 150 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 25 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 24 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट होगा। इसके बाद 26 नवंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 19 नवंबर को ही एक्सेल सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज का 500 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस इश्यू में 21 नवंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 114 रुपये से लेकर 120 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 125 शेयर का है। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 1.50 करोड़ नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके अलावा ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये भी 2.67 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी।

# घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार गिरावट, सोना और चांदी के घटे भाव

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव में जोरदार गिरावट नजर आ रही है। सोना आज 1,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 4,200 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,080 रुपये से लेकर 1,25,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,650 रुपये से लेकर 1,14,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो आज की



गिरावट के बावजूद सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,060 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 2,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी इस सप्ताह जबरदस्त तेजी आई है। इस सप्ताह के कारोबार में ये चमकीली धातु पिछले सप्ताह की तुलना में 16,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,230 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,080 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,14,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,25,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# जीएसटी सुधारों के बाद कृत्रिम धागों से मिलेगी कपड़ा उद्योग को गति

एजेंसी

नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत नयी पीढ़ी के सुधारों में कपास और कृत्रिम धागों (एमएमएफ) पर कर की दर एक समान पांच प्रतिशत कर दी गयी है जिससे कपड़ा उद्योग की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है। कपड़ा उद्योग पारंपरिक रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद में कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग का योगदान 2.3 प्रतिशत रहा। कुल औद्योगिक उत्पादन में इसका योगदान 13 प्रतिशत और निर्यात में 12 प्रतिशत है। भारत कपड़े और वस्त्रों का दुनिया में छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 34.4 अरब डॉलर का कपड़ा (तैयार वस्त्र और अन्य उत्पाद समेत) निर्यात किया गया था और इस क्षेत्र के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी 3.91 प्रतिशत है। कृषि के बाद यह सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। इसमें 4.5 करोड़ लोग सीधे काम करते हैं। कपास उगाने में पानी की काफी खपत के कारण यह अधिक महंगा होता है। यही कारण है कि दुनिया में अब कृत्रिम धागे ही ज्यादा इस्तेमाल किये जाते हैं। जीएसटी के तहत सितंबर तक कपास पर पांच प्रतिशत और एमएमएफ पर 18 प्रतिशत कर लग रहा था। कारण देश में एमएमएफ का इस्तेमाल अब भी कपास से पीछे है। गत 22 सितंबर से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों में अब कपास और एमएमएफ दोनों पर बराबर कर लगाया जा रहा है। डोढिया समूह के निदेशक भद्रेश डोढिया ने बताया कि जीएसटी सुधारों के बाद अब एमएमएफ को कॉटन से बेमेल प्रतिस्पर्धा नहीं करनी होगी। इससे कीमतें कम होंगी और निर्यात में भारती उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे तथा घरेलू बिक्री बढ़ेगी। कॉटन और कृत्रिम धागों की तुलना पर उन्होंने कहा, ''यह सही है कि कपास का स्पर्श, संवदेन और वह जिस तरह से शरीर तक हवा पहुंचने देता है, किसी और कपड़े के लिए उसकी जगह लेना आसान नहीं होगा। लेकिन आज कपड़ा उद्योग सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं है।

# पीएमआई आंकड़ों, अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता की प्रगति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा और भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ताओं में प्रगति आने वाले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकती है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुझानों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा, ''बाजार की दिशा कुछ बड़े आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जैसे भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका में बेरोजगारी दावों के आंकड़े, फ़ेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमओसी) की बैठक का ब्योरा, और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं में प्रगति। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण मजबूत बुनियादी बातों, स्पष्ट आय दृश्यता और संरचनात्मक अनुकूल परिस्थितियों वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा, वित्त वर्ष 2025- 26 की दूसरी छमाही में संभावित उन्नयन के लिए पोर्टफोलियो की स्थिति बनाना होगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,346.5 अंक या 1.62 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 417.75 अंक या 1.64



**शेयर समीक्षा**

प्रतिशत के लाभ में रहा। उन्होंने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह का अंत मजबूती के साथ किया, जिसमें अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' के समाधान के कारण बेंचमार्क सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई, जिसे मजबूत घरेलू बुनियादी बातों, अपेक्षा से अधिक दूसरी तिमाही की आय और घटती मुद्रास्फीति का समर्थन प्राप्त हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख (धन प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''पूंजी बाजार से जुड़े शेयर भी सक्रिय रहे, जिन्हें मजबूत खुदरा भागीदारी, एसआईपी प्रवाह में वृद्धि और हालिया तथा आगामी आईपीओ के प्रति उत्साह का समर्थन प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे कहा कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी रहने की संभावना है, जिसे मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, अच्छे तिमाही नतीजों और बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिले मजबूत चुनावी जनादेश से समर्थन मिलेगा, जिससे केंद्र में राजनीतिक स्थिरता को बल मिलेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि हाल की कमजोरी के बाद, सप्ताह के दौरान बाजारों में जोरदार उछाल आया और अंत में यह बढ़त के साथ बंद हुआ।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 2.05 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,05,185.08 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,346.5 अंक या 1.62 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 417.75 अंक या 1.64 प्रतिशत चढ़ गया। हाल की कमजोरी के दौर के बाद सप्ताह के दौरान बाजार में जोरदार उछाल आया और अंत में यह मजबूती के साथ बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 55,652.54 करोड़ रुपये बढ़कर 11,96,700.84 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार हैसियत 54,941.84 करोड़ रुपये बढ़कर 20,55,379.61 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 40,757.75 करोड़ रुपये बढ़कर 11,23,416.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,834.35 करोड़ रुपये बढ़कर 9,80,374.43 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 10,522.9 करोड़ रुपये बढ़कर 8,92,923.79 करोड़ रुपये और इन्फोसिस की बाजार हैसियत 10,448.32 करोड़ रुपये बढ़कर 6,24,198.80 करोड़ रुपये हो गई। एचडीएफसी बैंक ने सप्ताह के दौरान 9,149.13 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण 15,20,524.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 2,878.25 करोड़ रुपये बढ़कर 5,70,187.06 करोड़ रुपये रही। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 30,147.94 करोड़ रुपये घटकर 6,33,573.38 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार हैसियत 9,266.12 करोड़ रुपये घटकर 5,75,100.42 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से चलता है संघ : भागवत

एजेंसी

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों के भाव बल और जीवन बल से ही संघ चलता है। मानसिकता से हर स्वयंसेवक प्रचारक ही हो जाता है। संघ की यही जीवन शक्ति है। संघ यानी हम लोग स्वयंसेवक हैं। संघ याने स्वयंसेवकों का जीवन और उनका भावबल है। आज संघ बढ़ गया है। कार्य की दृष्टि से अनुकूलताएं और सुविधाएं भी बढी है, परंतु इसमें बहुत सारे नुकसान भी हैं। हमें वैसा ही रहना है जैसा हम विरोध और उपेक्षा के समय थे, उसी भावबल से संघ आगे बढ़ेगा।




डॉ. मोहनराव भागवत रविवार को पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में ज्ञान गंगा प्रकाशन की ओर से आयोजित '...और यह जीवन समर्पित' ग्रंथ के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। यह पुस्तक राजस्थान के दिवंगत संघ 24 प्रचारकों की जीवन गाथा का संकलन है। संघ कार्य के बारे में उन्होंने कहा कि संघ ऐसे ही समझ में नहीं आता है। इसे समझने के लिए प्रत्यक्ष अनुभूति की आवश्यकता होती है, जो संघ में प्रत्यक्ष आने के बाद ही प्राप्त हो सकती है। कई लोगों ने संघ की स्पर्धा में संघ जैसी शाखाएं चलाने का उपक्रम किया, लेकिन पंद्रह दिन से ज्यादा किसी की शाखा नहीं चली। हमारी सौ साल से चल रही है और बढ़ भी रही है। क्योंकि संघ स्वंयसेवकों के भाव–बल और जीवन बल पर चलता है। डॉ. भागवत ने कहा कि आज संघ का काम चर्चा और समाज के स्नेह का विषय बना हुआ है। संघ के स्वयंसेवकों और प्रचारकों ने क्या क्या किया है, इसके डंके बज रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौ साल पहले कौन कल्पना कर सकता था कि ऐसे ही शाखा चलाकर राष्ट्र का कुछ होने वाला है? लोग तो कहते ही थे कि हवा में डंडे घुमा रहे हैं। ये क्या राष्ट्र की सुरक्षा करेंगे? लेकिन आज संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है और समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है। उन्होंने प्रचारकों और वरिष्ठ स्वयंसेवकों के जीवन पर आधारित नए ग्रंथ '...और यह जीवन समर्पित' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पुस्तक केवल गौरव की भावना नहीं जगाती, बल्कि कठिन रास्ते पर चलने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि वे इस परंपरा को न केवल पढ़ें, बल्कि अपने जीवन में उतारें यदि उनके तेज का एक कण भी हमने अपने जीवन में धारण कर लिया, तो हम भी समाज और राष्ट्र को आलोकित कर सकते हैं। कार्यक्रम के आरंभ में पुस्तक का परिचय और प्रस्तावना संपादक भागीरथ चौधरी ने रखी। आभार ज्ञान गंगा प्रकाशन समिति के अध्यक्ष डॉ. मुरलीधर शर्मा ने प्रकट किया। समिति के उपाध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा ने सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारत के सार्वजनिक खजाने का संरक्षक : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने यहां रविवार को देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) को सार्वजनिक खजाने का संरक्षक बताया। इस अवसर पर श्री राधाकृष्णन ने सीएजी की सार्वजनिक धन की सुरक्षा और सुशासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

श्री राधाकृष्णन ने यह बात पांचवें लेखापरीक्षा दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया भर के सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों का एक ही उद्देश्य है, सार्वजनिक धन की रक्षा करना और सुशासन को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि भारत का सीएजी सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के सिद्धांतों को कायम रखते हुए गर्व से खड़ा है। श्री राधाकृष्णन ने सीएजी की रिपोर्टों को तथ्यात्मक, साक्ष्य-आधारित और भारत की 'नैतिक संपदा' का केंद्र बताया। श्री राधाकृष्णन ने केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों के लिए 'एक राष्ट्र, एक वस्तु व्यय शीर्ष' अधिसूचित करने के लिए सीएजी की सराहना करते हुये कहा कि यह एक ऐसा सुधार है जो सरकारी व्यय की पारदर्शिता और तुलनात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

श्री राधाकृष्णन ने एआई, बिग डेटा, ब्लॉकचेन और मशीन लर्निंग में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीएजी ने 'वन इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स डिपार्टमेंट' (आईएडी) वन सिस्टम, एआई-आधारित ऑडिट फ्रेमवर्क और कई अन्य उपायों जैसी पहलों के माध्यम से, प्रौद्योगिकी, पूर्वानुमान विश्लेषण और जनरेटिव एआई को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन के डीएनए में समाहित कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी अपनाने से जोखिम का पता लगाने, दक्षता और साक्ष्य-आधारित शासन में सुधार होगा, जिससे सार्वजनिक धन का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इसे प्राप्त करने के लिए, हमें भविष्य के लिए तैयारी और नागरिक-केंद्रित सिविल सेवा की आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री ने सूरत में बुलेट ट्रेन परियोजना टीम के सदस्यों से बातचीत की

एजेंसी

सूरत/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की टीम के सदस्यों से बातचीत की और उनसे समय-सारिणी के लक्ष्यों के पालन सहित परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ने देश की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) की प्रगति की समीक्षा शनिवार को की थी और सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया था। यह परियोजना देश के हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के युग में प्रवेश का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने समीक्षा के साथ ही बुलेट ट्रेन से जुड़े कई कर्मचारियों बातचीत की। केरल की इंजीनियर ने गुजरात के नवसारी के नॉइज़ बैरियर फ़ैक्टरी में काम करने का अनुभव साझा किया, जहां रीबार केज वेल्डिंग के लिए रोबोटिक इकाइयों का उपयोग किया जा रहा है। श्री मोदी ने उनसे देश की पहली बुलेट ट्रेन के निर्माण के व्यक्तिगत अनुभव और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को परिजनों के साथ साझा करने के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि देश की पहली बुलेट ट्रेन के निर्माण में योगदान पर गर्व होता है। उन्होंने इसे परिजनों के साथ 'ड्रीम प्रोजेक्ट' और स्वयं के लिये 'गर्व का क्षण' बताया। मुख्य इंजीनियरिंग प्रबंधक के तौर पर कार्यरत बेंगलुरु की श्रुति ने श्री मोदी को डिज़ाइन और इंजीनियरिंग नियंत्रण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि कार्यान्वयन के प्रत्येक चरण में, उनकी टीम लाभ और हानि का मूल्यांकन करती है, समाधानों की पहचान करती है, और दोषरहित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विकल्पों की खोज करती है।

एमएएचएसआर लगभग 508 किलोमीटर लंबी परियोजना है, जिसमें 352 किलोमीटर गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली और 156 किलोमीटर महाराष्ट्र में आते हैं। यह कॉरिडोर साबरमती, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा, वापी, बोईसर, विरार, ठाणे और मुंबई सहित प्रमुख शहरों को जोड़ेगा, जो भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे में एक परिवर्तनकारी कदम होगा। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत इंजीनियरिंग तकनीकों से निर्मित इस परियोजना में 465 किलोमीटर (मार्ग का लगभग 85 प्रतिशत) पुलों पर बनना है, जिससे न्यूनतम भूमि व्यवधान और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होती है। अब तक, 326 किलोमीटर के मार्ग पर पुलों का काम पूरा हो चुका है। औ 25 में से 17 नदी पुलों का निर्माण पहले ही हो चुका है। इस परियोजना के पूरा होने पर, बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के समय को लगभग दो घंटे तक कम कर देगी। इस परियोजना से पूरे कॉरिडोर पर व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और क्षेत्रीय विकास को गति मिलने की उम्मीद है। सूरत-बिलिमोरा खंड, जो लगभग 47 किलोमीटर लंबा है, निर्माण के अंतिम चरण में है, जिसमें सिविल कार्य और ट्रैक बिछाने का काम पूरी तरह से पूरा हो चुका है। सूरत स्टेशन का डिज़ाइन शहर के विश्व-प्रसिद्ध हीरा उद्योग से प्रेरित है, जो इसकी भव्यता और कार्यक्षमता दोनों को दर्शाता है। स्टेशन को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें विशाल प्रतीक्षालय, शौचालय और खुदरा दुकानें शामिल हैं।

# अमित शाह फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 17 नवंबर (सोमवार) को हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ शामिल हैं। परिषद की इस बैठक में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। यह बैठक अंतर-राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा सरकार की मेज़बानी में आयोजित की जा रही है।

राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत उत्तरी क्षेत्रीय परिषद सहित 5 क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष हैं और हरियाणा के मुख्यमंत्री इसके उपाध्यक्ष हैं।

सदस्य राज्यों में से एक राज्य के मुख्यमंत्री, हर साल परिषद के उपाध्यक्ष होते हैं। इस क्षेत्रीय परिषद में उत्तरी क्षेत्र के प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री तथा दो वरिष्ठ मंत्री, और उत्तरी क्षेत्र के संघ राज्य क्षेत्रों के उप-राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं प्रशासक सदस्य हैं। क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है। राज्यों द्वारा प्रस्तावित मुद्दों को पहले क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के समक्ष चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिनमें विचार के बाद शेष बचे मुद्दों को क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विचार के लिए प्रस्तुत किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारी संघवाद के आधार पर टीम भारत की कल्पना देश के सामने रखी है और क्षेत्रीय परिषदें इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। क्षेत्रीय परिषदें मजबूत राज्य ही मजबूत राष्ट्र बनाते हैं की भावना से काम करती हैं। परिषदें दो या अधिक राज्यों अथवा केंद्र और राज्यों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर, संवाद और चर्चा के लिए एक व्यवस्थित तंत्र, तथा इसके जरिये आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए मंच प्रदान करती हैं। क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकारी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ये परिषदें विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ और सहयोग के स्वस्थ बंधन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कारक साबित हुई हैं। सभी राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से पिछले ग्यारह वर्षों में (जून 2014 से अब तक) विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों और इनकी स्थायी समितियों की कुल 63 बैठकें आयोजित हुईं है।

# भारत–रूस के बीच मास्को में व्यापार बैठक, 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य पर फोकस

एजेंसी

मास्को। भारत और रूस के बीच साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने मॉस्को में कई अहम बैठकें करएफटीए की प्रगति, व्यापार बढ़ाने के रास्ते, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने, गैर शुल्क बाधाएं घटाने, प्रमाणन और भुगतान सिस्टम जैसी सभी प्रमुख चुनौतियों पर बात की और आगे की कार्ययोजना तय की।

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार राजेश अग्रवाल ने यूरोशियन इकोनॉमिक कमीशन के व्यापार मंत्री एंड्री स्लेपनेव के साथ बातचीत में एफटीए के अगले कदमों पर समीक्षा की। दोनों देशों के बीच इसी साल 20 अगस्त को तय हुए टर्म्स ऑफ रेफरेंस के आधार पर 18 महीने की जो



कार्ययोजना बनायी गई थी, उसकी प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसानों, मछुआरों और एमएसएमई को नए बाजार उपलब्ध कराना है। दोनों पक्ष आगे की बातचीत में सेवाओं और निवेश को भी शामिल करेंगे। रूस के उद्योग और व्यापार उप मंत्री मिखाइल युरिन के साथ बैठक में व्यापार विविधीकरण बढ़ाने, महत्वपूर्ण खनिजों में साझेदारी करने और फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मशीनरी, चमड़ा, ऑटोमोबाइल और रसायन जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। साथ ही यह भी तय हुआ कि हर तिमाही प्रमाणन, कृषि और समुद्री उत्पादों की लिस्टिंग, बाजार में एकाधिकार रोकने और अन्य गैर शुल्क बाधाओं पर नियामक स्तर पर चर्चा की जाएगी। कंपनियों के लिए लॉजिस्टिक्स, भुगतान व्यवस्था और मानकों को आसान बनाने के उपायों पर भी बात हुई। भारतीय और रूसी कंपनियों के साथ नेटवर्किंग सत्र में वाणिज्य सचिव ने कारोबारियों से कहा कि वे अपनी योजनाओं को 2030 के व्यापार लक्ष्य के अनुरूप तैयार करें। उन्होंने भारत में लॉजिस्टिक्स सुधार, डिजिटल पब्लिक सिस्टम और संयुक्त निवेश व उत्पादन के अवसरों पर भी जोर दिया। दोनों देशों ने यह भी माना कि आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना, निर्यात बढ़ाना और बातचीत को ठोस समझौतों में बदलना आर्थिक विकास और रोजगार के लिए जरूरी है।

# डिजिटल कृषि मिशन 2.0–फ्रंटियर टेक्नोलॉजी से बदलेगी खेती की सूरत

एजेंसी

नयी दिल्ली। अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है तो कृषि को डेटा, नवाचार और तकनीक पर आधारित बनाना होगा। यह वास्तव में ''हर किसान तक तकनीक पहुँचाने'' की रूपरेखा है ताकि खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार हो सके।

इस डेटा और फ्रंटियर टेक्नोलॉजी से भारत के खेतीबाड़ी के काम में तकनीकी क्रांति आयेगी। ''डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन 2.0'' में किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना होगा। यह बात नीति आयोग की हाल ही जारी एक खास रिपोर्ट में कही गयी है।

'कृषि की पुनर्कल्पनाः फ्रंटियर टेक्नोलॉजी आधारित परिवर्तन हेतु एक रोडमैप' नामक यह रिपोर्ट भारत के कृषि क्षेत्र में बड़े तकनीकी बदलाव लाने की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। यह रोडमैप देश के 2047 तक ''विकसित भारत''के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाया गया है। इस रिपोर्ट ने यह भी कहा है कि केवल तकनीक अपनाने से नहीं, बल्कि उसे ''स्मार्ट तरीके से लागू और जोड़ने'' से असली बदलाव आएगा। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है इसलिए किसानों की आय बढ़ाना और पैदावार को बेहतर करना एक ऐसा जरूरी कदम है, जिस पर प्रगति जारी रखनी होगी। इस रास्ते में प्रमुख रुकावटें जलवायु परिवर्तन, सीमित भूमि, घटती उपज, तकनीकी असमानता, डेटा की कमी और वित्तीय बाधाओं की है। इसके अलावा मिट्टी और दूसरे प्रकार के डेटा की कमी, किसानों के भरोसे का अभाव, डिजिटल डिवाइड यानी तकनीकी को लेकर विभाजन, प्रतिभा की कमी, पूंजी की सीमाएं और नीति असंगति के कारकों को भारतीय कृषि के पिछड़ जाने के अहम बिंदु के रुप में देखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का कृषि क्षेत्र ऐसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है जो विकास और पैदावार में बाधा डालती हैं। देश के 86 प्रतिशत किसान छोटी जोत वाले हैं जिनके पास औसतन 0.74 हेक्टेयर भूमि है। खेती की प्रमुख चुनौतियों में कम पैदावार, छोटी जोत और जलवायु परिवर्तन के असर शामिल हैं। कटाई के बाद होने वाला नुकसान सालाना 18 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है, और कई किसानों के पास वित्त और प्रौद्योगिकी तक पहुँच का अभाव है। नीति आयोग की यह रिपोर्ट बताती है कि नई तकनीकें जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, सैटेलाइट इमेजिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, जैव-प्रौद्योगिकी और प्रिसिजन एग्रीकल्चर (सटीकता से कृषि) खेती को अधिक उत्पादक, टिकाऊ और लाभकारी बना सकती है। इन तकनीकों को खेती बाड़ी में इस्तेमाल को रिपोर्ट में 'डिजिटल कृषि मिशन 2.0' कहा गया है। यह मिशन तीन स्तंभों पर आधारित एक योजना है। इसमें पहला स्तंभ विस्तार का यानी संपूर्ण डेटा प्रणाली , डिजिटल सलाह, और एग्रीटेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने का है। दूसरा स्तंभ पुनःकल्पना करने यानी नई अनुसंधान नीति, उद्योग-अनुकूल शिक्षा, और प्रतिभा विकास को लेकर दोबारा से विचार करने का है और तीसरा स्तंभ कृषि के कामकाज के एकीकरण का बताया गया है जिसके अंतर्गत सरकारी और निजी क्षेत्र का सहयोग, नीति संवाद और तकनीकी नवाचार केंद्र या सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करना शामिल है।

# प्रेस की विश्वसनीयता की सुरक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : पीसीआई

नयी दिल्ली। भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) की अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई ने रविवार को कहा कि एआई युग में बढ़ते दुष्प्रचार के बीच नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए प्रेस की विश्वसनीयता की सुरक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पीसीआई अध्यक्ष ने यह बात यहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

न्यायमूर्ति देसाई ने इस वर्ष की थीम ऽ 'बढ़ते दुष्प्रचार के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की सुरक्षा' पर अपने संबोधन में कहा कि किसी लोकतांत्रिक देश के नागरिकों के लिए प्रेस आंख-कान के समान है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और पीसीआई की सचिव शुभा गुप्ता भी उपस्थित थीं।

# पेज एक का शेष

## वंचित वर्ग का उत्थान...

रावत, वीरा पासी) के इतिहास को जान सके और उससे प्रेरणा प्राप्त कर सके। सरकार इनके पुराने किलों के पुनरोद्धार के साथ ही इसे नौजवानों व वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र बिंदु बना रही है। हर क्रांतिकारी, बलिदानी के योगदान को सरकार ने बनाया पाठ्यक्रम मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर क्रांतिकारी, बलिदानी, भारत मां के सपूत के योगदान को पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बनाया है। बेसिक शिक्षा परिषद में बच्चों को एक अतिरिक्त पुस्तक उपलब्ध कराई गई है। इसमें स्थानीय, क्षेत्रीय व प्रदेश स्तर पर उन पाठ्यक्रमों को बढ़ाया गया है, जिससे वर्तमान पीढ़ी अलग-अलग कक्षाओं में महापुरुषों के बारे में जान सके। सरकार ने तीन महिला पीएसी बटालियन का किया गठन मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ पीएसी बटालियन का नाम वीरांगना ऊदा देवी के नाम पर रखा गया है। हमारी सरकार उनकी आदमकद प्रतिमा की स्थापना का कार्य कर रही है। गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई कोरी व बदायूं में गठित बटालियन का नाम वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम पर रखा है। इन वीरांगनाओं ने देश की आजादी की लड़ाई में नारी शक्ति के पराक्रम व शौर्य को दिखाते हुए फिरंगियों को धूल चटाया था। समाज की मुख्य धारा से कटी जाति पिछड़ जाती है मुख्यमंत्री ने विदेशी हुकूमत पर प्रहार किया और कहा कि उन्होंने क्रांति की हुंकार भरने के कारण मुख्य धारा से काटने के लिए समाज को अलग-थलग करके रख दिया था। समाज की मुख्य धारा से कटी जाति पिछड़ जाती है, यही स्थिति अनुसूचित व पासी समाज के साथ हुई। डबल इंजन सरकार लखनऊ में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के स्मारक व सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चला रही है। यहां अनुसूचित जाति के छात्रों के शोध और उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था करने जा रहे हैं। अतिथियों का स्वागत विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सांसद अशोक रावत, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक राजेश्वर सिंह, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, पवन सिंह चौहान, मुकेश शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## तेजस्वी ने हार...

को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उसकी हाय लग गई। सूत्रों के अनुसार, बहसबाजी के दौरान तेजस्वी ने रोहिणी से कहा, ''तुम्हारे कारण हम चुनाव हार गए, तुम्हारा हाय हम लोगों को लग गया।'' इसके बाद उन्होंने रोहिणी पर चप्पल भी फेंकीं। इस घटनाक्रम के बाद ही रोहिणी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट लिखा कि वह राजनीति छोड़ रही हैं और परिवार से भी नाता तोड़ रहीं। यही संजय और रमीज ने उनसे करने को कहा। मैं सारा दोष लेती हूं। इसके बाद रात में भी रोहिणी ने पत्रकारों से बात की और कहा कि मेरा कोई परिवार नहीं है, आप जाकर तेजस्वी, संजय और रमीज से पूछिए। वे ही हमें परिवार से निकाले हैं, क्योंकि उन्हें जिम्मेदारी नहीं लेनी है। पूरी दुनिया बोल रही है जो चाणक्य बनेगा, उसी से सवाल पूछेंगे। कार्यकर्ता चाणक्य से सवाल कर रही है कि पार्टी का यह हाल क्यों हुआ। जब संजय, रमीज का नाम लेंगे तो घर से निकाल दिया जाएगा, बदनाम किया जाएगा और चप्पल उठाकर मारा जाएगा।

## लालू को किडनी ...

के बेटे को ही बोले कि वो अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे। रोहिणी ने आगे कहा, 'सभी बहन बेटियां अपना घर परिवार देखें, अपने माता पिता की परवाह किए बिना अपने बच्चे, अपना काम, अपना ससुराल देखें, सिर्फ अपने बारे में सोचें. मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनो बच्चों को नहीं देखा, किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली अपने भगवान, अपने पिता को बचाने के लिए वो कर दिया जिसे आज गंदा बता दिया गया.. आप सब मेरे जैसी गलती कभी ना करे किसी घर रोहिणी जैसी बेटी ना हो। इससे पहले भी एक ट्वीट करके रहिणी ने कहा था कि एक बेटी, एक बहन, एक शादीशुदा महिला, एक मां को जलील किया गया और मारने के लिए चप्पल उठाई गई। उन्होंने कहा कि बेटी मजबूरी में अपने रोते हुए मां-बाप को छोड़ आई। मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया, मुझे अनाथ बना दिया गया। बता दें कि शनिवार को रोहिणी आचार्य ने संजय यादव और तेजस्वी यादव के करीबी रमीज नेमत पर परिवार तोड़ने का आरोप लगाते हुए फैमिली और पॉलिटिक्स छोड़ने का ऐलान कर दिया था।

## 34 प्रशिक्षु पीपीएस...

अनुभव राजर्षि को गाजीपुर, आकांक्षा गौतम को बिजनौर, शुभम वर्मा को शाहजहांपुर, अमित कुमार संतकबीरनगर, देशराज सिंह बलिया, दीपशिखा को झांसी से मेनपुरी, कुलदीप सिंह यादव को बिजनौर से बस्ती, अवनीश कुमार सिंह को एटा से इटावा, शशांक श्रीवास्तव को बुलन्दशहर में ही नई तैनाती, गौरव उपाध्याय को बदायूं से महोबा, विनी सिंह को देवरिया से उन्नाव, अपूर्वा पाण्डेय को एसीपी लखनऊ से यूपी-112 लखनऊ में डिप्टी एसपी बनाया गया है।

## विपक्ष के पास...

अमन पांडेय समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रालोद के राष्ट्रीय अधिवेशन में राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक प्रस्तावों पारित किए गए। पार्टी ने वैश्विक अशांति के मौजूदा दौर में अंतरराष्ट्रीय स्तर भारत की विश्वसनीयता कायम रखने के लिए केंद्र सरकार की प्रशंसा की गई। इसके अलावा मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करने की प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग का सहयोग करने पर सहमति जताई गई। वहीं एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया कि ?अमेरिकी टैरिफ के जवाब में आर्थिक संबंधों का विस्तार कर देश को आर्थिक संकट से बचाने के लिए केंद्र सरकार प्रशंसा की हकदार है। इसके अलावा राष्ट्रीय अधिवेशन में कृषि भूमि का विभाजन एवं पलायन रोकने के लिए ?युवाओं को गांव–कस्बे में ही रोजगार उपलब्ध कराने, उर्वरकों के ?अनियंत्रित उपयोग, फसलों के वि?विधीकरण को बढ़ावा देने की भी बात हुई।अधिवेशन में युवाओं के ?शारीरिक, मानसिक विकास एवं आर्थिक तरक्की के लिए खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ने की आयु 18 वर्ष करने और महिलाओं के लिए सामाजिक सम्मान एवं राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की गई है।

# विहिप ने रखी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला : त्रिवेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड के सेवा विभाग द्वारा संचालित व्यापक सेवा कार्यों के अंतर्गत आयोजित भव्य सेवा कुंभ का समापन आज संत-महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों के सान्निध्य में पूर्ण विधि-विधान के साथ हुआ। यह सेवा कुंभ केवल एक कार्यक्रम नहीं वरन समाज के सर्वांगीण उत्थान तथा राष्ट्र-निर्माण के संकल्प का सशक्त उद्घोष बनकर सामने आया। विहिप के सेवा विभाग द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन, संस्कार एवं समरसता के क्षेत्र में चलाए जा रहे कार्यक्रमों ने हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला रखी है। समाज के अभावग्रस्त, पिछड़े व उपेक्षित वर्गों तक सेवा पहुंचाकर विहिप ने यह सिद्ध किया है कि सेवा मात्र तात्कालिक समाधान नहीं,




बल्कि आत्मनिर्भर और सक्षम समाज की संरचना है। सेवा कुंभ में हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहाकि विश्व हिन्दू परिषद जिन संस्कार दीपों को प्रज्वलित कर समाज के अंधकार को दूर कर रही है, वह केवल सेवा कार्य नहीं, बल्कि भारत के भविष्य का आधार तैयार करने वाला राष्ट्रीय आन्दोलन है। उत्तराखण्ड में सेवा कार्यों की यह गति आने वाले वर्षों में समाज-परिवर्तन की निर्णायक धुरी बनेगी। आनंद हरबोला केंद्रीय सहमंत्री एवं केंद्रीय सहसेवा प्रमुख, विश्व हिन्दू परिषद ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का सेवा मॉडल उत्तराखण्ड में नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। सेवा कुंभ समाज में सजगता, संवेदना और संगठन की शक्ति को बढ़ाता है। हमारा उद्देश्य सबल समाज, संस्कारित समाज और समरस राष्ट्र यथार्थ रूप में साकार हो रहा है। अजय कुमार, प्रांत संगठन मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड, ने कहा कि सेवा कुंभ समाज सेवकों के लिए ऊर्ज़ा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का जीवंत मंच है। विहिप आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन आधारित समाज की स्थापना की दिशा में सतत कार्य कर रही है। हमारे प्रशिक्षण केंद्र और स्वावलम्बन परियोजनाएँ हजारों जीवन का भविष्य बदल रही हैं। सिमरनजीत कौर, न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार ने परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा विहिप के सेवा कार्य न केवल समाज को सशक्त कर रहे हैं बल्कि विधिक जागरूकता एवं समाजिक न्याय जैसे संवेदनशील विषयों में भी सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। सेवा विभाग का यह योगदान समाज को सुरक्षित, शिक्षित एवं जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने त्रिदेव सम्मेलन में कार्यकर्ता से किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज नजफगढ़ में आयोजित त्रिदेव सम्मेलन में दिचाऊं कलां क्षेत्र से पधारे त्रिदेव समान कार्यकर्ता से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली के गांव और देहात वर्षों तक विकास से उपेक्षित रहे। पिछली सरकारों ने न तो बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया और न ही ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी। लेकिन दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद हर गली, हर कॉलोनी और हर वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जनता के बीच जाकर इन्हीं विकास कार्यों की गति और प्रभाव को साझा करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के




नेतृत्व में हम विकसित दिल्ली के निर्माण के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में वार्ड नंबर 128 से रेखा रानी को विजयी बनाकर हमें नजफगढ़ और दिचाऊं कलां क्षेत्र के विकास को नई गति देनी है। इस अवसर पर सांसद कमलजीत सेहरावत, विधायक नीलम कृष्ण पहलवान, अभय वर्मा, पूर्व मेयर बिपिन बिहारी सिंह, नजफगढ़ जिलाध्यक्ष राज शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पंजाब: फिरोजपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के फिरोजपुर में अज्ञात नकाबपोश हमलावरों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात उस समय की है, जब संघ कार्यकर्ता नवीन अरोड़ा अपनी दुकान से घर जा रहे थे। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ कई दशकों से जुड़े बलदेव राज अरोड़ा के पुत्र नवीन अरोड़ा की फिरोजपुर के मुख्य बाजार में मनियारी की दुकान है। रोजाना की तरह शनिवार रात जब वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे तो रास्ते में अज्ञात युवकों ने नवीन को घेरकर गोली मार दी। गोली नवीन के सिर में लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने नवीन को फिरोजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। एसएसपी भूपेंद्र सिंह तथा विधायक रणवीर सिंह ने भी आज सुबह घटनास्थल का दौरा किया और मृतक के परिजनों से बातचीत



की। एसएसपी ने बताया की पुलिस ने पूरे क्षेत्र से सीसीटीवी की फुटेज को कब्जे में ले लिया है और हमलावरों की पहचान की जा रही है। बहुत जल्द आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रारंभिक जांच में यह मामला अराजकता फैलाने वाला प्रतीत हो रहा है। हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम में काम कर रही हैं। मृतक नवीन अरोड़ा के दादा स्वर्गीय दीनानाथ अरोड़ा पंजाब के प्रमुख संघ कार्यकर्ताओं में से एक रहे हैं।

उन्होंने आजादी के समय पंजाब के सीमावर्ती जिलों में शाखा का संचालन शुरू करवाया।

# जनजातीय गौरव दिवस पर लखनऊ में छह दिवसीय मुखौटे प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहरसा। शहर के मत्स्यगंधा स्थित वैदेही कला संग्रहालय सहरसा के सहयोग से उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान लखनऊ 13-18 नवंबर के बीच जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर छह दिवसीय मुखौटे प्रदर्शनी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित है प्रदर्शनी की परिकल्पना तथा संयोजन प्रो. ओम प्रकाश भारती द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी के संयोजक प्रो भारती ने कहा जनजातीय मुखौटे जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। इनका अभिप्राय मुख्य रूप से आध्यात्मिक,रक्षात्मक और सामुदायिक पहचान से जुड़ा होता है।ये मुखौटे केवल सजावट के साधन नहीं,बल्कि पूर्वजों की आत्माओं, देवताओं, प्रकृति की शक्तियों या पौराणिक चरित्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जनजातीय संस्कृति में इन्हें नृत्यों, उत्सवों, नाट्य प्रदर्शनों और पूजा-अनुष्ठानों में उपयोग किया जाता है, जो समुदाय को बुरी शक्तियों से बचाने,



फसल की अच्छी पैदावार सुनिश्चित करने, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का कार्य करते हैं।उदाहरणस्वरूप ये मुखौटे पूर्वजों की स्मृति को उजागर करते हुए जनजातीय समाज का सांस्कृतिक पहचान है। भारत के विभिन्न जनजातीय समुदायों में, जैसे मध्य प्रदेश की आदिवासी जनजातियों में, इन्हें नवरात्रि के दौरान देवी के रूप में पूजा जाता है।जबकि बस्तर की मुरिया जनजाति इन्हें छेरता उत्सव में आनुष्ठानिक नृत्यों के लिए बनाती है। कुल मिलाकर,ये मुखौटे प्रकृति,आस्था और सामुदायिक एकता के माध्यम से आदिवासी जीवन की आधारशिला को प्रतिबिंबित करते हैं।जनजातीय मुखौटों की विशेषताएं उनकी सामग्री,डिजाइन,रंगों और उपयोगिता में निहित हैं, जो स्थानीय संसाधनों और सांस्कृतिक आवश्यकताओं पर आधारित होती हैं। ये मुखौटे आमतौर पर प्राकृतिक सामग्रियों से बनाए जाते हैं, जैसे मिट्टी, लकड़ी, कागज माचे, नारियल के छिलके, आरी का धूल, इमली का पेस्ट, मोम, रेजिन, बांस, कपास और कपड़ा। कुछ क्षेत्रों में धातु (जैसे कांस्य या पीतल) का उपयोग लॉस्ट वैक्स तकनीक से किया जाता है। रंग प्राकृतिक रंगों (पौधों और खनिजों से) से प्राप्त होते हैं, जैसे नारंगी, सफ़ेद, पीला, लाल और काला,जो जीवंत और विपरीत प्रभाव पैदा करते हैं। डिजाइन की दृष्टि से, इनमें अतिरंजित विशेषताएं होती हैं,जैसे बड़े-बड़े आंखें, होंठ, नाक, भौंहें, दांत और दाढ़ी, जो नाटकीय प्रभाव के लिए बनाई जाती हैं।ये मुखौटे पौराणिक, जनजातीय या प्राकृतिक प्रतीकों से सजे होते हैं और निर्माण प्रक्रिया में मोल्डिंग,सुखाना, सजाना,चिकना करना और चित्रण शामिल होता है। ये हल्के और टिकाऊ होते हैं ताकि नृत्य या प्रदर्शन के दौरान आसानी से पहने जा सकें।प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा अरुण असीम, समाज कल्याण मंत्री,उत्तर प्रदेश सरकार का पदार्पण हुआ उन्होंने प्रदर्शनी की तारीफ की।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच ने पारदी गैंग के दो कुख्यात अपराधी दबोचे

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इंटरस्टेट पारदी गैंग के दो वांछित आरोपित अरुण पारदी और टेगा पारदी को गिरफ्तार किया है। दोनों पर मध्य प्रदेश पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपित हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट और रात में घरों में सेंधमारी जैसे 60 से अधिक संगीन मामलों में वांछित थे। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि पिछले दिनों दक्षिण दिल्ली के नेब सराय, हौज खास और मालवीय नगर इलाके में हुई नाइट हाउस बर्गलरी की घटनाओं में पारदी गैंग की संलिप्तता सामने आई थी। इसी सिलसिले में क्राइम ब्रांच की टीम को उनकी तलाश में लगाया गया। 14 नवंबर को सूचना मिली कि दोनों आरोपित द्वारका के शाहबाद रेलवे स्टेशन के पास अपने एक साथी से मिलने पहुंचने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने वहां दबिश दी और दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एक संगठित इंटरस्टेट गैंग के सदस्य हैं, जो एमपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में सक्रिय है।

## दिल्ली मेट्रो साइट से 15 लाख की कॉपर केबल चोरी, दो आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सदर बाजार थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन से चोरी हुई करीब 1200 मीटर कॉपर केबल (कीमत लगभग 15 लाख रुपये) की वारदात का खुलासा कर दिया। पुलिस ने क्रेन ऑपरेटर रंधीर सिंह और मजदूर पंकज कुमार को गिरफ्तार कर पूरी चोरी की गई केबल बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपित उसी साइट पर काम करते थे। रंधीर सिंह हार्डकोर अपराधी है और पंजाब में हत्या सहित राजस्थान में एटीएम चोरी जैसे मामलों में पहले भी शामिल रहा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दोनों आरोपित ट्रक में कॉपर केबल लोड करते नजर आए। तकनीकी निगरानी से रंधीर का लोकेशन अमृतसर मिला, जहां से उसे 8 नवंबर को दबोचा गया। उसकी निशानदेही पर पंकज को साइट से ही गिरफ़्तार कर लिया गया और चोरी का पूरा माल भलस्वा डेयरी क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में रंधीर ने बताया कि वह नशे का आदी है और आर्थिक तंगी के कारण उसने चोरी की योजना बनाई थी। उसे पता था कि साइट पर पड़े महंगे कॉपर केबल की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सिर्फ 7 दिन तक रहती है। इसी का फायदा उठाकर दोनों ने 2 नवंबर की रात चोरी को अंजाम दिया और ट्रक से केबल हटाकर छुपा दिया। दो दिन बाद जब केबल की जरूरत पड़ी तो चोरी का खुलासा हुआ और मामला दर्ज होते ही पुलिस ने तेजी से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

# नवनिर्वाचित विधायक मनोज विश्वास ने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात कर मदद का दिलाया भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज प्रखंड के अड़राहा पंचायत के वार्ड संख्या 05 में शनिवार को हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के तीन घर जलकर राख हो गया,जिसकी जानकारी मिलने के बाद रविवार को नव निर्वाचित विधायक मनोज विश्वास पीड़ित परिवार से मुलाकात करने गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। अड़राहा पंचायत के वार्ड संख्या 05 में शनिवार को दयानंद ऋषिदेव के घर में अचानक आग लग गई थी,जो देखते ही देखते तीनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा कीमती सामान, फर्नीचर, जेवर, महत्वपूर्ण



कागजात एवं लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद सहित करीब सात लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान होने की बात कही जा रही है। घटना के समय घर में मौजूद रीता देवी ने सूझबूझ दिखाते हुए शोर मचाया, जिसके बाद आस-पास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक परिवार का सब कुछ जल चुका था। घटना की सूचना मिलते ही नवनिर्वाचित विधायक मनोज विश्वास रविवार को घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारियों से बात कर तत्काल राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक मनोज विश्वास ने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता और आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक मनोज विश्वास के साथ मौके पर पहुँचे जनप्रतिनिधियों में पूर्व मुखिया अरुण यादव, पैक्स अध्यक्ष रंजन मंडल, सरपंच दिलीप यादव, मनोज मेहता सहित कई स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

# एमसीडी उपचुनावों को लेकर दिल्ली भाजपा कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली कार्यालय में रविवार को 30 नवंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों के उपचुनावों की तैयारियों की समीक्षा बैठक




आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा,केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा सहित दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कहा कि आगामी दिल्ली नगर निगम उपचुनावों को लेकर आज प्रदेश कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा संगठन अपनी प्रतिबद्धता, अनुशासन और सेवा भाव के साथ दिल्ली में पुनः विजय का परचम लहराकर जनसेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## बिहार में आदर्श सरकार बनें जो पूरे देश में एकता भाईचारे का संदेश दे सकें : अनिल कुमार साहा

सहरसा। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री संगठन सह प्रभारी पूर्णिया, कोशी एवं भागलपुर प्रमंडल के अनिल कुमार साहा ने एनडीए सरकार के प्रचंड बहुमत मिलने पर हर्ष व्यक्त कर मुख्यमंत्री के प्रति बधाई व शुभकामना जताई है।उन्होने कहा कि बिहार में ऐसी सरकार बनें जो आपसी विश्वास व भाईचारे का संदेश दे।बिहार सरकार के विगत 20 वर्षों से मुख्यमंत्री के पद पर सुशोभित बिहार की जनता के अभिभावक को संदेश पहुंचाने का प्रयास किया है। साहा ने नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि वह राजनीतिक जीवन के अपने अंतिम समय में बिहार में एक ऐसी सरकार का गठन करें,जिससे बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाईचारे का संसार स्थापित हो सके। ज्ञात हो कि बिहार विभूतियां की धरती रही है। बिहार के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जैसे विभूति इस देश के राष्ट्रपति हुआ करते थे।बिहार में जननायक कर्पूरी ठाकुर का यह बिहार है। बिहार लोकनायक जयप्रकाश नारायण का बिहार है और इन्ही के पद चिन्ह पर चलकर के बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री विकास पुरुष ने बिहार में जो अपने क्रियाकलाप से बिहार सरकार को एक स्वच्छ शासन भय मुक्त शासन भाईचारे का शासन देने का काम किया।

# रोहिणी के स्पा में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश छह नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के रोहिणी के एक शापिंग मॉल में चल रहे स्पा सेंटर पर मारे गए छापे में 14 से 17 साल की उम्र की छह नाबालिग लड़कियां मुक्त कराया गया है। इन लड़कियों से जबरन वेश्यावृत्ति कराई जा रही थी। एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) की सूचना पर उत्तरी क्षेत्र के संयुक्त पुलिस आयुक्त ने रोहिणी के स्पेशल स्टाफ के साथ संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की। कार्रवाई में एवीए और बाल विकास धारा जैसे गैरसरकारी संगठन भी शामिल थे। इस कार्रवाई में तीन ग्राहकों और स्पा सेंटर के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया। जबकि पांच बालिग महिलाओं को भी मुक्त कराया गया। दक्षिणी रोहिणी पुलिस थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई। मुक्त कराई गई लड़कियां उप्र और पश्चिम बंगाल की है। अधिकारियों ने बताया कि लड़कियों ने स्पा में नौकरी के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल 'वर्क इंडिया' के जरिए आवेदन किया था। जांच व पूछताछ के दौरान खुद के 18 साल से ज्यादा उम्र की होने का दावा करने वाली एक लड़की के पास कई आधार कार्ड बरामद हुए। इससे यह आशंका जाहिर की जा रही है कि इसके पीछे कोई अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिकिंग गिरोह है जो इन पोर्टलों की आड़ में अपना धंधा चला रहा है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार, झारखंड, पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल के साथ पड़ोसी देशों से भी बहुत से कमजोर परिवारों के बच्चों को महानगरों में लाकर देह व्यापार में धकेल दिया गया। एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन ने संदेह के आधार पर मंगलम पैलेस में 'क्रिस्टल ब्यूटी स्पा सेंटर' की छानबीन शुरू की और पाया कि इसकी आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा था और पड़ोसी राज्यों से ट्रैफिकिंग के जरिए लाई गई नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार कराया जाता था। छानबीन करने गई टीम ने पाया कि एक बिचौलिया खुलेआम नाबालिग लड़कियां मुहैया कराने के लिए 7500 रुपये मांग रहा था। एवीए ने तुरंत उत्तरी क्षेत्र के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह को इस बाबत सतर्क किया जिन्होंने तत्काल छापे की कार्रवाई शुरू की। इसकी प्रक्रिया और समन्वय के बारे में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के वरिष्ठ निदेशक मनीष शर्मा ने कहा, संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह की त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई यह दिखाती है कि जब सिस्टम दृढ़ विश्वास के साथ काम करता है, तो क्या-कुछ संभव है।

## हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए सारण पुलिस की तैयारी तेज

**सारण।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के सफल एवं सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए सारण पुलिस ने कमर कस ली है। इसी क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के नेतृत्व में मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम के साथ मेला परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार, भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र, यातायात रूट, पार्किंग स्थल, और गंगा गंडक के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन शामिल रहा। इसके अतिरिक्त मेला ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए स्थापित अस्थायी पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों के लिए रहने-खाने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की और सुधार के लिए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को मेला अवधि के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए जिसमें निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के लिए डायवर्जन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना,महिलाओं की सुरक्षा के लिए एंटी-रोमियो टीम की तैनाती, मेला क्षेत्र में रात्रि गश्ती को सुदृढ़ करना, अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक मजबूत बनाना, भीड़भाड़ वाले समय में अतिरिक्त बल की तैनाती और एम्बुलेंस की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063